खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 20°C

मुरादाबाद, शनिवार 4 अक्टूबर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 50 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 11 रबी उल सानी 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



एनसीआरबी की रिपोर्ट पर अखिलेश यादव ने उठाए सवाल पेज 2



अहमदाबाद टेस्ट में केएल राहुल, जुरेल और जडेजा ने जड़े शतक खेल टाइम्स



पशुओं के साथ सुसंस्कृत बने जीवन की सभ्यता सम्पादकीय



अमेरिकी दबाव के आगे भारत नहीं झुकेगा: पुतिन पेज 12

## चैतन्यानंद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**नई दिल्ली।** छात्राओं के यौन शोषण का आरोपी स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी को पटियाला हाउस कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। चैतन्यानंद की पांच दिन की पुलिस हिरासत शुक्रवार को खत्म हो गई थी। जिसके बाद दिल्ली पुलिस उसे पटियाला हाउस कोर्ट लेकर पहुंची थी। वहीं, कोर्ट ने चैतन्यानंद ने 3 आवेदनों पर पुलिस से जवाब मांगा है। इसमें उसकी चीजों की सूची, केस की जानकारी, संन्यासी के खाने-पीने, कपड़े, दवाइयां और किताबें देने की बात शामिल है। इधर, दिल्ली पुलिस ने चैतन्यानंद की तीन करीबी महिला सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में महिला सहयोगियों ने माना कि उन्होंने चैतन्यानंद के कहने पर छात्राओं पर दबाव बनाया। एक रिपोर्ट के अनुसार, गिरफ्तार महिलाओं में श्री शारदा इंस्टीट्यूट की श्वेता शर्मा (एसोसिएट डीन), भावना कपिल (एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर) और काजल (सीनियर फैकल्टी) शामिल हैं। इन तीनों पर अपराध में बाबा का सहयोग, शिकायतकर्ताओं को धमकाने और सबूत नष्ट करने के आरोप हैं।

## कृषि स्नातक की प्रवेश परीक्षा में पात्रता के नियम बदले

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कृषि शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा फैसला करते हुए कहा है कि 12वीं में जीव विज्ञान, रसायन, भौतिकी, गणित या कृषि विषय से पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी समान रूप से स्नातक प्रवेश परीक्षा दे सकेंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी देते हुए कहा कि 'एक देश-एक कृषि-एक टीम' की भावना के अनुरूप, देश भर के छात्रों के लिए पात्रता मानदंड एवं विषय समूह को एक समान कर दिया गया है, जिससे अब छात्र राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी - आईसीएआर) के जरिये सीधे-पारदर्शी तरीके से कृषि पाठ्यक्रम में दाखिला ले सकेंगे। इसके अलावा कृषि विश्वविद्यालयों की 20 प्रतिशत स्नातक सीटें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा आयोजित अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से भरी जाएंगी।

## उत्तरकाशी की पुरोला तहसील क्षेत्र में भूकम्प के झटके

**देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जनपद की पुरोला तहसील अंतर्गत, ग्रामीण क्षेत्र में गुरुवार-शुक्रवार मध्य रात्रि भूकम्प के हल्के झटके महसूस किए गए। इस दौरान, किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। जनपद आपदा परिचालन केंद्र ने बताया कि समय रात एक बजकर 42 मिनट पर तहसील पुरोला के ग्राम गुन्दियाटगांव एवं महरगांव क्षेत्रान्तर्गत, भूकम्प के हल्के झटके महसूस किए गए। भूकम्प की तीव्रता रिएक्टर पैमाने पर 2.1 दर्ज की गई। भूकम्प की गहराई सतह से पांच किमी नीचे और इसका केन्द्र ग्राम गुन्दियाटगांव एवं डोखरीयानी के मध्य स्यालुका में था।

# ग्लोबल झटकों को झेल सकता है भारत: सीतारमण

शाह टाइम्स ब्यूरो




**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मौजूदा ग्लोबल उथल-पुथल का भारत की जीडीपी ग्रोथ पर सीमित प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत बाहरी दबाव सहने और व्यापार-ऊर्जा असंतुलन से निपटने में सक्षम है। सीतारमण ने बताया कि भारत का टारगेट 2047 तक डेवलप्ड इकोनॉमी बनना है।

विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 8 फीसदी की ग्रोथ रेट की जरूरत है। शुक्रवार को नई दिल्ली में चौथे कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव (केईसी) का उद्घाटन करते हुए वित्त मंत्री ने यह बात कही। सीतारमण ने कहा कि भारत की इकोनॉमिक ग्रोथ की रीढ़ डोमेस्टिक फैक्टर्स यानी घरेलू कारक हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रही है। जिसे वे एक टेम्परری डिसरप्शन यानी रुकावट के बजाय स्ट्रक्चरल बदलाव मानती हैं। सीतारमण ने कहा कि भारत का टारगेट 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनना है। साथ ही आत्मनिर्भरता को मजबूत करना है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि आत्मनिर्भरता का मतलब क्लोज्ड इकोनॉमी यानी बंद अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ना नहीं है। विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 8 फीसदी की ग्रोथ रेट की जरूरत है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में हुई एमपीसी की मीटिंग में देश की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.5 फीसदी से बढ़ाकर 6.8 फीसदी किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि ग्लोबल सिस्टम यानी वैश्विक व्यवस्था बदल रही है और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूशंस अब वर्ल्ड कम्युनिटी का भरोसा खो रही हैं। हाल की जी-20 मीटिंग का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि एक्सपर्ट्स ने इन इंस्टीट्यूशंस में सुधार की जरूरत पर चर्चा की, ताकि वैश्विक स्थिरता बहाल हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नियमों को नए सिरे से लिखा जा रहा है और सामने आने वाली चुनौतियां बहुत बड़ी हैं। नया ग्लोबल बैलेंस कई कारकों को ध्यान में रखकर बनाना होगा।

# वांगचुक की हिरासत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत गिरफ्तार सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो ने उनकी रिहाई के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

श्रीमती अंगमो ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका गुरुवार को दायर कर अपने पति की गिरफ्तारी को अवैध बताया है। उन्होंने अपनी याचिका में अपने पति पर एनएसए लगाने पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि उनकी गिरफ्तारी अवैध और नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने यह भी कहा कि गिरफ्तारी के बाद उनके पति से कोई संपर्क नहीं हो पाया।

**■ वांगचुक की पत्नी गीतांजलि ने याचिका दायर की**

# भारतीय जेट गिराने के दावे 'मनोहर कहानियां' : एपी सिंह

## आईएएफ चीफ ने कहा: पाकिस्तान के पास अगर सबूत हैं, तो दिखाए

शाह टाइम्स ब्यूरो




**नई दिल्ली।** वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल एपी सिंह ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान की तरफ से भारत के जेट गिराने के दावे सिर्फ मनोहर कहानियां जैसे हैं। अगर उनके पास कोई सबूत हैं, तो दिखाएं।

भारत ने उनके पांच फाइटर जेट तबाह किए हैं, जिसमें एफ-16 और जे-17 भी शामिल हैं। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एपी सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 300 किमी अंदर घुसकर हमला किया। पहलगाम अटैक के बाद हमने तय किया कि उन्हें इसकी कीमत चुकानी ही होगी। सेना को खुली छूट दी गई थी। हमने सटीकता से हमला किया। बाद में पाकिस्तान खुद युद्धविराम के लिए आगे आया। यह दूसरी बार है, जब एयरफोर्स चीफ ने पाकिस्तान के हुए नुकसान की जानकारी दी। इससे पहले 9 अगस्त को उन्होंने बताया था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 5 लड़ाकू विमान गिराए गए थे। इसके अलावा एक सर्विलांस एयरक्राफ्ट को लगभग 300 किलोमीटर की दूरी से मार गिराया। यह सतह से हवा में टारगेट हिटिंग का अभी तक का रिकॉर्ड है। एयरफोर्स चीफ ने कहा कि अगर उन्हें लगता है कि उन्होंने हमारे (भारत) 15 जेट मार गिराए हैं, तो उन्हें सोचने दीजिए। मैं इसके बारे में बात क्यों करूं? आज भी, मैं इस बारे में कुछ नहीं कहूंगा कि क्या हुआ, कितना नुकसान हुआ, कैसे हुआ, क्योंकि उन्हें पता करने दीजिए। क्या आपने एक भी तस्वीर देखी है जहां हमारे किसी एयरबेस पर कुछ गिरा हो, हमें कोई टक्कर लगी हो, कोई हैंगर तबाह हुआ हो, या ऐसा कुछ? हमने उन्हें उनकी जगहों की इतनी सारी तस्वीरें दिखाईं। लेकिन, वे हमें एक भी तस्वीर नहीं दिखा पाए। ये उनकी 'मनोहर कहानियां' है। उन्हें खुश रहने दीजिए, आखिरकार, उन्हें भी अपनी इज्जत बचाने के लिए अपने लोगों को कुछ तो दिखाना ही है। मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। जहां तक पाकिस्तान के नुकसान का सवाल है। हमने बड़ी संख्या में उनके हवाई अड्डों और प्रतिष्ठानों पर हमला किया। इन हमलों के कारण, कम से कम चार स्थानों पर रडार, दो स्थानों पर कमांड और कंट्रोल सेंटर, दो जगह पर रनवे क्षतिग्रस्त हो गए। इसके अलावा तीन हैंगर भी नष्ट किए और कम से कम 4 से 5 लड़ाकू विमान भी तबाह किए गए। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में आतंकियों के नए अड्डे बनाने- की खबरों पर एपी सिंह ने कहा, जाहिर है, यह होना ही था।

**■ सेना ने पाकिस्तान में 300 किमी अंदर घुसकर हमला किया था**

**भारत ने पाक के एफ-16 और जे-17 गिराए**

## दुनिया के नक्शे में रहना है, तो आतंकवाद रोके पाक: सेना प्रमुख



**जयपुर/श्रीगंगानगर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ में शुक्रवार को सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि यदि पाकिस्तान विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है, तो उसे अपनी धरती पर आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा। जनरल द्विवेदी ने सैनिकों को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट किया कि भारत अब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाए गए संयम को दोहराएगा नहीं। सेना प्रमुख ने सैनिकों से पूरी तरह तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा कि अब अपने आप को पूरी तरह तैयार रखें, यदि भगवान ने चाहा, तो मौका जल्द आएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत इस बार पहले जैसा संयम नहीं दिखाएगा और ऐसी कार्रवाई करेगा, जो पाकिस्तान को अपनी स्थिति पर विचार करने के लिए मजबूर कर दे।

# भारत ने बांग्लादेश के आरोप किए खारिज

## कहा: वहां की अंतरिम सरकार कानून व्यवस्था संभालने में विफल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश के चटगांव पर्वतीय क्षेत्र में अल्पसंख्यकों पर हुई हिंसा के लिए उसे जिम्मेदार ठहराने वाले बांग्लादेश के आरोपों को झूठे और निराधार बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया है और कहा है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल वहां की अंतरिम सरकार अपनी आदत के अनुसार इसका दोष किसी ओर पर मढ़ना चाह रही है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां मीडिया ब्रीफिंग में इस संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को चटगांव पर्वतीय क्षेत्र में अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा, आगजनी और जमीन हड़पने वाले स्थानीय चरमपंथियों की गतिविधियों की गंभीरता से जांच करनी चाहिए। प्रवक्ता ने कहा कि हम इन झूठे और निराधार आरोपों को सिरे से खारिज करते हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार और हमने इस बारे में कई मौकों पर बात की है, अंतरिम सरकार देश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में असमर्थ है और उसे बार-बार दोष किसी और पर मढ़ने की आदत है।

### अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार के संपर्क में है भारत: विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी की भारत यात्रा की खबरों पर विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार के साथ बातचीत करता रहा है और अब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समिति ने श्री मुत्तकी को अगले सप्ताह भारत यात्रा पर आने की छूट दे दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को मीडिया ब्रीफिंग में इससे संबंधित सवालों के जवाब में कहा कि आप सभी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समिति द्वारा अफ़ग़ानिस्तान के विदेश मंत्री की 9 से 16 अक्टूबर तक नई दिल्ली यात्रा के लिए दी गई छूट देखी होगी। हम आपको इस संबंध में जानकारी देते रहेंगे। प्रवक्ता ने कहा कि हम अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं।

## पोंजी स्कीम मामले में ईडी ने की 61.53 लाख रुपये की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** ईडी पणजी क्षेत्रीय कार्यालय ने हाल ही में रंगगीता एंटरप्राइजेज से जुड़े मामले में गोहिल जयकुमार और अन्य संबद्ध लोगों की विभिन्न तरह की चल और अचल संपत्ति कुर्क की है। इनमें 61.53 लाख रुपये मूल्य के दो आवासीय फ्लैट, एक सावधि जमा और इक्विटी शेयरों के रूप में अन्य चल और अचल संपत्तियां शामिल हैं। ईडी ने गोवा पुलिस के आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ द्वारा गोहिल और अन्य के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर पीएमएलए जांच शुरू की।

# कश्मीर में सीजन की पहली बर्फबारी



**नई दिल्ली।** कश्मीर में शुक्रवार को सीजन की पहली बर्फबारी हुई।

गुलमर्ग, सोनमर्ग और गुरेज में पहाड़ों की चोटियां सफेद हो गई हैं। एक तरफ ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई, तो श्रीनगर सहित अन्य मैदानी इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने गुरुवार को कहा था कि जम्मू-कश्मीर में 5-7 अक्टूबर तक भारी बारिश और बर्फबारी का अनुमान है। हालांकि, इससे पहले ही बर्फबारी और बारिश हो गई। इससे पर्यटकों में उत्साह देखा गया। स्थानीय लोगों के बीच त्योहार जैसा माहौल हो गया है।

# देश में बाल-विवाह में छह गुना इजाफा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में बाल विवाह रोकने के लिए सख्त कानून होने के बावजूद हालात चिंताजनक होते जा रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2023 में बाल विवाह के मामले 2022 की तुलना में छह गुना बढ़ गए।

रिपोर्ट बताती है कि साल 2023 में 6,038 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2022 में केवल 1,002 और 2021 में 1,050 मामले दर्ज हुए थे। इस तरह तीन सालों में बाल विवाह से जुड़े मामलों में अचानक बड़ी बढ़ोतरी देखी गई है। सबसे ज्यादा मामले असम में दर्ज हुए, जहां अकेले 5,267 केस सामने आए। यह पूरे देश में दर्ज कुल मामलों का करीब 90 फीसदी है। इसके अलावा, तमिलनाडु में 174, कर्नाटक में 145 और पश्चिम बंगाल में 118 मामले दर्ज हुए। वहीं, छत्तीसगढ़, नागालैंड, लद्दाख और लक्षद्वीप में साल 2023 में एक भी केस दर्ज नहीं हुआ। एनसीआरबी रिपोर्ट के मुताबिक, बाल विवाह के लिए 16,737 लड़कियों और 129 लड़कों का अपहरण किया गया। इस रिपोर्ट के आने के बाद विशेषज्ञों का कहना है कि ये डेटा बताता है कि बाल विवाह के खिलाफ कानून होने के बावजूद जमीनी स्तर पर अभी भी जागरूकता और सख्त कार्रवाई की जरूरत है। दुनिया के एक तिहाई बाल विवाह भारत में होते हैं। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 साल से कम उम्र की लड़की और 21 साल से कम उम्र के लड़के का विवाह करना प्रतिबंधित है। इतना ही नहीं, जो लोग शादी करवाते हैं या उसमें मदद करते हैं, उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाती है। 26 सितम्बर को संयुक्त राष्ट्र आम सभा के दौरान एक कार्यक्रम में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की रिपोर्ट 'टिपिंग पाइंट टू जीरो: एविडेंस टुवर्ड्स ए चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया' जारी की गई थी। इसमें दावा किया गया था कि भारत ने बाल विवाह रोकथाम में बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। रिपोर्ट में बताया गया था कि 2023 से अब तक 4 लाख बाल विवाह रोके गए हैं। बाल विवाह निरोधक कानून बनने के बाद यह सबसे बड़ी संख्या है। दरअसल, 2023 में संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा था कि इस रफ्तार से यह कुरीति खत्म करने में 300 साल लग जाएंगे।

**असम में सबसे ज्यादा केस, शादी के लिए 16 हजार से ज्यादा लड़कियों का हुआ अपहरण**



Global HR Solutions
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## संक्षिप्त समाचार

### उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के स्टाफ पर हमला, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के स्टाफ पर क्राइम ब्रांच में तैनात इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह और उनके बेटों ने हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर गोमतीनगर विस्तार थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के मुता. बिक यह घटना बीती रात करीब नौ बजे हुई। उपमुख्यमंत्री कार्यालय में तैनात लैब असिस्टेंट रवींद्र शुक्ला अपनी कार से परिवार के साथ लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी गाड़ी की टक्कर इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह की कार से हो गई। गाड़ी टकराने के बाद शुरू हुआ विवाद इंस्पेक्टर के घर तक पहुंचा। आरोप है कि अनिल कुमार सिंह अपने बेटों के साथ मिलकर रवींद्र से गाली-गलौज करने लगे और मारपीट की।

### जल्द ही अपना राजनीतिक काम शुरू करेंगे खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे अब स्वस्थ हो गए हैं और जल्द ही पार्टी की गतिविधियों के काम में लग जाएंगे। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार खड़गे अब बिल्कुल स्वस्थ हैं और वह पहले की तरह पार्टी के काम में सक्रिय हो जाएंगे। डॉक्टरों ने उनको गुरुवार शाम को अस्पताल से छुटी दे दी थी। वह बेंगलुरु में मंगलवार से गुरुवार तक डॉक्टरों की देख-देख में रहे। पार्टी ने उनके स्वस्थ होने को लेकर यहां एक बयान में शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को अस्पताल से छुट्टी मिल गयी है। वह स्वस्थ हैं और सभी को शुभकामना देने के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मेरा इरादा जल्द ही अपना काम शुरू करने का है।

### आगरा में मूर्ति विसर्जन के दौरान भीषण हादसा

# नदी में डूबे 13 युवक, पांच लाशें निकाली गईं

आगरा, वार्ता



■ बुलाई गई सेना, अब तक भी आठ का पता नहीं चल सका

आगरा के खेरागढ़ स्थित उटंगन नदी में मां दुर्गा की मूर्ति विसर्जन करने के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया। गांव कुसियापुर डूगरवाला के 13 युवक गहरे पानी में डूब गए। हादसे से अफरा-तफरी मच गई।

ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद एक युवक विष्णु को बचा लिया। डेढ़ घंटे बाद पुलिस की मदद से दो युवकों ओमपाल और गगन के शव निकाले गए, जबकि देर रात एक अन्य किशोर मनोज का शव मिल गया। इसके बाद दो अन्य युवकों की लाशें भी शुक्रवार सुबह बाहर निकाल ली गईं। अब भी आठ का पता नहीं चल सका है। अब अन्य की तलाश के लिए सेना को बुलाया गया है। खेरागढ़ में मूर्ति विसर्जन करते डूबे एक और युवक भगवती का शव बरामद कर लिया गया। इसे देखकर मृतक परिवार में कोहराम मच गया। उटांगन नदी में विसर्जन करते समय 13 युवक और किशोर डूब गए थे। उन्हें निकालने के लिए रात भर आपरेशन चलता रहा। पुलिस और प्रशासन की टीम के साथ एसडीआरफ लगी रही।

अब तक चार के शव बरामद कर लिए गए है। ग्रामीण घटना स्थल पर मौजूद हैं। रात में गुस्सा आए लोगों ने एसडीएम की गाड़ी को भेज दिया उसके शीशे तोड़ दिया सुबह आप पर पुलिस आयुक्त रामबदन सिंह ने मोर्चा संभाला। लोगों को माइक से अनाउंस कर कहा कि वह संयम बरतें। पुलिस को अपना काम करने दें। कोई पानी की तरफ ना जाए, जिससे किसी तरह का हादसा हो। उधर रात भर गांव में करुण क्रंदन गूंजता रहा। चूल्हे नहीं जले। अब तक गगन, ओमपाल, मनोज और भगवती के शव मिल चुके हैं। ए हादसा दोपहर 1 बजे हुआ। खेरागढ़ के गांव कुसियापुर में चामड़ माता के मंदिर के पास नवरात्र में मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित की गई थी। दशहरा पर मूर्ति के विसर्जन के लिए गांव के 40-50 पुरुष, महिलाएं और बच्चे उटंगन नदी के पास पहुंचे। इनमें विष्णु (20), ओमपाल (25), गगन (24), हरेश (20), अभिषेक (17), भगवती (22), ओके (16), सचिन पुत्र रामवीर (26), सचिन पुत्र ऊना (17), गजेंद्र (17) और दीपक (15) गहरे पानी में चले गए। ग्रामीणों के मुताबिक सभी डूबने लगे। बचाव के साधन नहीं होने की वजह से वह लोग कुछ नहीं कर सके। बाद में कुछ ग्रामीणों ने हिम्मत की और पानी में कूदकर विष्णु को बाहर निकाल लिया।

### नवरात्र के नौ दिन की खुशियां, फिर दर्दनाक हादसा, डूब गए दो भाई

आगरा। उत्साह, मस्ती और खुशी के कुछ समय बाद चीखें, गम और मातम। यह दृश्य बन गया फतेहाबाद के गांव कुसियापुर का। नवरात्र के अंतिम दिन गांव के दर्जनों लोग देवी मां की मूर्ति विसर्जित करने धूमधाम के साथ निकले। उस समय किसी को नहीं मालूम था कि यह खुशियां एकदम से मातम में बदल जाएंगी। मूर्ति विसर्जन के समय गांव के ओमपाल और गगन की यमुना में डूबने से मौत हो गई। दोनों परिवार में मौत की सूचना से चीख-पुकार मच गई। एक मां को विसर्जित करते समय किसी ने नहीं सोचा था कि दूसरी मां की गोद में उनके लाडले समा जाएंगे। गांव कुसियापुर के ओमपाल और गगन भी ग्रामीणों के साथ गुरुवार को यमुना में देवी मां की मूर्ति विसर्जित करने गए थे। ओमपाल अपने परिवार का पालन करने वाला एकमात्र सहारा था। उसके पिता रमेश चंद्र का पहले ही देहांत हो चुका है।

## मुफ्त दवा के नाम पर मौत बांट रही है सरकार: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



■ राजस्थान सरकार खरीद रही सेंपल फेल हुई दवाएं

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार दवा कंपनियों के साथ साथ साठ गांठ कर काले धंधे का खेल कर आम लोगों तथा मासूमों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है।

कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में एक अखबार में छपी खबर का हवाला देते हुए कहा कि सरकार ऐसी दवाओं का वितरण कर रही है, जिनके सैंपल एक बार नहीं, 40 बार फेल हुए हैं, लेकिन सरकार के साथ मिलीभगत से इन दवाओं का वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने एक खबर भी पोस्ट की है, जिसमें लिखा है, जिस कंपनी के 40 सैंपल फेल हुए, राजस्थान सरकार ले उससे दवा रही, नतीजा दो बच्चों की मौत। उन्होंने कहा कि जिस कंपनी की दवा के सैंपल फेल हो रहे हैं, लेकिन उसी दवा कंपनी को राजस्थान की भाजपा सरकार ने प्रदेश भर में दवा आपूर्ति का ठेका दे रखा था। इस दवा कंपनी के सिरप पीने से सीकर में दो बच्चों की मौत हो गयी है और इसके तीन दर्जन से ज्यादा बार सैंपल फेल हुए हैं। यह कंपनी पहले से ही ब्लैकलिस्टेड है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कमीशनखोरी के चक्कर में राजस्थान के लोगों और मासूमों की ज़िंदगी से खिलवाड़ करने वाली भाजपा सरकार, दवा के नाम पर मुफ्त 'मौत का सामान' बांट रही है।

## बरेली बवाल में नया खुलासा: आईएमसी मीडिया प्रभारी मुनीर गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ मौलाना को खुश करने के लिए पोस्ट डाल भड़काया माहौल

**बरेली।** मौलाना तौकीर रजा की पार्टी इत्तेहाद -ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी व फैजान सकलैनी समेत दो आरा. पी गिरफ्तार कर जेल भेज दिए गए। कोतवाली से ही दोनों आरो. पियों को दाखिल किया गया।

मुनीर की गिरफ्तारी उसके घर से दिखाई गई। बिहारीपुर क्षेत्र निवासी मुनीर इदरीसी काफी समय से इत्तेहादे मिल्लत कौंसिल का मीडिया प्रभारी है। सीओ प्रथम आशुतोष शिवम ने बताया कि शुक्रवार को मुनीर अपने घर से कहीं भागने की तैयारी में था, तभी उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उससे पुलिस ने कोतवाली में पूछताछ की। उसने स्वीकार किया कि बवाल कराने को उसने भड़काऊ पोस्ट डाली थी। हालांकि उसने बताया कि मौलाना तौकीर की मंडली में शामिल सभी लोग खुद को ज्यादा होशियार दिखाकर मौलाना को खुश करने का प्रयास करते थे। उसने भी ऐसा ही किया। मुनीर ने बताया कि जब नफीस व नदीम ने भीड़ के न आने की आईएमसी की कथित चिठ्ठी वायरल की तो दूसरे साथियों के संग उसने भी मौलाना को भड़काने का काम किया। उसने शुक्रवार को सुबह से ही कुछ और वीडियो व मौलाना के तीखे बयान सोशल मीडिया पर समूह में वायरल किए। ऐसा करके उसनेफरहत व मौलाना की करीबी की काट करने की कोशिश की। मुनीर इदरीशी ने पुलिस को बताया कि मौलाना उसे हर महीने मामूली वेतन देता था। इससे उसका काम नहीं चलता था। इसके अलावा वह मौलाना से जुड़े लोगों से आर्थिक मदद लेकर अपने परिवार का खर्चा चलाता था।

## एनसीआरबी की रिपोर्ट पर अखिलेश ने उठाए सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: पक्षपात के चश्मे से नहीं 'पीड़ा भरी आंख' से भी देखा जाना चाहिए

**लखनऊ।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 'क्राइम इन इंडिया 2023' रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था के स्थिति की तारीफ की गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में यूपी में सांप्रदायिक और धार्मिक दंगों की संख्या शून्य रही। ऐसे में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में दलित उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं को लेकर सरकार पर तीखा हमला बोला है। उनका कहना है कि भाजपा सरकार के कामकाज को सिर्फ़ पक्षपात के चश्मे से नहीं, बल्कि 'पीड़ा भरी आंख' से भी देखा जाना चाहिए। शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि एक आंकड़ा ए भी है। भाजपा सरकार के काम को सिर्फ़ पक्षपात के चश्मे से नहीं, पीड़ा भरी आंख से भी देखा जाए। उप्र में दलित दमन चरम पर है। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि एक टीवी शो इस आंकड़े पर भी होना चाहिए। एक होर्डिंग इस सच का भी लगना चाहिए।

एक विस्तृत रिपोर्ट इस पर भी समाचार के रूप में प्रसारित-प्रकाशित होनी चाहिए। एक एसआईटी इसकी विवेचना के लिए भी बननी चाहिए। एक अध्याय इसके लिए भी, पाठ्यक्रम में जोड़ा जाए। घ्एक जांच आयोग इसके लिए भी बैठाया जाए। एक विशेष वाहिनी, दलित-दमन के उन्मूलन के लिए भी बनाई जाए। एक श्वेतपत्र इस काले अपराध पर भी आना चाहिए। एक रोड शो इस समस्या के बारे में भी जागरूकता फैलाने के लिए निकाला जाए। एक 'पांच हज़ार वर्षीय' आयोजन, इस ऐतिहासिक उत्पीड़न की 'पंच सहस्राब्दी' के रूप में, चेतना जगाने के लिए भी आयोजित किया जाए।

गौरतलब है कि एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक यूपी में अपराध दर राष्ट्रीय औसत से 25 प्रतिशत कम रही। देश में कुल अपराध दर 448.3 थी, जबकि यूपी में यह केवल 335.3 दर्ज की गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2012-2017 के बीच यूपी में 815 दंगे हुए थे, जिनमें 192 लोग मारे गए, वहीं 2007-2011 में 616 घटनाओं में 121 मौतें हुईं। इसके विपरीत 2017 के बाद कोई बड़ा दंगा नहीं हुआ। बरेली और बहराइच में हुई दो हिसक घटनाओं को भी सरकार ने 24 घंटे के भीतर नियंत्रित कर शांति बहाल कर दी।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 81715.63
निफ्टी 25056.90

सोना रु. 114547
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 143140
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी

मुंबई, वार्ता

**सेंसेक्स 224 अंक मजबूत**



घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 223.86 अंक (0.28 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 81,207.17 अंक पर बंद हुआ। लगभग पूरे दिन गिरावट के बाद अंतिम एक घंटे में लिवाली तेज होने से प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 57.95 अंक यानी 0.23 प्रतिशत ऊपर 24,894.25 अंक पर रहा। पिछले कारोबारी दिवस पर एक अक्टूबर को सेंसेक्स 716 अंक उछल गया था। ऑटो, रियलिटी और स्वास्थ्य को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। धातु और सार्वजनिक बैंकों के समूहों में सबसे अधिक तेजी रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, निजी बैंक और एफएमसीजी समूहों की कंपनियों में भी निवेशकों ने पैसा लगाया। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 15 के शेयर हरे निशान में और शेष 15 के लाल निशान में रहे। टाटा स्टील में सबसे अधिक 3.40 प्रतिशत की तेजी रही। पावर ग्रिड का शेयर 3.15 प्रतिशत, एक्सिस बैंक का 2.16 प्रतिशत, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.84 प्रतिशत और एलएंडटी का 1.69 प्रतिशत चढ़ा। बीईएल का शेयर 1.49 फीसदी, भारती एयरटेल का 1.48 और टाइटन का 1.37 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और इंफोसिस के शेयर भी हरे निशान में रहे। टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 1.11 प्रतिशत और मारुति सुजुकी में 1.06 प्रतिशत की तेजी रही। अल्ट्राटेक सीमेंट, सनफार्मा और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में भी गिरावट रही। टीसीएस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी के शेयरों के शेयर भी टूट गए। एनएसई में जिन 3,185 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,142 के शेयर बढ़त में और 960 के गिरावट में रहे, जबकि 83 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अपरिवर्त बंद हुए। मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 0.72 प्रतिशत और स्मॉलकैप- 100 0.69 प्रतिशत चढ़ गया। एशिया में शुरुआती कारोबार में हांगकांग का हैंगसेंग 0.54 प्रतिशत लुढ़क गया। जापान के निक्केई में 1.85 फीसदी और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.52 प्रतिशत की तेजी रही।

## विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 700.236 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में 2.334 अरब डॉलर घटकर 700.236 अरब डॉलर रह गया, हालांकि स्वर्ण भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़कर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। यह लगातार दूसरा सप्ताह है, जब विदेशी मुद्रा के देश के भंडार में गिरावट दर्ज की गयी है। इससे पहले 19 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर रह गया था। आरबीआई के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 26 सितम्बर को समाप्त सप्ताह में विद. ेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.393 अरब डॉलर घटकर 581.757 अरब डॉलर पर आ गई। इसी दौरान स्वर्ण भंडार 2.238 अरब डॉलर बढ़कर 95.017 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो इसका अब तक का उच्चतम स्तर है। स्वर्ण भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़ा है। आलोच्य सप्ताह में विशेष आहरण अधिकार नौ करोड़ डॉलर घटकर 18.789 अरब डॉलर और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 8.9 करोड़ डॉलर की कमी के साथ 4.673 अरब डॉलर रह गई। विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में भारत अब रूस से पिछड़कर दुनिया में पांचवें स्थान पर आ गया है।

## चावल मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेल दालों में रही घट-बढ़, चीनी के भाव टूटे



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं की कीमतों में मंदी रही। खाद्य तेलों और दालों के दाम में उतार-चढ़ाव देखा गया। चीनी का भाव भी टूट गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा चार रिंगिट की बढ़त के साथ 4,442 रिंगिट प्रति टन रह गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50.42 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिस बाजारों में चावल की औसत कीमत 49 रुपए बढ़कर 3,841.46 रुपए प्रति कुंतल हो गयी। गेहूं के भाव तीन रुपए घटकर 2,864.91 रुपए प्रति कुंतल रहे। आटे की कीमत भी 36 रुपए गिर गयी और यह 3,310.96 रुपए प्रति कुंतल बिका। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया। सरसों तेल की औसत कीमत 19 रुपए बढ़ गयी। सूरजमुखी तेल 62 रुपए और मूंगफली तेल 120 रुपए प्रति कुंतल महंगा हुआ। वहीं सोया तेल की कीमत 45 रुपए और पाम ऑयल की 79 रुपए प्रति कुंतल घट गयी। वनस्पति के दाम 21 रुपए प्रति कुंतल टूटे। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत आठ रुपए प्रति कुंतल बढ़ गई। मूंग दाल की औसत कीमत 45 रुपए और उड़द दाल की 101 रुपए प्रति कुंतल घट गई। तुअर दाल 33 रुपए और मसूर दाल में 25 रुपए प्रति कुंतल सस्ती हुई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 66 रुपए प्रति कुंतल गिर गयी। चीनी का भाव भी 20 रुपए प्रति कुंतल घट गया। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल-दलहन: दाल चना 7914.38 रुपए, मसूर काली 8148.02 रुपए, मूंग दाल 10110.11 रुपए, उड़द दाल 10400.59 रुपए, अरहर दाल 10541.70 रुपए प्रति कुंतल। अनाज : (भाव प्रति कुंतल) गेहूं दड़ा 2864.91 रुपए और चावल 3841.46 रुपए प्रति कुंतल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4324.68 रुपए और गुड़ 5019.45 रुपए प्रति कुंतल बोले गए।

## राष्ट्रीय राजमार्गों पर लगेंगे परियोजना सूचक क्यूआर कोड साइन बोर्ड

■ सूचना देने को 'त्वरित प्रतिक्रिया कोड' वाले परियोजना सूचना साइन बोर्ड स्थापित करेगा

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रियों को सुविधाओं की जानकारी देने के लिए परियोजना विशिष्ट-जानकारी तथा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर तथा उपलब्ध आवश्यक सेवाओं की सूचना देने के लिए 'त्वरित प्रतिक्रिया कोड' वाले परियोजना सूचना साइन बोर्ड स्थापित करेगा।

एनएचएआई ने यह जानक. ारी देते हुए बताया है कि इससे राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के लिए पारदर्शिता बढ़ाने और 'आवागमन में सुगमता' की सुविधा मिले सकेगी। इन साइन बोर्डों को आसानी से दिखाई देने वाली जगह पर स्थापित किया जाएगा और 'त्वरित प्रतिक्रिया कोड' लगाकर इनको राजमार्ग का उपयोग करने वालों के लिए ज्यादा युक्तसंगत बनाया जाएगा। इनके जरिए यात्रियों को राजमार्ग के किनारे स्थित सुविधाओं, विश्राम स्थलों, टोल प्लाजा, ट्रक ले-बाय आदि की जानकारी मिलेगी, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को ज्यादा सुविधा मिल सकेगी। प्राधिकरण का कहना है कि ये ऊर्ध्वाधर क्यूआर कोड साइन बोर्ड परियोजना-विशिष्ट जानकारी भी देंगे, जिनमें राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या, राजमार्ग श्रंखलन, परियोजना की लंबाई, निर्माण, रखरखाव अवधि, राजमार्ग गश्ती दल, टोल प्रबंधक, परियोजना प्रबंधक, रेजिडेंट अभियंता, आपातकाल. ीन हेल्पलाइन 1033, एनएचएआई क्षेत्रीय कार्यालय के विवरण के साथ-साथ नजदीक स्थित अस्पताल, पेट्रोल पंप, शौचालय, पुलिस स्टेशन, रेस्टोरेंट, टोल प्लाजा तक की दूरी, ट्रक ले-बाय, पंचर मरम्मत की दुकान और वाहन सेवा केन्द्र, ई-चार्जिंग स्टेशन आदि की जानकारी शामिल होगी। एनएचएआई का विश्वास है कि इस प्रयास के माध्यम से सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के साथ ही देश भर में राष्ट्रीय राजमार्गों के प्रति उपयोगकर्ता अनुभव और जागरूकता लाने और राजमार्ग सेवा को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

## राहुल विदेश में देश की छवि खराब कर रहे: भाजपा



■ 140 पुरानी पार्टी के नेता ने देश विरोधी बयान दिया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर एक बार फिर विदेश में जाकर देश की छवि खराब करने का आरोप लगाया।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए यह आरोप लगाया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि गांधी का नेता प्रतिपक्ष होना भारत के लिए शूल है। त्रिवेदी ने कहा कि देश में पिछले 36 घंटे में दो प्रकार के दृश्य देखने को मिले हैं, पहला 100 वर्षों से देश के लिए निरंतर समर्पित विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष का देशभर में समारोह होना। इस शताब्दी वर्ष के अवसर पर इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मां भारती के अंकित चित्रों वाला 100 रुपए का स्मारक सिक्का जारी किया। दूसरी तरफ देश की 140 साल पुरानी पार्टी के नेता ने विदेश की धरती से एक और देश विरोधी बयान दिया है, जिसमें कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि ग्लोबल टाइम्स ने जनवरी 2023 में कहा कि भारत ने कुछ वर्षों में अपनी अर्थव्यवस्था में जिस तेजी से संस्थानिक सुधार (स्ट्रक्चर रिफॉर्म) किया है, उससे वह बहुत शक्तिशाली बना है। उन्होंने कहा कि सवाल यह उठता है कि कांग्रेस नेता गांधी जब विदेश जाते हैं, तो उन्हें कैंब्रिज यूनिवर्सिटी द्वारा दिसंबर 2024 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत का डिजिटल ट्रासफॉर्मेशन पर हुई केस स्टडी और स्टेनफोर्ड द्वारा तैयार कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) इंडेक्स, जिसके अनुसार भारत एआई कौशल निवेश में पहले स्थान पर और एआई जीवंतता में शीर्ष चार देशों में शामिल है, क्यों नहीं दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि गांधी इसी स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी में जाकर भारत के बारे में अपशब्द, अपमानजनक और निरर्थक बातें करते हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि दूसरा सवाल यह है कि कांग्रेस नेता में ऐसी कौन सी प्रतिभा है, जिसके लिए उन्हें विदेश के विश्वविद्यालय बुलाते हैं, जबकि कांग्रेस में एक से एक बुद्धिमान लोग हैं, उन्हें नहीं बुलाया जाता। श्री त्रिवेदी ने कहा कि जब गांधी को भारत के किसी भी विश्वविद्यालय में नहीं बुलाया जाता है, तो फिर सवाल उठता है कि उन्हें भारत के बाहर ही क्यों बुलाया जाता है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
मूत्र की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


# छात्र को बंद कर गए शिक्षक

## नवादा तुल्ला के शिक्षकों की बड़ी लापरवाही उजागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** शिक्षकों की लापरवाही मासूम छात्र की जान पर बन आई। वह तो सौभाग्य से कुछ घंटों बाद ही उसके स्कूल कक्ष में बंद होने का पता चल गया, वरना उसकी जान जा सकती थी।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम नवादा तुल्ला के कंपोजिट सरकारी विद्यालय में शिक्षकों के द्वारा लापरवाही बरतते हुए छात्र को कमरे में बंद कर दिया गया और वह स्कूल से चले गए। इस बीच स्कूल से छात्र के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसे कई जगह तलाशा, लेकिन कोई पता नहीं चला। इसी दौरान स्कूल परिसर में मौजूद आंगनवाड़ी केंद्र को मार्डन बनाने के लिए वहां पर पहुंचे वाहनों की आवाज सुनकर कमरे में बंद छात्र के द्वारा शोर मचाया गया। छात्र के चिल्लाने की आवाज सुनकर उसे बाहर निकाला गया। बाद में उसे भटकते फिर रहे परिजनों को सौंप दिया गया।






बताते है कि हल्दौर ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम नवादा तुल्ला में कंपोजिट सरकारी स्कूल में ग्राम के विपिन कुमार का बेटा वंश कक्षा पांच का छात्र है। स्कूल की छुट्टी के बाद स्कूल स्टाफ ने विद्यार्थियों से कक्ष का ताला लगवा दिया और बिना जांच के वहां से चले गए। छात्र क्लास रूम के अंदर ही बंद हो गया। इस स्कूल में आंगनवाड़ी केंद्र को मार्डन बनाने के लिए बीडीओ कुणाल रस्तौगी पहुंचे। छात्र ने वाहन के आवागमन की आवाज सुनकर शोर मचाना शुरू कर दिया। बच्चे की आवाज सुनकर बीडीओ व स्कूल स्टाफ मौके पर पहुंचे। उन्होंने अन्य स्कूल स्टाफ से कमरे का ताला खोलकर छात्र को बाहर निकाला।

दूसरी तरफ परिजन व अन्य ग्रामीणों में स्कूल स्टाफ की लाप. रवाही को लेकर आक्रोश व्याप्त है। परिजनों ने छात्र को सुरक्षित देख राहत की सांस ली। वरना यह बड़ी दुर्घटना बन सकती थी। सवाल यह उठता है कि आखिरकार विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर शिक्षकों की ऐसी लापरवाही कब तक जारी रहेगी।

ग्रामीणों ने कहा कि शिक्षा विभाग को इस घटना की कड़ी जांच करा कर दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए।

## शिक्षिका शाहीन को सेवानिवृत्ति पर सम्मानित किया

**नजीबाबाद।** अदब सिटी नजीबाबाद निवासी शाहीन मैंडम पत्नी मास्टर तनवीर अहमद को उनके विद्यालय की प्रधानाध्यापिका विनीता ध्यानी द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय नगर क्षेत्र नम्बर एक कोटद्वार में बेहतरीन सेवानिवृत्ति विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का संचालन जयप्रकाश केष्टवाल एवं अध्यक्षता मास्टर नफीस अहमद ने की। इस अवसर पर शाहीन मैडम को विद्यालय के छात्र-छात्राओं व नगर क्षेत्र कोटद्वार के अन्य विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा अनेकों यादगार गिफ्ट दिए गए। विनीता ध्यानी, सुषमा गौड, नाजरीन, हुकम सिंह नेगी, सरला गुसाई, संगीता तोमर, सुधा रावत, अनुरानी, सुधा ध्यानी, सुनीता घिल्डियाल, अनीता रावत, प्रतिभा बिष्ट, नफीस अहमद, अजीम नकवी, तनवीर अहमद, मन्सूर अहमद, वकार अहमद, मौहम्मद उस्मान, मेहरून्निसा, अली इरशाद, शीरीन फातमा, मौहम्मद अरीब, राहुल, फराज खान, रूखसार, ईशा आदि न सम्बोधित किया।

## एक नजर

### अफजलगढ़ में डॉ. जावेद अरेस्ट

**बिजनौर।** अफजलगढ़ थाने में 27 सितम्बर को वादी प्रेम सिंह पुत्र स्वरूप सिंह निवासी ग्राम हिदायतपुर ने तहरीर दी थी कि उसके भाई की तबियत खराब हो गई थी। इसके बाद वह उसे ग्राम टांडा हिदायतपुर में डॉ. जावेद पुत्र निजामुद्दीन के पास ले गए। डॉ. जावेद के द्वारा दवाई दिए जाने के बाद उनके भाई की हालत ज्यादा बिगड़ गई। वह भाई को ईलाज के लिए काशीपुर ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 297/2025 धारा 105 व 351 (2) बीएनएस व धारा 34 (2) राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम पंजीकृत किया गया। पुलिस ने डॉ. जावेद को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि अफजलगढ़ क्षेत्र में हजारों की संख्या में झोलाछाप चिकित्सक मौजूद है। इनके द्वारा मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी व उनका स्टाफ इनसे अवैध वसूली करता है। जिसके चलते इनके खिलाफ कठोर कार्यवाही नहीं हो पाती है।

### वन्यप्राणी सप्ताह मनाया



**कालागढ़।** कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र में वन्यप्राणी सप्ताह मनाया गया। निदेशक कार्बेट वन्यजीव प्रशिक्षण केन्द्र बिंदरपाल के निर्देशन में कार्यक्रम शुरू हुआ। इन्द्र सिंह बिष्ट वनक्षेत्राधिकारी ने विद्या मंदिर, कालागढ़ एवं ओम इण्टर कालेज, मुरलीवाला के विद्यार्थियों व शिक्षकों का स्वागत करते हुए वन्यजीव सप्ताह के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए मानव वन्यजीव सह-अस्तित्व विषय पर चित्र बनाने का आह्वान किया। स्कूली बच्चों को अच्छा संदेशवाहक बताते हुए वन्य जीवों के साथ शान्तिपूर्ण वातावरण बनाये रखकर मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने में सहयोग की अपेक्षा की। अथहर महमूद सिद्दीकी, संकाय सदस्य ने मानव वन्यजीव सह-अस्तित्व के लाभ, वर्तमान में चुनौतियां एवं चुनौतियों के समाधान के विषय में चर्चा करते हुए विद्यार्थियों से चित्रों से संदेश देने का सुझाव दिया। वहीं वन्यजीव संरक्षण जनता में वन्यजीवों के प्रति जागरूकता व शिक्षा, स्थानीय समुदायों का सहयोग प्रदर्शन कर भावनाएं दिखाने को कहा। साथ ही प्राकृतावास विनाश, शिकार और अवैध व्यापार मानव वन्यजीव संघर्ष पर प्रकाश डाला। चित्रकला प्रतियोगिता में कुल 22 छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में संकाय सदस्य सत्येन्द्र सिंह गुसांई, कुशाल सिंह रावत, आचार्य सुष्मित पाण्डेय, महेश चन्द्र जोशी, सुनील कुमार, कैलाश चन्द्र शर्मा, दिलशाद, जफर अली आदि शामिल रहे।

### खुली बैठक में रखी समस्याएं



**कालागढ़।** ग्राम पंचायत इस्लामनगर में खुली बैठक करते हुए सचिव इरफान अली मंसूरी व ग्राम प्रधान गितेंद्र ने जनसमस्याएं सुनी। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को रखा। ग्राम पंचायत सचिव इरफान अली मंसूरी ने हर समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्रस्ताव बनाकर अधिकारियों को भेजा। साथ ही पंचायत घर भिक्कावाला में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री पंडित लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि देकर झंडा फहराया गया।

### मण्डावर में 11 गिरफ्तार



**मण्डावर।** शांति व्यवस्था भंग करने के संबंध में दो अलग-अलग विवादों में आज 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पहले विवाद में ग्राम इनामपुरा के निवासियों के बीच हुई झड़प में प्रथम पक्ष से महरान पुत्र कय्यूम, नौशाद पुत्र जहांगीर तथा समीर पुत्र जहांगीर तथा द्वितीय पक्ष से फुरकान पुत्र सुल्तान और मकसूद पुत्र दिलदार को गिरफ्तार किया गया। दूसरे विवाद में ग्राम अंगाखेड़ी के निवासियों के बीच हुई मारपीट में प्रथम पक्ष से महिपाल पुत्र सरजीत तथा आशीष पुत्र महिपाल को गिरफ्तार किया गया। जबकि द्वितीय पक्ष से आकाश पुत्र सुभाष, प्रशांत पुत्र सुभाष तथा सुरेंद्र पुत्र रामपाल सिंह निवासी ग्राम अंगाखेड़ी को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा मौहल्ला कस्सावान निवासी अफजल पुत्र तसलीम को धारा 170, 126 तथा 135 बीएनएस के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया है।

### टॉपर्स किए जाएंगे सम्मानित

**बिजनौर।** संपूर्ण भारत के साथ राजकीय आईटीआई में भी अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा 2025 में अपने व्यवसाय में टॉपर रहे छात्र-छात्राओं को कल (आज) को सुबह 9:30 बजे से कौशल दीक्षांत समारोह में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही सभी छात्र-छात्राओं को विज्ञान क्लब, नई दिल्ली में आयोजित हो रहे कौशल दीक्षांत समारोह का सीधा प्रसारण भी दिखाया जाएगा।

### आदर्श प्रेस क्लब की गोष्ठी

**अफजलगढ़।** गांधी जयंती व दशहरा के अवसर पर आदर्श प्रेस क्लब द्वारा विचार गोष्ठी एवं शेरी नशिस्त का आयोजन किया गया। अगवानपुर में स्थित खालसा हट पर आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष एसएम असलम ने की व संचालन क्लब के महासचिव सुभाष तोमर ने किया। जिसमें उतर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष मरगूब रहमानी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने देश की आजादी में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के योगदान को याद किया और उनके पद चिन्हों पर चलकर अहिंसा का मार्ग अपनाने का आह्वान किया। इस दौरान ताहिर सऊद किरतपुरी, मैराज बिजनौरी, कामिल खान 'कामिल', महबूब अली 'महबूब', खाम खां बिजनौरी व इम्तियाज अजहर ने खूबसूरत शायरी पेश कर खूब दाद हासिल की।

## एक नजर

### महिलाओं को किया जागरूक



**रेहड़।** क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुर में मिशन शक्ति के अंतर्गत सीओ आलोक कुमार ने चौपाल आयोजित करके महिलाओं को सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया। पंचायत घर पर आयोजित चौपाल कार्यक्रम में मौजूद सीओ आलोक कुमार ने महिलाओं व बालिकाओं को नारी सुरक्षा व साइबर सुरक्षा के टिप्स देकर जागरूक किया। उन्होंने हेल्पलाइन नंबरों के अतिरिक्त सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि छेड़छाड़, उत्पीड़न या किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में पीड़ित तुरंत पुलिस से संपर्क करें और बिना किसी संकोच के अपनी शिकायत दर्ज कराएं। इस स्थिति में शिकायतकर्ता का नाम पता गोपनीय रखा जाएगा। यदि कोई अप्रिय घटना घटित होने की संभावना हो, तो सहायता के लिए तुरंत शासन से जारी हेल्पलाइन नंबरों पर सूचना दें, ताकि अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। इस दौरान मिशन शक्ति के सहसंयोजक उप निरीक्षक राघवेंद्र सिंह सिंह द्वारा महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों के पंपलेट भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में मिशन शक्ति के सहसंयोजक उप निरीक्षक राघवेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान मितान सिंह, महिला आरक्षी अनुष्का, आरती आदि मौजूद रहीं।

### घोड़े से टकरा कर घायल



**अफजलगढ़।** थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम राजनगर निवासी मनीष कुमार (18 वर्ष) पुत्र विनोद कुमार परिजनों के मना करने के बावजूद बाइक से घूमने निकल गया। इस बीच राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पीएनसी कंपनी के गोदाम के सामने निराश्रित घूम रहे घोड़े से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही 112 पुलिस द्वारा घायल को गंभीर अवस्था में सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को हायर सेंटर रैफर कर दिया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### स्वच्छता का संदेश दिया




**बिजनौर।** दो अक्टूबर को गांधी जयंती के पर्व पर कार्यालय नगर पालिका परिसर में ध्वजा रोहण का कार्यक्रम किया गया। राष्ट्रगान गाया गया एवं देश भक्ति नारे लगाए गए एवं गांधी व शास्त्री की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। स्वतंत्रता सैनानियों को उनके घर जाकर शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा अध्यक्ष श्रीमती इन्दिरा सिंह व सभासदगण अधिशासी अधिकारी व अन्य अधिकारिगण, कर्मचारीगण द्वारा 'आओ बिजनौर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये' अभियान के अन्तर्गत हस्ताक्षर किए एवं सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी भी ली गई। महिला सशक्तिकरण के अन्तर्गत डॉ.भीमराव अम्बेडकर सभागार में महिलाओं को सम्मानित किया गया। बिजनौर वासियों को स्वच्छता का संदेश दिया गया तथा अपने शहर बिजनौर को प्लास्टिक मुक्त बनाने हेतु कपड़े के थेले का प्रयोग करने की अपील की गई। इस कार्यक्रम में बिजनौर ब्रांड एंबेस्डर डॉ. बीरबल सिंह अधिशासी अधिकारी विकास कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक गोविन्द कुमार , अवर अभियन्ता (सिविल) यशवंत कुमार, अवर अभियंता जल, गौरव शर्मा, डी. पी.एम. हरीश गंगवार व अन्य पालिका कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पटाखा बुलेट के सामने पुलिस पस्त

**शेख मौहम्मद युसूफ**

**अफजलगढ़।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बुलेट चालकों द्वारा साइलेंसर से छोड़ जा रहे पटाखों से खौफ का माहौल पैदा हो रहा है। गंभीर बात यह है कि ऐसे बुलेट चालक महिलाओं व युवतियों को देख कर पटाखें छोड़ते है।

क्षेत्र में पटाखें वाली बुलेट बड़ी संख्या में मौजूद है। बिगड़े हुए रईसजादों के द्वारा कानून का सम्मान न कर सड़कों पर तेज आवाज के साथ साइलेंसर से पटाखें छोड़े जा रहे है। सड़क व गलियों में छात्राओं, युवतियों व महिलाओं को अकेला देख कर इनके द्वारा लगातार पखाड़े छोड़े जाते है और कट भी मारा जाता है। साइलेंसर की आवाज इतनी ज्यादा तेज होती है कि बुजुर्गों, बच्चों और हृदय रोगियों के लिए गंभीर खतरा बना रहता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गलियों से अचानक गुजरने वाली बुलेट के साइलेंसर से निकलने वाली तेज आवाजों से हृदय रोगियों को दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ जाता है। बुजुर्गों, महिलाओं और छोटे बच्चों पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ता है। तेज रफ्तार से एक्सीडेंट का भी खतरा बना रहता है। स्थानीय व्यापारियों ने भी शिकायत की है कि बुलेट के शोर शराबे के कारण उनके कामकाज में बाधा पड़ती है और ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित होती है। स्थानीय नागरिक इस गंभीर स्थिति से चिंतित हैं। नागरिक अब सुरक्षित वातावरण और शांति की आवश्यकता महसूस कर रहे हैं लेकिन पुलिस ऐसी बुलेट के खिलाफ कार्यवाही नहीं कर रही है।



### सड़क पर खौफ का माहौल पैदा कर रहे बुलेट सवार

पूर्व में जब अभियान चलाया गया, तो बुलेट चालकों की गुंडागर्दी काफी हद तक बंद हो गई थी। मगर अब फिर बुलेट चालक गुंडागर्दी पर उतारू हैं। खास बात यह है कि बुलेट सिर्फ रईसजादों के पास है।

## सीओ के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान

### हेल्पलाइन नम्बरों की दी गई जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्याऊ।** सीओ देशदीपक सिंह के नेतृत्व में सर्किल क्षेत्र में पुलिस ने महिला सुरक्षा को लेकर एक विशेष अभियान चलाया ।

प्राप्त समाचार के अनुसार मिशन शक्ति 5.0 के तहत बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक करने के लिए यह अभियान पांच अलग-अलग स्थान पर आयोजित किया गया। सीओ देशदीपक सिंह के आदेश पर पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक करने का अभियान चलाया। यह अभियान मौहल्ला साहूवान, नूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अहीरपुरा, हीमपुर दीपा थाना के क्षेत्र के ग्राम पुट्ठा तथा शिवाला कलां थाना क्षेत्र के ग्राम लोदीपुर मिलक में चलाया गया। इसमें ग्रामीण विशेष कर महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं को सुरक्षा संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। अभियान के दौरान महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सुरक्षा सेवाओं के बारे में बताया गया। इसमें 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 सीएम हेल्पलाइन, डायल 112, 102 महिला शिशु सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 फायर सेवा और 1930 साइबर हेल्पलाइन, जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं सम्मिलित की गई। इसके अतिरिक्त सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि, प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और नशा मुक्त भारत अभियान की भी जानकारी दी। महिलाओं और सुरक्षाओं को साइबर अपराध, सोशल मीडिया पर सुरक्षित रहने के उपाय ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया। इसमें साइबर धमकियां उत्पीड़न की स्थिति में शिकायत दर्ज करने और सहायता प्राप्त करने के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन व ऑनलाइन पोर्टल्स की जानकारी भी प्रदान की गई साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार की कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष, वन स्टाफ केंद्र योजना और महिला शक्ति केंद्र योजना जैसी विभिन्न योजनाओं से भी अवगत कराया गया। पुलिस अधिकारियों ने अपील की कि छेड़छाड़ उत्पन्न या किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में पीड़ित तुरंत पुलिस से संपर्क करें और बिना किसी संकोच के अपनी शिकायत दर्ज कराए। उन्होंने आश्वासन दिया कि शिकायतकर्ता का नाम और पता गोप. नीय रखा जाएगा।



## गांधी जयंती पर शराब बेचते पकड़ा, 39 पव्वे बरामद

**बरुकी।** गांधी जयंती पर शराब की दुकान बंद थी। पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम महमूदपुर भावता के पास एक व्यक्ति शराब लिए खड़ा है। पुलिस ने युवक को पकड़ लिया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम राजकुमार पुत्र सकल राउत निवासी ग्राम बड़ा शंकर चौक थाना पताई जिला मोतीहारी बिहार बताया। आरोपी ने बताया कि गांधी जयंती के कारण शराब की दुकान बंद थी। उसने लाभ कमाने के लिए चार दिन पहले शराब के पव्वे खरीदे थे। पुलिस ने आरोपी के पास से 39 पव्वे बरामद किए। पुलिस ने आरोपी का संबंधित धाराओं में चालान कर दिया है।

## शैलेन्द्र चौहान के नेतृत्व में धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** क्षेत्र की विद्युत समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मानियावाला विद्युत उपकेंद्र पर धरना दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार विद्युत विभाग के अभियंता व स्टाफ की लापरवाही की वजह से क्षेत्र में उपभोक्ता परेशान है। उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। जिसे लेकर भाकियू टिकैत ने मोर्चा खोल दिया है। एसडीओ को ज्ञापन देकर भाकियू टिकैत ने चेतावनी दी कि यदि नौ अक्टूबर तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो 10 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया जाएगा।

आज भाकियू टिकैत के पदाधिकारी व कार्यकर्ता किसानों के साथ वादीगढ़ चौराहा के कल्लूवाल मार्ग पर स्थित मानियावाला विद्युत उपकेंद्र पर पहुंचे और बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर नाराजगी व्यक्त की। किसान नेताओं ने एसडीओ भिक्कावाला को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि क्षेत्र में मानक के अनुसार विद्युत आपूर्ति नहीं दी जा रही है। गांवों में 18 घंटे के स्थान पर मात्र छह से सात घंटे और सिंचाई के लिए 10 घंटे के स्थान पर पांच घंटे ही विद्युत आपूर्ति दी जा रही है।



### नौ अक्टूबर तक की भाकियू टिकैत ने दी चेतावनी

उपभोक्ताओं के गलत बिल आने, विद्युत कर्मचारियों द्वारा जरा-जरा सी समस्याओं के समाधान के नाम पर अवैध वसूली करने, ग्रामीण क्षेत्र में स्मार्ट मीटर न लगाने आदि कई समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। किसान नेताओं ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि नौ अक्टूबर तक ज्ञापन में अंकित समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो 10 अक्टूबर से मानियावाला बिजली घर पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया जाएगा। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र चौहान ने कहा कि किसानों की समस्याओं को गंभीरता से न लेने का अंजाम विभाग को भुगतना पड़ेगा। आज किसान सबसे ज्यादा परेशान है। उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

इस दौरान भाकियू टिकैत के जिला उपाध्यक्ष मदन सिंह राणा, रमेश शेखावत, देवेंद्र कौशिक, डॉ. राजपाल सिंह, राणा सैनी, बाबू सिंह, छत्रपाल सिंह, कुलदीप सिंह, मुख्तियार सिंह, नीरज आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
को जनपद में प्रत्येक स्टेशन पर सहयोगी संवाददाताओं व विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक सम्पर्क करें।
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# अवैध हुक्का बार का भंडाफोड़



## मौके से तीन आरोपी गिरफ्तार

**कारी मेहरबान**

**किरतपुर।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत स्थानीय पुलिस ने आज बड़ी सफलता हासिल करते हुए मौजमपुर बस स्टैंड स्थित चलाए जा रहे अवैध हुक्का बार का भंडाफोड़ किया। चौंकाने वाली बात यह रही कि यह हुक्का बार किसी आम व्यक्ति की नहीं बल्कि स्वयं को सामाजिक संगठन का प्रतिनिधि बताने वाले आसपा एवं मुस्लिम एकता समिति के नगर अध्यक्ष अनस खान के संचालन में चल रही थी।

पुलिस ने छापेमारी के दौरान अनस खान पुत्र नसीम अहमद निवासी मौहल्ला शीशग्रान, समीर खान पुत्र अहमद निवासी मौहल्ला मिर्दगान तथा निश्चल कश्यप पुत्र रवि कुमार निवासी मौहल्ला बुद्धूपाड़ा को मौके से गिरफ्तार किया। पुलिस ने हुक्का बार से तीन अवैध फ्लेवर हुक्के, छह सिगरेट एवं पांच फ्लेवरयुक्त तंबाकू टिक्कियां बरामद कीं।

थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 272/280 बीएनएस तथा COTPA Act 2003 (सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम) में मुकदमा दर्ज कर दिया है।

स्थानीय लोगों में आक्रोश है कि समाज सेवा व युवाओं के मार्गदर्शन का दावा करने वाले संगठन का पदाधिकारी स्वयं नशे के कारोबार में लिप्त पाया गया। लोगों का कहना है कि ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी पद का दुरुपयोग कर अवैध धंधा न चला सके।

थानाध्यक्ष पुष्पा देवी ने कहा कि किसी भी प्रभावशाली व्यक्ति या संगठन के पदाधिकारी को कानून से ऊपर नहीं माना जाएगा। क्षेत्र में अवैध हुक्का बार एवं नशीले पदार्थों की बिक्री पर हर हाल में रोक लगाई जाएगी। हुक्का बार पर छापेमारी कर आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में आशीष पुनिया, हैड कांस्टेबल लालू सिंह, अरुण कुमार, कांस्टेबल पुनीत त्यागी आदि रहे।

# जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर व क्षेत्र में जुमे की नमाज शांतिपूर्वक और व्यवस्थित ढंग से अदा की गई। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा। जिलाधिकारी व पुलिस कप्तान ने खुद नगर का भ्रमण किया।

नमाज के दौरान इमामों ने कौमी एकता, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम देते हुए समाज में शांति बनाए रखने की अपील की। तमाम नमाजियों ने हाथ उठाकर अमन-चैन, मुल्क की तरक्की और गरीबों-मजलूमों की खैरियत की दुआएं मांगी। सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट रहा। डीएम और एसपी ने स्वयं नगर का भ्रमण किया। थाना प्रभारी पुष्पा देवी के नेतृत्व में पुलिस बल लगातार मुख्य मार्गों, चौराहों और नमाज स्थलों के आस-पास तैनात रहा। लोगों का कहना था कि किरतपुर गंगा जमुनी तहजीब और भाईचारे का प्रतीक रहा है और आज फिर उसी माहौल की झलक देखने को मिली। नगर व क्षेत्र में कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। जुमे की नमाज अदा होने पर लोगों ने पुलिस एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया तथा उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह मिलजुलकर आपसी भाईचारा कायम रखा जाएगा।

# स्योहारा में जुमे की नमाज को लेकर पुलिस का फ्लैग मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** जुमे की नमाज के मद्देनजर पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार तथा थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में कस्बे के मुख्य मार्गों बाजारों और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा का विश्वास जगाने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकाला।

पुलिस अधिकारियों ने भीड़-भाड़ वाले इलाकों का भ्रमण कर सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की और पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर आपसी सहयोग और शांति बनाए रखने की अपील भी की। क्षेत्राधिकारी अभय कुमार ने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह की अफवाह फैलाने या असामाजिक गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस पूरी तरह अलर्ट और मुस्तैद है। शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए हर स्तर पर सुरक्षा इंतजाम पुख्ता किए गए हैं।

# धूमधाम से निकला भरत मिलाप का जुलूस

## धार्मिक आयोजन सामाजिक एकता और भाईचारे के प्रतीक : डा. मनोज वर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** अहंकारी रावण का वध करने के बाद भगवान श्रीराम के अयोध्या लौटने की ऐतिहासिक झांकी को दर्शाते हुए नगर में भरत मिलाप का जुलूस बड़े ही धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ निकाला गया।

रामलीला मैदान में चल रही रामलीला के मंचन के अंतर्गत जब भगवान श्रीराम 14 वर्ष का वनवास पूर्ण कर सीता माता के साथ अयोध्या लौटे तो उसी पावन प्रसंग पर नगर में भव्य भरत मिलाप जुलूस का आयोजन किया गया।

जुलूस में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं इनमें भगवान गणेश, भगवान शिव-पार्वती, श्रीराम-सीता हनुमान जी की भव्य झांकियां सजाई गई। जुलूस में 11 बग्गियां, बैंड-बाजा और डीजे भी शामिल रहे। नगरवासियों ने पुष्प वर्षा और आतिशबाजी से जुलूस का स्वागत किया। रामलीला कमेटी के संरक्षक कुंवर पृथ्वीराज सिंह की माता श्रीमती कामनी सिंह रियासत एवं व्यापारी मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष व भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा व उनके पुत्र अमित कुमार वर्मा के प्रतिष्ठान पर भी जुलूस का भव्य स्वागत किया गया। नगर के अन्य कई प्रमुख स्थानों पर भी भरत मिलाप जुलूस का स्वागत हुआ।

इस अवसर पर रामलीला कमेटी अध्यक्ष राजवीर सिंह त्यागी, राजपाल सिंह प्रजापति व अन्य समस्त कमेटी के सदस्य आदि मौजूद रहे। वहीं नगर के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा ने भी जुलूस में पहुंचकर रामभक्तों का उत्साहवर्धन किया और इस धार्मिक आयोजन को सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रतीक बताया। जुलूस को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह अपनी पुलिस टीम के साथ मुस्तैद रहे। पुलिस प्रशासन और पत्रकार बंधु भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# मुआवजे की मांग को लेकर भाकियू का धरना

## अवर अभियंता ने दिया झुलसे लाइनमैन को हरसंभव मदद का आश्वासन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** ग्राम बासोवाला में विद्युत लाइन पर कार्य करने के दौरान झुलसे लाइनमैन को आर्थिक सहायता दिलाने को लेकर भाकियू (अराजनैतिक) ने त्यौबपुर बिजलीघर पर धरना दिया है। अवर अभियंता ने सहायता का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया।

ग्राम बासोवाला में बीती शाम ग्राम त्यौबपुर निवासी संविदाकर्मी लाइनमैन बाबू सिंह पुत्र ऋषिपाल सिंह बिजली घर से सप्लाई बंद कराकर लाइन को ठीक कर रहा था। तभी अचानक लाइन में करंट दौड़ गया और बाबू करंट की चपेट में आकर झुलसकर विद्युत पोल से नीचे गिर गया।

गंभीर रूप से झुलसे लाइनमैन को स्वजन उपचार के लिए सीएचसी नगीना में भर्ती कराया गया था। वहां से गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया था। घटना की जानकारी मिलने पर भाकियू कार्यकर्ता आज त्यौबपुर बिजलीघर पर पहुंचे और झुलसे लाइनमैन को आर्थिक सहायता दिलाने के लिए धरना दिया। अवर अभियंता शाजिम हसन द्वारा झुलसे लाइनमैन को हरसंभव मदद का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया। उनका कहना है कि विभाग द्वारा जारी कार्ड के आधार पर लाइनमैन का उपचार कराया जा रहा है।

इस दौरान धरने पर बढ़ापुर ब्लाक अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह, सुमन शर्मा, योगेंद्र पाल सिंह, मारूख खां, कौशल चौहान, इरफान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नगीना में एंटी रोमियो टीमों ने छात्राओं को किया जागरूक



## एंटी रोमियो टीमें गांवों में लगातार कर रही बैठकें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना क्षेत्र के ग्राम महारातपुर कला में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देशन में एंटी रोमियो टीमों ने छात्राओं और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

यह अभियान महारातपुर कला गांव के मुख्य मार्गों व प्राथमिक विद्यालय में चलाया गया। टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को उत्पीड़न से बचाव और उनके सम्मान के प्रति जागरूक किया।

इस दौरान विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1098, 181, 112, 1090 और 1076 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि किसी भी विषम परिस्थिति में इन नंबरों पर संपर्क कर पुलिस सहायता प्राप्त की जा सकती है।

अभियान में महिला पुलिसकर्मियों ने छात्राओं और महिलाओं को जागरूक किया। थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार ने बताया कि एंटी रोमियो टीमें गांवों में बैठकें कर और स्कूलों में जाकर छात्राओं को लगातार जागरूक कर रही हैं।

यह पहल नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से शुरू किए गए व्यापक कार्यक्रम का हिस्सा है। जिसका लक्ष्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों और उपलब्ध सुरक्षा तंत्रों के बारे में शिक्षित करना है।

# शाहपुर खेड़ी में महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** क्षेत्रान्तर्गत ग्राम शाहपुर खेड़ी स्थित ओम शिक्षा संस्था इंटर कॉलेज और ग्राम पंचायत शाहपुर खेड़ी में आज मिशन शक्ति फेज-5.0ष्के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक बिजनौर के निर्देशन में संचालित किया गया। इस विशेष अभियान में इंटर कॉलेज की कक्षा 6 से 12 तक की लगभग 240 छात्राओं और शिक्षिकाओं के साथ ग्राम पंचायत की लगभग 35 महिलाओं व बालिकाओं ने भाग लिया

कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, आत्म-सुरक्षा के उपाय तथा महिला हेल्पलाइन नंबरों (जैसे 1090, 181, 112, 1098 आदि) की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उपस्थित महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), नशा मुक्ति भारत अभियान के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया। पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं से अपील की कि यदि उनके साथ छेड़छाड़, उत्पीड़न या साइबर अपराध जैसी कोई भी घटना होती है तो वे बिना किसी हिचकिचाहट के तुरंत पुलिस से संपर्क करें। सभी शिकायतों को गोप. नीय रखा जाएगा और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान थाना स्योहारा की मिशन शक्ति टीम के अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे और सभी प्रतिभागियों को जागरूकता से संबंधित पैम्फलेट एवं मार्गदर्शिका भी वितरित की गई।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू सक्रिय

## जिला महासचिव के नेतृत्व में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें तहसील क्षेत्र के किसानों की विभिन्न समस्याओं का समाधान मांगा गया है।

भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के जिला महासचिव सरदार गुरपेज सिंह के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी से मिले। किसान नेताओं ने तहसील की सभी समितियों पर समय से खाद और बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की है। किसानों को समय पर बुवाई में सहूलियत मिल सके, यह इसका मुख्य उद्देश्य है।

बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई है। टूटे बिजली के पोल बदलने और अधूरे कनेक्शन पूरे करने की मांग की गई है। कई गांवों की सड़कों और चकमार्गों की मरम्मत भी आवश्यक बताई गई है। उन्होंने आधार कार्ड में संशोधन न होने तथा नए आधार कार्ड न बनने की समस्या से अवगत कराते हुए नगर पालिका कार्यालय व बैंकों में आधार कार्ड मशीन लगवाये जाने की मांग की।

गुलदार की समस्या से निपटने के लिये वन विभाग को जगह-जगह पिंजरे लगवाने हेतु आदेशित किये जाने की भी मांग की। बरसात के कारण किसानों की खराब हुई फसलों का सर्वे कर मुआवजा दिलाये जाने की भी मांग की गई। भाकियू ने चेता. वनी दी है कि समस्याओं का समाधान न होने पर आंदोलन किया जाएगा।

इस अवसर पर जिला महासचिव सरदार गुरपेज सिंह, युवा ब्लॉक अध्यक्ष फहीम उस्मानी, युवा नेता तरुण कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147

(2) यू.पी.म्यू. एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **श्री कफील अहमद पुत्र श्री अकीलुरहमान मौहल्ला जाब्तागंज** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधि अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री शौकत अली पुत्र अब्दुल हक** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो, तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: 1246/1 जाब्तागंज नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद नजीबाबाद**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147

(2) यू.पी.म्यू. एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **श्रीमती साबरा बेगम पत्नी श्री अनीस अहमद मौहल्ला रम्पुरा** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधि अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री मौ. अख्तर पुत्र श्री मौ. सद्दीक** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये दान पत्र व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो, तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: रम्पुरा नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर

**अधिशासी अधिकारी**

## एक नजर

### जुमे की नमाज को लेकर पुलिस अलर्ट



**चांदपुर।** नगर की समस्त मस्जिदों में मुस्लिमों ने शांति और अकीदत के साथ जुमे की नमाज अदा की। मुफ्तियों, इमामा ने देश और दुनिया में अमन चैन कायम रहने की दुआएं की। सीओ देश दीपक ने अपनी टीम के साथ नगर की समस्त मस्जिदों पर पैनी नजर रखी तथा पैदल गश्त किया। चांदपुर में हर तरह से गंगा जमुनी तहजीब को बनाये रखने के लिये हिंदू मुस्लिमों ने अपने भाईचारे की मिसाल को कायम रखा। नगर के समस्त बाजार पूर्व की भांति पूरी तरह खुले रहे और बेहतर माहौल देखने को मिला।

### कलाकारों को किया सम्मानित



**कोतवाली देहात।** ग्राम शादीपुर में मंचित हो रही रामलीला का बीती रात्रि श्री राम राजतिलक के साथ समापन हो गया। श्री रामचंद्र जी का राज. तिलक होने के बाद वाचक राम बहादुर कश्यप ने 'रामराज बैठे त्रिलोका, हर्षित भए गए सब सोका' गाकर उपस्थित दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। रामलीला के समापन पर कलाकारों को सम्मानित किया गया। रामलीला में सचिन मौर्य ने राम, गगन भारद्वाज ने लक्ष्मण, विकास शर्मा ने सीता, विपिन मौर्य ने हनुमान का किरदार निभाया। रामलीला मंचन ने नितिन मौर्य, ब्रज बहादुर सिंह, प्रशांत मौर्य, कमल कश्यप, मंगलू कश्यप, आदेश शर्मा, रवि शर्मा आदि का सहयोग रहा।

### एमएससी द्वितीय सेमेस्टर में मिस्बाह प्रथम



**बिजनौर।** एम.जे.पी. रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा एमएससी (भौतिकी) द्वितीय सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी बिजनौर के छात्र-छात्राओं का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डा. पूनम गुप्ता ने बताया कि एमएससी द्वितीय सेमेस्टर (भौतिकी) की छात्रा मिस्बाह अंसारी ने प्रथम, लक्ष्मीकान्त दहिया ने द्वितीय तथा विकास ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कृष्णा कॉलेज के प्रबंधक मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्त्म रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र-छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिलें, जिससे वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा तथा विभाग की प्रवक्ता रश्मि वत्सल व शुभांषी वर्मा ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### अंगद-रावण संवाद देख दर्शक हुए रोमांचित



**नांगल सोती।** ग्राम सोफतपुर में चल रहे रामलीला मंचन के कार्यक्रम में गुरुवार की रात्रि कलाकारों ने अपने रंगमंच पर अंगद रावण संवाद की लीलाओं का मंचन किया। जिसमें अंगद जी अपनी शक्ति को दिखाते हुए रावण के दरबार में अपने पैर को जमा दिया और कहा कि है, कोई ऐसा योद्धा जो मेरे पैर को हिला भी दे। भरी सभा में रावण के दरबार में अंगद के पैर को नहीं हिला सका। इन सभी लीलाओं का बहुत ही सुंदर मंचन डायरेक्टर अर्जुन सिंह के निर्देशन में हुआ। कलाकारों में रावण का अभिनय अनुज, मेघनाथ का अभिनय मिथुन, राम का अभिनय मोहित, लक्ष्मण का अभिनय विपिन सैनी, सीता का अभिनय मांगे, जामवंत का अभिनय रवि, अंगद का अभिनय रवि शर्मा, हनुमान जी का अभिनय दिनेश ने किया। सहयोग में मुख्य रूप से कपिल राणा, मांगे सिंह, अरुण कुमार, मोहित, सीटू, खूब सिंह, लेखपाल, अंकित, विनीत , वीरेन्द्र, सुमित आदि कार्यकर्ताओं का योगदान रहा।

### उमरपुर बांगर में भव्य रामलीला



**धामपुर।** तहसील के ग्राम उमरपुर बांगर में विजयादशमी के अवसर पर आयोजित श्रीरामलीला एवं रावण दहन कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। रामलीला झांकी में श्रीराम की भूमिका अक्षज कुमार, सीता की भूमिका हिमानी, लक्ष्मण की भूमिका अक्षांत कुमार, रावण की भूमिका रितिक कुमार, मेघनाथ की भूमिका शौर्य कुमार तथा हनुमान की भूमिका नरवीर ने निभाई। कलाकारों के सजीव अभिनय ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में रावण के विशाल पुतले का दहन किया, जिसे देखने भारी संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए। आतिशबाजी और जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण गूँज उठा।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम MOHAMMAD FAAIZ था। जिसको मैंने बदलकर MOHD FAAIZ SALEEM कर लिया है। भविष्य में मुझे MOHD FAAIZ SALEEM के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**मौ. फाईज सलीम पुत्र सलीम अहमद**
**मौहल्ला पीर शहीद काला, नहटौर, बिजनौर**

## एक नजर

### छात्राओं को स्कूटी चलानी सिखाई



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में आज महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत हब फॉर इंपावरमेंट ऑफ वूमेन व वन स्टॉप सेंटर टीम द्वारा जीजीआईसी कॉलेज की बालिकाओं को स्कूटी चलानी सिखाई गई। जिससे दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाली बालिकाओं में आत्मविश्वास की भावना बढ़ सके, ताकि यातायात करने के लिए पुरुष पर निर्भर न रहना पड़े। साथ ही पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय नवादा हल्दौर विद्यालय की बालिकाओं के साथ जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के अधिकारों एवं कानूनों के विषय में तथा विभाग द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के विषय में जानकारी दी गई। इसके अलावा हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर लाइन,181 महिला हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन तथा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान में विद्यालय के सभी बालिकाएं और महिलाएं शामिल रहीं।

### लवकुश की झांकी को मिला प्रथम पुरस्कार



**नांगल सोती।** दशहरा जुलूस में झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें कलाकारों ने अपनी झांकियां तैयार कर भाग लिया था। वोटिंग के आधार पर लव कुश की झांकी को सर्वश्रेष्ठ झांकी चुना गया, जिसे प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। द्वितीय झांकी वृक्ष लगाओ, वृक्ष बचाओ और तृतीय झांकी हनुमान जी की रही, जबकि अन्य झांकियों को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। भूरिया स्रोत आश्रम के महाराज कपिल मुनि द्वारा सभी झांकियों के कलाकारों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर वीरेंद्र शर्मा, सुमित, प्रियांशु, दीपांशु, सोहित कुमार, अंकित कश्यप, मयंक शर्मा, अमित प्रजापति, जनेशपाल, विकास तोमर, गार्विन चौधरी, सतेंद्र कुमार, गोपाल शर्मा, सुशील शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### गुड टच व बैड टच की जानकारी दी



**चांदपुर।** ग्राम नैनू नांगल में मिशन शक्ति के पंचम चरण के अन्तर्गत महिलाओं व बालिकाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के प्रति जागरुक किया गया। इस मौके पर किसी भी विषम परिस्थिति में अपने आपको सुरक्षित बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा हिला हेल्प लाईन टोल फ्री नंबर पर कॉल कर हेल्प प्राप्त कर सकते है। पुलिस द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं से छात्राओ कों अवगत कराया गया। महिला हेल्प लाईन नम्बर की पैम्फलेट बांटी गई। कल्याणकारी योजनाओं व गुड टच व बैड टच के बारे में जानकारी दी गयी।

### सड़क किनारे खड़े दो पेड़ों को काटा



**नहटौर।** ग्राम कादीपुर में सड़क के किनारे खड़े शीशम के दो पेड़ों को काट लिया गया। मामले की जानकारी ग्रामीणों द्वारा वन विभाग और पुलिस को दी गई। वन विभाग की टीम और पुलिस के पहुंचने से पहले ही काटे गए पेड़ों को हटा दिया गया। वन विभाग जुर्माना और मुकदमे की तैयारी कर रहा था। वहीं दूसरी ओर लेखपाल तेजपाल सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में है। मौके का निरीक्षण किया गया हैं। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### फीडबैक उपलब्ध कराने के निर्देश

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज जूम मीटिंग के माध्यम से सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी दो दिनों में विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश / 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाअभियान के अंतर्गत स्वयं तथा अपने कर्मचारियों एवं आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में फीडबैक उपलब्ध कराएं। उन्होंने पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पंचायत सचिवों को निर्देशित करें कि उक्त संबंध में स्वयं तथा ग्रामीणों से भी फीडबैक उपलब्ध कराने की कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। उन्होंने सभी सीएचओ को निर्देशित किया कि उक्त संबंध में स्वयं फीडबैक उपलब्ध कराते हुए आमजन को भी अधिक से अधिक संख्या में फीडबैक उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित करें। इससे पूर्व जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए माइक्रो प्लान के अनुसार कार्य पूर्ण करते हुए उक्त कार्यों को संबंधित पोर्टल पर अपलोड करना भी सुनिश्चित करें। जिससे कि जिले को अच्छी रैंक प्राप्त हो सके। उन्होंने निर्देशित किया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान की मॉनिटरिंग शासन स्तर से कि जाती है। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता ने बरतें।

### शुगर मिल के दो कर्मचारी घायल

**नहटौर।** धामपुर शुगर मिल के कर्मचारी सुरेंद्र कुमार व अरूण कुमार खंडसाल गन्ना क्रय को शुरू करने की तैयारी को लेकर निरीक्षण करने के लिए गए थे। जब वह गांव खंडसाल में नूरपुर मार्ग पर बाईक से खड़े हुए थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी बाईकों में टक्कर मार दी, जिसमें दोनों घायल हो गए। घायलों को नीजि अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों मिल कर्मियो ने हेलमेट लगा रखे थे, जिस कारण गंभीर घायल होने से बच गए। हेलमेट एक बार फिर जीवन दायिनी साबित हुआ। धामपुर शुगर मिल की ओर से मिल कर्मियों को हर हालत में हेलमेट लगाकर चलने की हिदायत दी गई है। शुगर मिल की हिदायत पर मिल कर्मियों को हेलमेट लगाना जरूरी है। मिल की हिदायत के कारण दोनों मिल कर्मी गंभीर घायल होने से बच गए।

### दमा के मरीज सात अक्टूबर को खाएंगे खीर

**नहटौर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 7 अक्टूबर को ग्राम नन्हेड़ा में नरेन्द्र वर्मा के आवास पर सांस एवं दमा के मरीजों को नि:शुल्क खीर खिलाई जायेगी। उक्त आश्य की जानकारी देते हुए आयोजक नरेन्द्र वर्मा ने बताया कि दवाइयों से निर्मित यह खीर शरद पूर्णिमा को चांद की रोशनी में रखकर 7 अक्टूबर की प्रात: अजान के समय (5 बजे) सांस व दमा के मरीजों को खिलाई जायेगी। सांस व दमा के रोगी समय पर पहुंचकर लाभ उठाएं।

# ग्राम समाज की भूमि पर कब्जे की कोशिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सूर्य नगर कॉलोनी में ग्राम समाज की भूमि को लेकर विवाद एक बार फिर गहरा गया है। शुक्रवार को मौहल्ले के लोगों ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। लोगों का आरोप है कि कॉलोनी का ही एक दबंग व्यक्ति रेलवे फाटक के पास स्थित ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है।

मौहल्लेवासियों का कहना है कि इस मुद्दे पर कई बार प्रशासन से शिकायतें की गईं, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। अब आरोप है कि राजस्व विभाग के एक लेखपाल ने बिना किसी जांच के गलत रिपोर्ट लगा दी है, जिससे कब्जा करने वाले को बढ़ावा मिल रहा है।



### राजस्व विभाग पर पक्षपात का आरोप

स्थानीय लोगों ने चेताया कि यदि ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा हुआ तो कॉलोनी का रास्ता संकरा हो जाएगा और लोगों के आने-जाने में कठिनाई होगी। इस दौरान मौहल्ले की महिलाओं और पुरुषों की बड़ी संख्या मौजूद रही। उन्होंने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

सविता अरोड़ा, दीपा चौधरी, किरण चौहान, लोकेश कुमारी, पारुल चौहान, बबीता, कमला, उमा, धर्मावती, आदेश, ममता, वर्षा कश्यप, सुमित्रा, आशा सहित अन्य लोगों ने भूमि पर अतिक्रमण रोकने और कब्जा हटाने की मांग की। लोगों ने स्पष्ट कहा कि यदि प्रशासन ने समय रहते कदम नहीं उठाए तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए वन विभाग की टीम ने किया गश्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** वन्य प्राणी सप्ताह के अंतर्गत वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए बढ़ापुर व साहूवाला वन रेंज ने उत्तराखंड की पाखरो और मोरघाटी वन विभाग की टीम के साथ संयुक्त रूप से क्षेत्र में गश्त किया गया। इस दौरान लोगों से वन्य सुरक्षा की अपील की गई।

वन विभाग द्वारा वन एवं वन्य जीवों की सुरक्षा हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए एक अक्टूबर से सात अक्टूबर तक वन्य प्राणी सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में डीएफओ नजीबाबाद अभिनव राज, एसडीओ अंशमान मित्तल, बढ़ापुर वन क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार यादव, साहूवाला वन क्षेत्राधिकारी रामवृक्ष

### वन्य प्राणी सप्ताह कार्यक्रम

राव ने उत्तराखंड की पाखरो व मोरघाटी के वन क्षेत्राधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से कस्बे में पैदल गश्त किया।

गश्त नगर पंचायत से शुरू होकर मौहल्ला नौमी, पुलिस चौकी, मेन बाजार, कुंजैटा तिराहे से होते हुए बस स्टैंड तक किया गया। बढ़ापुर वन क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार यादव ने बताया कि कस्बे में पैदल गश्त के बाद टीम ने ग्राम हरेवली, शाहनगर कुराली, मदपुरी आदि गांव में पहुंचकर पैदल गश्त किया और वाहनों द्वारा उत्तराखंड की मोरघाटी रेंज पहुंचकर लोगों से वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए अपील की गई है।

# मिशन शक्ति अभियान: धामपुर में कोतवाल ने दी सुरक्षा की पाठशाला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्राथमिक विद्यालय नींदडू में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत धामपुर कोतवाल राजेश चौहान ने बच्चों और अभिभावकों को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी।

कोतवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए गंभीर है। अगर कोई महिला रात के समय अकेली है, तो वह 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस से मदद मांग सकती है। महिला पुलिस पीआरवी तुरंत मौके पर पहुंचेगी और उसे सुरक्षित घर तक पहुंचाएगी।

कोतवाल ने अभिभावकों से भी अपील की कि यदि बच्चा स्कूल जाने में हिचकिचाए या किसी तरह की परेशानी व्यक्त करना चाहे, तो उसकी बात को गंभीरता से सुना जाए। बच्चों की छोटी-छोटी बातें कई

### अभिभावकों से बच्चों की बात सुनने की अपील

बार बड़ी घटनाओं को रोक सकती हैं। कार्यक्रम में महिला पुलिसकर्मी ने बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में जागरूक किया। बच्चों और अभिभावकों ने इस पहल की सराहना की। ग्रामीणों और स्कूल स्टाफ के सहयोग से हुए इस कार्यक्रम में पुलिस और जनता के बीच तालमेल और विश्वास की झलक साफ दिखाई दी। उपनिरीक्षक देवेंद्र राठी, हेड कांस्टेबल मांगेराम, ममता कांस्टेबल, शिखा, चौकी प्रभारी ब्रज किशोर शर्मा, हेड अध्यापक धर्मराज सिंह, लोकेश कुमार, मनीष कुमार, नवीन कुमार आदि का सहयोग रहा।

# गायत्री प्रजापति पर हमले से आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति पर जेल में धारदार हथियार से हुए हमले को लेकर राष्ट्रीय प्रजापति महासभा में गहरा आक्रोश है।

महासभा के जिलाध्यक्ष डॉ. ए. के. दक्ष के नेतृत्व में समाज के लोगों ने पहुंचकर राष्ट्रपति और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी स्मृति मिश्रा को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि जेल में हुआ हमला बेहद निंदनीय और गंभीर घटना है। इससे साफ है कि जेल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में है। समाज के लोगों ने कहा कि जब पूर्व मंत्री जेल में सुरक्षित नहीं हैं, तो आम नागरिक की सुरक्षा की गारंटी कैसे दी जा सकती है।



### प्रजापति महासभा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

महासभा ने गायत्री प्रसाद प्रजापति को हर हाल में पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाए, बेहतर इलाज हेतु उन्हें उच्च स्तरीय अस्पताल में भर्ती कराया जाए, जेल में उन्हें विशेष बैरक उपलब्ध करने सहित 6 मांगे रखी। पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि अगर सरकार ने तत्काल प्रभाव से कदम नहीं उठाए तो प्रजापति समाज सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होगा।

ज्ञापन देने वालों में पंकज कुमार दक्ष, क्षेत्रपाल सिंह प्रजापति, बृज मोहन प्रजापति, नीरज कुमार, दीपक कुमार, रूपा देवी, दिनेश कुमार नवादा, सुरेन्द्र कुमार, पतराम सिंह, तुलाराम, कमल, विनोद, सुन्दर सिंह प्रजापति सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समाजसेवी मौजूद रहे।

# सात दिवसीय श्रीराम कथा का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मां तारा देवी आश्रम हादकपुर में चल रही सात दिवसीय श्री राम कथा आज लंकाधिपति रावण के वध तथा श्री राम के मां जानकी अनुज लक्ष्मण तथा कपियों सहित वापस अयोध्या लौटकर राज्याभिषेक होने पर संपन्न हो गई।

कथा वाचक डॉ. दीप सौरभ सिंह गुरू ने मेघनाद द्वारा लक्ष्मण मूर्छा, संजीवनी बूटी द्वारा लक्ष्मण मूर्छा भंग, कुंभकर्ण वध, मेघनाद वध, सुलोचना का सती होना, तत्पश्चात आतताई रावण वध एवम् प्रभु श्री राम का अयोध्या में राज्याभिषेक सहित तमाम प्रसंगों को बहुत ही भक्ति भाव से सुनाया। जिसे श्रोताओं ने पूरे भाव विभोर होकर सुना।



लक्ष्मण मूर्छा एवं सुलोचना सती प्रसंग को सुनते हुए सभी श्रोता अश्रुपूर्ण होकर भावुक हो उठे।

सुलोचना द्वारा यह बताना कि लक्ष्मण और मेरे पति का युद्ध तो एक दिखावा था ऊपरी पर्दा था वास्तव में तो दो सतियों का सत युद्ध भूमि में लड़ रहा था। किंतु मैं अकेली पड़ गई जबकि दूसरी तरफ लक्ष्मण की पत्नी उर्मिला के साथ में श्री राम जी की भार्या सीता का सत भी था। फिर मेरे स्वामी अधर्म की और से युद्ध कर रहे थे, इसीलिए यह युद्ध प्रमिला से उर्मिला ने जीत लिया। सभी श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए।

कथा के सम्पन्न होने पर लघु भंडारे के माध्यम से प्रसाद वितरण किया गया।

श्री राम कथा में मुख्य रूप से महाराज लाल भारती, राम नारायण सिंह तिवारी, राजेंद्र सिंह, छोटे सिंह प्रधान, दिलीप सिंह, खुशीराम सिंह, डॉ. कैलाश सिंह, रोहिणी, ज्योति, कामेश्वर प्रसाद, नवदीप, अमित फौजी, यशपाल सिंह, गीत गौरव, राकेश प्रधान आदि का सहयोग रहा।

श्री राम कथा के मुख्य यजमान शशिबाला देवी, प्रतीक्षा देवी, धर्मवीर सिंह व रितु कुमार रहे।

# अपात्रों से आवास खाली कराने की मांग

### आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** समाजसेवी द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को शिकायत भेज कर डूडा कॉलोनी में अपात्र अवैध कब्जा धारियों से आवास खाली करा कर पात्र लोगों को कब्जा दिलाने की मांग की।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला गौहर अली खां निवासी समाजसेवी शाहनवाज हसन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पोर्टल आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराते हुए नगर की डूडा कॉलोनी में बने आवासों पर सम्बंधित अधिकारियों द्वारा निजी स्वार्थ कि पूर्ति के लिए नगर से बाहरी व आपात्रों को अवैध रूप से कब्जा तथा अवैध आवंटन करा दिया गया। जबकि नगर निवासी बेसहारा गरीब व्यक्ति के परिवार डूडा कॉलोनी में आवास आवंटित होने के बावजूद हाथ में रसीद लिए कब्जा लेने के लिए भटक रहे हैं। नगर के मौहल्ला चिरंजी लाल निवासी ओमवती पत्नी मान सिंह रसीद संख्या 27 तथा धीरू सिंह पुत्र दयाल सिंह रसीद संख्या 28 जैसे असहाय गरीब परिवार डूडा कॉलोनी में आवास आवंटित होने के बावजूद कब्जा लेने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे है। कहीं भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही है समाजसेवी शाहनवाज हसन ने गरीबों का दुख दर्द देखते हुए मुख्यमंत्री को शिकायत कर निष्पक्ष जांच उपरांत अवैध कब्जा धारियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए पीड़ित पात्र परिवारों को कब्जा दिलाने की मांग की।



गौरतलब है कि नगर में गरीब, जरूरतमंद पात्र परिवार टूटे-फूटे कच्चे आवासों में जीवन व्यतीत कर रहे हैं, जिन्हें आज तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला। यही हाल डूडा आवास योजना का है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भारी मात्रा में रसूखदार पूंजीपतियों को प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास आवंटित कर दिए गए, जो उन्होंने किराए पर चला रखे हैं। यदि ईमानदार अधिकारी द्वारा जांच कराई जाए तो 50% डूडा कॉलोनी खाली हो जाएगी और कई परिवारों को उनका हक मिल जाएगा। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में यहां अपराधों का ग्राफ तो गिरा परंतु अधिकारियों का भ्रष्टाचार चरम पर है।

## एक नजर

### महापुरुषों को दी श्रद्धांजलि



**नगीना।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने कार्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए और राष्ट्र की एकता, स्वतंत्रता व अखंडता की शपथ दिलाई। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने इस अवसर पर गांधी जी के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी घटनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार गांधी जी राष्ट्रपिता कहलाए और उन्हें स्नेहपूर्वक बापू कहा जाने लगा। इसी क्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी ने दायित्वों को बेहतर तरीके से निभाने पर कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का भी आह्वान किया गया।

### मेले में खोया बच्चा मां-बाप को सौंपा



**अफजलगढ़।** मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीम दशहरा मेला में चैकिंग व शान्ति व्यवस्था ड्यूटी कर रही थी। उसी दौरान एक महिला ने बताया कि उसका ढाई वर्ष का बच्चा रितिक खो गया है। सूचना मिलते ही मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम बच्चे को इधर-उधर तलाश करने में लग गई तथा उसकी माँ को सांत्वना देती रही। काफी तलाश के बाद बच्चा खिलौने की दुकान के पास रोता हुआ पाया गया। बच्चे को उसके माता-पिता को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया। टीम में थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह, उ.नि. प्रवीण कुमार, थाना उ.नि. जयवीर सिंह, उ.नि. श्रीमति रीनू पंवार, का. विशाल, का. रजनीश, का. दीपा शामिल थे।

### रेलवे फाटक के जल्द निर्माण की मांग



**नगीना।** आजाद समाज पार्टी के नगर अध्यक्ष असलम सिद्दीकी ने बताया कि कालाखेडी फाटक के अंडरपास निर्माण कार्य जो काफी समय से रुका हुआ है। जिससे नगीना व आस-पास के गांव के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी को लेकर नगीना सांसद एडवोकेट चन्द्रशेखर आजाद के निर्देशानुसार नगीना-कालाखेडी फाटक पर पहुंचकर स्टेशन मास्टर नगीना से मिले। स्टेशन मास्टर ने एयर असिस्टेंट डिवीजन इंजीनियर नजीबाबाद जेपी सिंह से बात कराई। उन्होंने कल (आज) से ही अंडरपास पर काम शुरू करने का आश्वासन दिया। श्री सिद्दीकी ने कहा कि अगर अंडरपास का काम जल्द शुरू नहीं किया गया तो भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी (काशीराम) बड़ा आंदोलन करेगी। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि नगीना लोकसभा रोहित सागर, प्रदेश सचिव आरिफ मालिक, विपिन गुथलिया, जिला उपाध्यक्ष पृथ्वी सिंह, निपेन्द्र कुमार, असलम सिद्दिकी नगर अध्यक्ष नगीना, सुनील जिला उपाध्यक्ष भीम आर्मी, आशीष रवि, अजय कुमार, अमित कुमार, अरविंद सिंह, रेहान आदि मौजूद रहे।

### गांधी मूर्ति पर विचार गोष्ठी



**नगीना।** अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले पूज्य महात्मा गांधी व जय जवान जय किसान का नारा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर नगर के कांग्रेस जनों ने गांधी मूर्ति पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अब्दुल वाहिद अंसारी ने की तथा संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता व कांग्रेसी एडवोकेट राकेश मिश्रा ने किया। विचार गोष्ठी में अपने विचार प्रकट करते हुए जिला उपाध्यक्ष शेख अंजार ने कहा कि महात्मा गांधी के उसूलों पर चलकर देश ने अंग्रेजों से आजादी हासिल की थी। विचार गोष्ठी में जिला सचिव अभिषेक मिश्रा व जिला सचिव इश्तियाक अहमद उर्फ बाबू भाई ने बरेली में हुई घटना में हिंसा की घोर निंदा की और प्रदेश के मुख्यमंत्री का आह्वान किया की घटना की एसआईटी से जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाए। विचार गोष्ठी में काजी अरशद मसूद, अकबर जावेद, मास्टर अली हसन, रईस राज, शोएब सिद्दीकी, इरफान सिद्दीकी, एडवोकेट दिलशाद मौजूद रहे।

### एसडीएम को सौंपा मांग पत्र



**चांदपुर।** अखिल भारतीय किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। मांग पत्र में कहा कि आजकल बढ़ती मंहगाई, आत्महत्याएं, शिक्षा व बेरोजगारी, सार्वजनिक क्षेत्र व असंगठित क्षेत्र में रोजगार की समस्या, किसानों की फसलों के लाभकारी दाम नहीं मिलने से बच्चे अच्छी शिक्षा से वंचित हो रहे है जो कि अत्यंत ही चिंता का विषय है। आम जनता थाना तहसीलों में बढ़ते भ्रष्टाचार से परेशान है। रोजगार न मिल पाने से बेरोजगार युवा कुंठित हैं। गन्ना मिलों को अक्टूबर माह में ही चालू कराने, गन्ने का दाम 450 रू. प्रति कुंतल करने, किसान की आयु 60 वर्ष होने पर 6 हजार रू. मासिक पेंशन देने, प्रदेश मे विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा में निजीकरण नहीं करने, जर्जर सड़कों को शीघ्र बनवाये जाने व गंगा नदी पर बांध की मांग को पूरा किये जाने, बिजली की जर्जर लाईनों को शीघ्र बदलवाये जाने की मांग की गई। मांग पत्र पर कृष्ण कुमार, तुलाराम सिंह, जोगेन्द्र सिंह, राजेन्द्र सिंह, जगराम सिंह, दयाराम सिंह आदि के नाम व हस्ताक्षर है। मांग पत्र देने वालों में कामरेड अमर सिंह का विशेष सहयोग रहा।

# विशेष संचारी अभियान को बनाएं सफल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्लान के अनुसार कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### ❍ जिलाधिकारी ने बैठक में ली जानकारी

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरूआत 11 अक्टूबर से शुरू होनी है। दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन को द्वितीय अन्त र्विभागीय बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशों के क्रम मे मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के साथ साथ अन्य विभाग यथा शिक्षा विभाग, पंचायतीराज विभाग, नगर विकास विभाग, बाल विकास पुष्टाहार, सूचना विभाग,उद्यान विभाग,कृषि विभाग से आये अधिकारी/प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। साथ ही सहयोगी एवं मॉनीटरिंग विभाग यूनीसेफ के प्रतिनिधि डा. प्रवीन द्वारा प्रतिभाग किया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि वह प्लान के अनुसार ही अभियान में कार्य करना सुनिश्चित करें। साथ ही उनके द्वारा नगर विकास एवं पंचायती राज विभाग को निदेशित किया गया कि मलेरिया विभाग द्वारा जो संवेदनशील ग्रामों व वार्डों की सूची उपलब्ध करायी गयी है उसमें विशेष रूप से कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। डा. पकंज विश्नोई अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि माइक्रोप्लान के अनुसार अभियान में कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होने नगर विकास विभाग एवं पंचायतीराज विभाग से ग्राम अथवा वार्ड में फॉगिंग, एंटी लार्वा, एक्टीविटी तथा नालियों की सफाई का कार्य सम्पादित करायें। डा. प्रवीन कुमार ने ब्लाक स्तर पर जो बैठके हुई है और विभागवार जो कार्य सम्पादित कराये जाने है उसकी जानकारी दी।



सम्भल- कलैक्ट्रेट सभागार में नगर पालिका अध्यक्षों की बैठक में बोलते डीएम डा. राजेन्द्र पैंसिया।

# जुमे की नमाज पर बरती गई सतर्कता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बरेली हिंसा के बाद पहले जुमे पर जनपद में भी पूरी तरह सर्तकता बरती गई। सुरक्षा के लिए पुलिस-प्रशासन की ओर से कड़ी व्यवस्था की गयी। देश और दुनिया में अमनो-अमान की दुआ के साथ जुम्मे की नमाज पूरी तरह शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में अदा की गई। जबकि ड्रौन कैमरों से भी निगरानी की गयी।

बरेली में हुई हिंसा के बाद से जिले में पूरी तरह से सर्तकता बरती जा रही है। हिंसा के बाद पहले जुमे पर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से अर्लट रहा। जुमे की नमाज नमाज के दौरान पीएसी और आरआर एफ के जवानों को जगह-जगह तैनात किया गया। संवेदनशल क्षेत्रों में पूरी तरह से

### ❍ड्रौन कैमरों से की गई निगरानी, डीएम एसपी ने स्वयं लिया जायज़ा

अहतियात बरती गई। नमाज के दौरान ड्रोन कैमरों से भी अधिक भीड़ वाले क्षेत्रों की निगरानी की गई। जबकि जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पेंसिया और पुलिस अध ीक्षक के के विशनोई ने एतिहासिक शाही जामा मस्जिद पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों व पुलिस जवानों को सर्तकता बरतने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि शांति व सौहार्द बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। लगातार सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की जा रही है। साथ ही हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह पुलिस-प्रशासन तैयार हैं। जुमा की नमाज में देश और दुनिया व शहर में अमन की दुआ के साथ शांति पूर्वक सम्पन्न हो गयी।

# सम्भल रेल लाइन से जोड़े जाएं अन्य जनपद

शाह टाइम्स ब्यूरो

- ❍ बैठक में सम्भल के सभासदों ने सुझाव देकर रखी मांग
- ❍वार्डों में विकास कार्यों को लेकर डीएम ने की चर्चा
- ❍सभी वार्डों में समान विकास कार्य कराने के दिए निर्देश
- ❍नगर पंचायतों व नगर पालिकाओं के सीमा विस्तार पर भी हुई चर्चा

**सम्भल।** स्थानीय निकायों के नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अध्यक्ष एवं पार्षदों के साथ बैठक में उत्तर प्रदेश 2047 के विजन डॉक्यूमेंट को सुझाव लिए और विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए वार्डों में समान रूप से कार्य कराने के निर्देश दिए गए।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार ने समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश/2047 के विजन डॉक्यूमेंट के लिए सुझाव लेने को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन समग्र विकास, आर्थिक नेतृत्व, सांस्कृतिक पुनर्जागरण। प्रमुख थीम हैं। जबकि अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति एवं जीवन शक्ति। अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर निकायों में एक पुस्तकालय का निर्माण कराया जाए तथा इसमें हर आयु वर्ग से संबंधित उपयुक्त पुस्तकें रखी जाएं। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने मिशन शक्ति 5.0 अभियान ककी जानकारी देते हुए कहा कि मिशन शक्ति के अन्तर्गत शक्ति पुंज एवं शक्ति सम्मान पुंज बनाये गये हैं। जिलाधिकारी ने सम्भल संवाद एप के बारे में बताते हुऐ कहा कि इस एप के माध्यम से जनपद की प्रमुख जानकारी मिलेगी तथा जियो लोकेशन के अनुसार विभिन्न विभाग तथा बैंक, एटीएम, आदि की जानकारी प्राप्त हो सकती है। बैठक में नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अध्यक्षों तथा पार्षदों से विभिन्न मुद्दों पर सुझाव लिये गये। साथ नगर पालिका एवं नगर पंचायत के सीमा विस्तार पर चर्चा की गयी। नगर पालिका सम्भल के अन्तर्गत वार्डों में नालियों में गोबर बहने की समस्या रखी गयी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिाकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ सम्भल को रेललाइन से अन्य जनपदों से जोड़ने को लेकर भी पार्षदों द्वारा सुझाव रखा गया। वार्डों में विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने वार्डों में समान रूप से कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बहजोई में कुओं के जीर्णोद्धार को लेकर पार्षद द्वारा बात रखी गयी। डीएम ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलक्टर नीतू रानी तथा निधि पटेल एवं समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अध्यक्ष, और अधिशासी अधिकारी तथा नगरीय निकाय के पार्षद उपस्थित रहे।

# बंदरों ने बच्चे पर हमला कर किया घायल

शाह टाइम्स संवाददाता


**बबराला।** बंदरों ने बच्चे पर हमला कर घायल कर दिया। घायल बच्चे को अस्पताल लाया गया। बृहस्पतिवार को गुन्नौर के गांव ईसमपुर सैलाब में बन्दरो ने बच्चे पवन पुत्र राजवीर पर झपटटा मार कर घायल कर दिया। घायल को परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लेकर आए। डाक्टर ने उपचार देकर घर भेज दिया।

# अत्याचारी का वध करके बनाया मानव जीवन खुशहाल

### ❍रामलीला प्रांगण में रावण वध का हुआ मंचन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** आदर्श श्री रामलीला कार्यक्रम में पूर्व एम.एल.सी. परमेश्वर लाल सैनी, आर.एस.एस. के धीरेन्द्र प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी डा. मणि भूषण त्रिपाठी न. पा. परिषद सम्भल, कमलकांत तिवारी, श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनंत अग्रवाल, प्रबंधक वैभव गुप्ता, लक्षित सिंघल,अनुराग गुप्ता, पिंकू त्यागी द्वारा भगवान गणेश का विधि -विधान से पूजन कर श्री राम दरबार की आरती उतारी गई। कार्यक्रम में रावण वध मंचन से पूर्व श्रद्वालुओं को संबोधित करते हुए व्यास जी ने बताया कि रावण के पास विशाल सेना थी जिसके कारण वह बहुत शक्तिशाली माना जाता था, परंतु भगवान श्री राम के पास विभीषण, हनुमान और जामवंत जैसे बुद्विजीवी योद्वा थे, जिसके कारण श्रीराम ने रावण जैसे अत्याचारी का वध करके समस्त पृथ्वी लोक पर मानव का जीवन खुशहाल व सुखदायी बना दिया। उन्होंने कहा कि रावण वध का लीला मंचन रामलीला का अंतिम



सम्भल- नगर पालिका में रामलीला मंचन करते कलाकार।

और महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। तत्पश्चात समस्तीपुर बिहार के कलाकारों ने रावण वध का मनमोहक मंचन किया। भगवान श्री राम और रावण के बीच युद्व के साथ प्रारंभ होता है, जिसमें रावण अपनी पूरी सेना के साथ युद्व करता है। रावण के भाई विभीषण, भगवान श्री राम के पक्ष में होते हैं, वे श्री राम को रावण के वध का गुप्त तरीका बताते हुए कहते हैं कि रावण की नाभि में अमृत भरा है, जिसमें तीर मारने से नाभि का अमृत सूख जाएगा और रावण का वध हो जाएगा। इस बात पर अमल करते हुए श्री राम, रावण के वध के लिए उसकी नाभि में बाण मारते हैं, जिससे अमृत सूख जाता है। अमृत के सूखने के बाद, श्रीराम रावण पर बाण चलाकर उसका वध करते हैं। रावण वध होते ही समूचा मंचन स्थल जय श्री राम जय श्री राम के जयकारों से गूँज उठता है। कार्यक्रम की व्यवस्था अनंत अग्रवाल, वैभव गुप्ता, अनुराग गुप्ता, शंकर शर्मा, पंकज सांख्यध र, उज्ज्वल सक्सेना ने सम्भाली। संचालन उमेश शर्मा एड. ने किया।

# कल्कि महोत्सव की तैयारियों का डीएम ने किया निरीक्षण

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** कल्कि महोत्सव/ विकासोत्सव को लेकर तैयारियों को अन्तिम रूप दिया जाने लगा है। बड़ा मैदान पर होने वाले आयोजन स्थल पर चल रही तैयारियों का डीएम ने निरीक्षण किया और दिशा-निर्देश दिए।

कलैक्ट्रेट के निकट स्थित बड़ा मैदान पर कल्कि महोत्सव/ विकासोत्सव का आयोजन किया जाना हैं जिसके लिए तैयारियां तेजी से हो रही है। 6 अक्टूबर को होने वाले आयोजन को लेकर की जा रही तैयारियों का जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने पहुंचकर जायजा लिया पांडाल एवं स्टालों के स्थलों का निरीक्षण करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जबकि तेली रोड बहजोई स्थित निरीक्षण भवन में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया कर शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, डिप्टी कलक्टर/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बहजोई नीतू रानी, डिप्टी कलैक्टर निधि पटेल आदि मौजूद रहे।

# मानकों के विपरीत संचालित की जा रही काफी पैथोलॉजी लैब


शाह टाइम्स ब्यूरो

### ❍मानकों के विपरीत कुकुरमुत्तों की तरह खुली पैथोलॉजी लेबों पर नहीं लगाम

**सम्भल।** पैसे और दुनिया की चकाचौंध से प्रभावित नवयुवक गलत रास्ता चुनने से भी पीछे नही है। जल्द धन कमाकर धनकुबेर बनने की लालसा मन में वास कर गई है। तभी तो हर चिंता से दूर प्रत्येक सप्ताह एक नई पैथोलोजी लैब खुल रही है।

करीब बीस साल पूर्व लखनऊ में फर्जी ब्लड बैंक पकड़ में आया था। राजधानी में फर्ज़ीवाड़ा सामने आते ही प्रदेश भर का प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग चौकन्ना हो गया था। प्रशासनिक अधिकारियों ने अपना रूख पैथोलौजी लैब की ओर कर दिया था। जिसके तहत जगह-जगह अभियान चलाकर छापामार कार्यवाही की गई थी। नगर में कई लैब छापे की ज़द में आ गयी थी। अभियान के दौरान आनन-फानन में कार्यवाही कर एक लैब को सीज़ भी किया गया था। उससे टीम पर अनेको सवाल खडे किये गए थे, क्योंकि जिन मानकों को आधार बनाकर लैब सीज की गई थी, वही मानक अन्य लैब भी पूरे नही कर पा रहे थे। तब से कुछ समय तक कुकुरमुत्तों की तरह खुल रही लैबों पर विराम लग गया था,लेकिन समय बीत गया और फर्जी पैथोलोजी लैबों का खुलना ध ीरे-धीरे बढ़ता चला गया। हालत यह हो चुके हैं कि अब शहर ही नहीं, बल्कि गांव में भी पैथेलौजी लैब के बोर्ड लगे दिखायी देने लगे हैं। हालांकि क्वैक्स विभाग दावे तो बहुत बड़े करता है,लेकिन सच्चाइ और गोपनीयता से जांच की जाये तो क्वैक्स विभाग का कारनामा भी सामने लाया जा सकता है और अब तक छापामार कार्रवाई अथवा कथित पैथौलोजी लैब संचालकों के खिलाफ कितनी जांच व कार्रवाई की या उनसे कितना मोटा फीलगुड किया सारी सच्चाइ गोपनीयता और ईमानदारी के साथ जांच करने के बाद स्वत: ही सामने आ जायेगी।

## एक नज़र इधर भी



बबराला-बीआरएस डिग्री कॉलेज में जलता रावण का पुतला।

# बीआरएस डिग्री कॉलेज में रावण का दहन

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** दशहरा पर्व पर बबराला में रावण का दहन किया गया।नगर के बीआरएसबीएस डिग्री कालेज में रावण का दहन हुआ। रावण का दहन श्रीराम द्वारा किया गया।रावण का दहन होते ही आतिशबाजी छूटने लगी। रावण देखते ही देखते धू धू कर जल उठा। इस मौके पर अरुण कान्त वार्ष्णेय, प्रशान्त, डिम्पल अनिल गुप्ता, सुरेश गुप्ता, अरविंद, वीर प्रकाश आदि नगर व आसपास के लोग मौजूद रहे।



सम्भल-महिलाओं को दस हजार दीपावली बोनस देते नगर मजिस्ट्रेट।

# 10 महिलाओं को दिया दीपावली बोनस

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** मिशन शक्ति के तहत कलर फैक्ट्री में महिला मजदूरों को दीपावली बोनस धनराशि देकर आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। नगर मजिस्ट्रेट, सुधीर कुमार ने नगर सम्भल में संचालित कलर कम्पनी के स्वामी ब्रजेश कुमार गुप्ता से वार्ता की। उन्होने फैक्ट्री में मजदूरी करने वाली कुल 10 महिलाओं को उ.प्र. सरकार सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान एवं आगामी त्यौहार दीपावाली के मददेनजर प्रत्येक महिला को 10-10 हजार रूपये बोनस एकमुश्त नकद वितरित कर आर्थिक सहयोग प्रदान कराया।

# बाल विवाह अभिशाप नाटक का मंचन

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बबराला में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वाबलंबन के अभियान मिशन शकित 5.0 के तहत महिलाओं, बालिकाओं और समाज को प्रेरित करने के उद्देश्य से 'बाल विवाह-समाज के लिए अभिशाप नामक एक नाटक प्रस्तुत किया। जिसे कक्षा 9 की छात्राएं यतिका, निशा, रेखा, शिवानी, मोहिनी, डॉली, नंदिनी और रेनू ने प्रस्तुत किया। नाटक को प्रस्तुत करने में शिक्षिका मीनाक्षी और महक काजी ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया। इस दौरान प्रधानाचार्य अल्पना चौधरी व समस्त शिक्षिका और स्टाफ उपस्थित रहा।

# हयात नगर में दशानंद का पुतला दहन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** हयातनगर उम्मेदराय इन्टर कालेज के परिसर व रामलीला ग्राउंड में दशहरे मेले का उद्घाटन कर रावण का वध किया गया। दशहरे मेले का उद्घाटन कनक सक्सेना नैनीताल व किरण देवी ने किया। जबकि मुख्य अतिथि काजल दीप वार्ष्णेय एड. एवं नीलम गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया।

तत्पश्चात राम, रावण का युद्ध प्रारम्भ हो गया युद्ध होने के पश्चात जय श्री राम के उदघोष चारों ओर होने लगे, भगवान राम के स्वरूप ने धनुष पर प्रतिन्जा चढ़ाकर अग्निवाण से रावण की नाभि पर वार कर दिया। अग्निवाण के वार से अधर्मी रावण का पुतला धूं-ध ूं कर जल उठा। इसी के साथ बुराई के प्रतीक स्वरूप रावण का विनाश हो गया। रावण के अध जले शरीर की अस्थियां मेला दशनार्थ को आए उपस्थित लोग अपने-अपने घर को ले जाने लगे। बताया गया कि इन अस्थियों को बच्चे बूढ़ों के गले में बाधने से हर बला व बीमारी से बचाया जा सकता है। ऐसी परम्परा शुरू से चली आ रही है। दशहरे में लगे मेले में बच्चों ने अपने मनपसंद के खोल खिलौने जमकर खरीदे,जबकि महिलाओं ने सौर्न्दय प्रसाधन का सामान खरीदा। मेले में चाट-पकौड़ी की दुकानों पर भी बड़ी भीड़ रही। मेले में चौध री, हयात नगर कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार, साहू विजयपाल, जय प्रकाश गुप्ता, साहू दिनेश गुप्ता, नीरज बजाज आदि मौजूद रहे।

# मनुष्य ही नहीं पशुओं में भी होता है चिढ़चिढ़ापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** तनाव और चिड़चिड़ापन सिर्फ मनुष्यों में ही नहीं होता,बल्कि पशु भी इससे ग्रस्त होते हैं। ऐसी दशा में जानवर हमलावर हो जाते हैं। गर्मी के चलते कुत्तों और बंदरों में तनाव अधिक बढ़ जाता है। नतीजन उनके हमले तेज हो रहे हैं।वह लोगों को काट रहे हैं। ऐसी कई घटनाएं घटित हो चुकी हैं। इसका आंकड़ा सरकारी अस्पतालों में इंजेक्शन लगवाने आने वालों लोगों की संख्या से लगाया जा सकता है। जंगल कटने के बाद बंदरों के सामने खाने का संकट पैदा हो गया।इसके बाद उन्होंने आबादी क्षेत्र में अपना डेरा जमा लिया। उसके बाद खाना न मिलने के कारण उनमें चिड़चिड़ापन आ रहा है। यह लोगों को देखकर एकदम काटने को दौड़ते हैं।कुत्ते भी गर्मी में हमलावर हैं। पालतू कुत्ते भी आने जाने वालों पर झपट रहे हैं।

# बीआरएस के मैदान में टीमों ने दिखाया दमखम

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** बाबूराम सिंह इंटर कालेज बबराला में जिला स्तरीय खो-खो खेल प्रतियोगिता बालक और बालिका वर्ग की आयोजित की गई। प्रतियोगिता का उद्घाटन बीआरएस इंटर कॉलेज प्रधानाचार्य जगन्नाथ सिंह एवं डायरेक्टर आरपीएस पब्लिक स्कूल जुनावई डा. फराह हाशमी ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में बबराला संकुल, जुनावई, चन्दौसी, सम्भल के बालक और बालिका वर्ग की सीनियर, जूनियर और सब जूनियर टीमों ने भाग लिया। जिसमे बालक वर्ग के और बालिका वर्ग की 24 टीमो ने भाग लिया। बालक वर्ग सीनियर अंडर-19 में चन्दौसी व बबराला का मैच टाई रहा, जूनियर वर्ग अंडर 17 में बबराला विजयी रहा। सब जूनियर वर्ग अंडर-14 में बबराला विजयी रहा। सीनियर बालिका अंडर-19 में बबराला और चन्दौसी का मैच टाई रहा। जूनियर अंडर-17



बबराला- जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारम्भ करते।

और सब जूनियर अंडर-14 दोनो में बबराला खोखो टीग विजयी रही। प्रतियोगिता में चयनकर्ता के रूप में राकेश कुमार दिनकर, व्यायाम शिक्षक उम्मेदराम,चन्द्रप्रकाश, फूलचन्द औरश रितु को जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नामित किया गया। बालक वर्ग में छात्रो की पात्रता का कार्य आवश कुमार, सर्वेश कुमार, देवेश कुमार, प्रेमपाल ने किया और वालिका वर्ग में छात्राओं की पात्रता अन्नपूर्णा भटट, मीनाक्षी ने कार्य का निर्वहन किया। स्कोरर के रूप में ललतेश रहे। इस दौरान सुमन यादव, गायत्री, फिलिप दीपेन्द्र कुमार, तेज प्रकाश, हरीश चंद्र गुप्ता, वेद प्रकाश, कृष्णकान्त शर्मा, राजकुमार राधेश्याम शर्मा, दीपक शिवप्रकाश शर्मा, अवधेश कुमार आदि रहे।

# गुन्नौर में निकला स्वयं सेवकों का पथ संचलन

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** शताब्दी वर्ष में संघ द्वारा गुन्नौर में स्वयं सेवकों का पथ संचलन निकाला। स्वंयसेवकों ने कहा कि हम उस संघ से जुड़े हैं जो 100 सालों से राष्ट्र सेवा करते आ रहा है, और संघ की कोशिश है सभी हिन्दुओं को एकजुट करना। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर गुन्नौर के शिव मंदिर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन निकाला गया उसमें सभी स्वयंसेवक बंधु रहे। पथ संचलन मोहल्ला सराय, सदर बाजार होते हुए मन्दिर पर आकर समाप्त हुआ। पदाधिकारियों ने कहा कि यह संचलन केवल अनुशासन और संगठन का प्रतीक नहीं है, बल्कि राष्ट्रप्रेम, संस्कार और एकात्म भाव का जीवंत संदेश भी देता है।कदम से कदम मिलाकर



चल रहे स्वयं सेवक यह बता रहे हैं कि भारत की संस्कृति, परंपरा और गौरव ही हमारी असली पहचान है। पथ संचलन समाज को जोड़ने, युवाओं में अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने का एक माध्यम है। यही संघ की शिक्षा है। व्यक्तिगत विकास से राष्ट्रीय उत्थान तक। संघ के शताब्दी वर्ष पर, राष्ट्रभक्ति का दीप और प्रखर हुआ है। 100 वर्षों की तपस्या, एकता, संस्कार और सेवा की गाथा है। शाखाओं से संस्कार तक, सेवा से समर्पण तक आरएसएस ने इतिहास रचा। सौ वर्ष पूर्ण, पर राष्ट्रनिर्माण की यात्रा अनवरत जारी है।

# महिलाओं की भूमिका सशक्त बनाने को किया जागरूक

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** मिशन शक्ति फेस 5.0/एंटी रोमियो अभियान के अंतर्गत महिलाओं ओर छात्राओं को उनके अधिकारों व उनकी समाज में सशक्त भूमिका बनाने को जागरूक किया।

थाना रायसत्ती क्षेत्र के ग्राम रामपुर उर्फ यारपुर के पंचायत सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं/ छात्राओं को उनके अधिकारों समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने के लिए उन्हें शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध व बाल श्रम अपराध, लैंगिक समानता के बारे में जागरूक किया। जबकिं बताया गया कि मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य न केवल महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वास्थ्य बारे में जागरूक करना है, बल्कि उन्हे सशक्त बनाकर समाज में



सकारात्मक बदलाव भी लाना है। कार्यक्रम में महिलाओं और छात्राओं से किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करने पर भी ज़ोर देते हुए तत्काल सहायता उपलब्ध कराने का भरपूर आशवासन दिया। तत्पश्चात वहाँ पर उपस्थित सभी महिलाओं की समस्या सुनकर उनका निस्तारण कराने के लिए आवेदन लिये गये। एवं उनको महिला हेल्पलाइन नंबर 181 वूमेन पावर लाइन नंबर 1090 मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन 1076 आपात कालीन नंबर 112 स्वास्थ्य सेवा नंबर 102 एंबुलेंस नंबर 108 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान उ. नि. मुकेश कुमार,उ. नि. उपदेश कुमार, हे.का. विकास गिरी,म.का. प्रियंका, का. 60 पीयूष शर्मा मौजूद रहे।

सम्बंध-विच्छेद

हमारा बेटा व भाई सलमान खां जो कि ग्रेटर नोएडा दिल्ली में रहता है और गलत संगत में पड़ गया है। सलमान की शादी मुस्कान से हो चुकी है। शादीशुदा होने के बावजूद उसका एक लड़की से मिलना-जुलना है। जब हम उसे समझाते हें तो वह हमारे साथ मारपीट करके उल्टा शिकायत दर्ज कराने की धमकी देता है। इसलिए हमने व हमारे अन्य बेटों ने उससे अपने सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं। अब सलमान खां द्वारा भविष्य में या पूर्व में किए किसी भी गलत कार्य, फर्जीवाड़े का जिम्मेदार वह स्वयं होगा। हमारा उससे कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**हारून पुत्र मुख्तार, काशमी पत्नी हारून** खुर्शीद, फारूख, जुबैर, इब्राहीम, सुहैल खान पुत्रगण हारून व कु. अलीना पुत्री हारून नि.गण ग्राम राजापुर गालबपुर तहसील व जिला सम्भल।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार

## भारी मात्रा में अवैध शस्त्र और शस्त्र बनाने के उपकरण पाकबड़ा पुलिस ने किए बरामद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना पाकबड़ा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है, पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बरामद किए हैं।शुक्रवार को पाकबड़ा पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा करते हुये दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध शस्त्र और अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किये हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के द्वारा अवैध शस्त्र रखने एवं बनाने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत व पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह के कुशल निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी हाईवे के निकट पर्यवेक्षण में अपराधियो के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए थाना पाकबड़ा पुलिस ने दो आरोपियों सरकार हुसैन पुत्र फारूख मूल।निवासी ग्राम भोला नगला थाना टाण्डा जिला रामपुर हाल. निवासी हासमपुर चौराहा डींगरपुर रोड़ मस्जिद के सामने किराये का मकान थाना पाकबड़ा जनपद मुरादाबाद और जहरूल पुत्र रफीक निवासी ईदगाह के पीछे थाना पाकबडा को दिल्ली रोड़ के किनारे बने खण्डर से अवैध शस्त्र, अधबने शत्र, खोखा कारतूस एवं अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि हम लोग अवैध तमंचा बनाकर अन्य जनपदों में भी जाकर बेचते हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# रामलीला के कलाकार हुए सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** बिलारी। नगर के मंदिर पौडाखेड़ा में सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के तत्वाधान में चले रामलीला मंचन के अंतिम दिन एकता कला मंच मुरादाबाद के कलाकारों को सम्मानित किया गया। नगर मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन, उपाध्यक्ष पंकज चौहान, विशाल क्वात्रा, महामंत्री दुष्यंत चौहान और भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता एडवोकेट ने कलाकारों को शील्ड देकर सम्मानित किया। सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाने पर सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट अध्यक्ष पंकज चौहान और संजय सक्सेना को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। डायरेक्टर योगेश कुमार योगी के अलावा सीता की भूमिका निभाने वाली मुस्कान, रावण भूपेंद्र शर्मा, राम श्रेष्ठा शर्मा, लक्ष्मण बंटी, हनुमान जी अंकित शुक्ला, स्वरूप सज्जाकार राम लखन, सोनू सैनी दशरथ, सूरज सैनी विश्वामित्र, अर्जुन सुमंत,हास्य कलाकार शिवांश, ढोलक वादक तूफानी समेत कुल 21 कलाकारों को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में चार सह कलाकार भी शामिल हैं।

## एक नजर

### अस्पताल पहुंचकर पुलिस ने मरीजों को कराया सरकारी योजनाओं से रूबरू



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रम की श्रृंखला में आज पुलिस सरकारी अस्पताल पहुंची और वहां दवाई लेने आई महिला मरीजों को सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया। बताया कि विधवा पेंशन वृद्धा पेंशन सुकन्या समृद्धि प्रधानमंत्री आवास मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आदि चल रही योजनाएं महिलाओं के लिए सरकार ने जारी की है इसलिए सभी को इसकी जानकारी होनी चाहिए तभी महिलाएं उनसे लाभ उठा सकती है। उन्होंने हेल्पलाइन नंबर 1090- 181- 112- 102- 108- 1076- 1098- 1930 आदि के बारे में महिलाओं को जागरूक किया साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के लिए पंपलेट बांटे गए। इस मौके पर कांस्टेबल अभय बलियान महिला कांस्टेबल हिना माधवी आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने कराई जुमे की नमाज सकुशल संपन्न



**कांठ( शाह टाइम्स )** बरेली में हुए बवाल के बाद पुलिस चौकन्ना हो गई और आज अपनी निगरानी में जुम्मे की नमाज सकुशल संपन्न कराई सर्वविदित है कि आई लव मोहम्मद को लेकर की जा रही राजनीति का असर बरेली में सामने आया लोगों ने सड़कों पर उतरकर बवाल शुरू किया तो पुलिस को लाठी चार्ज करना पड़ा। इसके बाद प्रदेश में अलर्ट जारी किया गया।

पुलिस ने शहर शहर सतर्कता बरतनी शुरू कर दी आज जुम्मे की नमाज को लेकर पुलिस सुबह से ही मस्जिदों के आसपास तैनात की गई लेकिन कांठ और उमरी कला में किसी भी तरह की कोई बात नहीं हुई नमाज सकुशल संपन्न होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली, किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस ने पहले ही अपनी तैयारी कर रखी थी जिसका नतीजा यह हुआ कि क्षेत्र से किसी भी तरह की कोई अपिर्य घटना की जानकारी नहीं मिल पाई।

### विश्व हिंदू परिषद ने दशहरे मेले में लगाया प्याऊ, जल पिलाकर की लोगों की सेवा

**बिलारी।** नगर के सहसपुर स्थित ऐतिहासिक दशहरे मेले में विश्व हिंदू परिषद के सेवा विभाग द्वारा प्याऊ लगाया गया जिसका शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता धर्मेंद्र गांधी ने किया इस मौके पर यहां जल का महत्व बताते हुए बताया गया कि भीषण गर्मी में लोगों को प्यास से राहत देने के लिए निशुल्क जल की व्यवस्था की गई है।

जिसमें कार्यकर्ता सुबह से लेकर रात तक जल पिलाने का काम करेंगे मेले में भीड़ ज्यादा होने के कारण सारी व्यवस्थाएं धूमिल हो जाती हैं ऐसे में लोगों को जल मिलना मुश्किल होता है इसी उद्देश्य से लोगों को राहत देने के लिए प्याऊ की व्यवस्था की गई है। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के जिला सेवा प्रमुख जयदेव मौर्य नगर अध्यक्ष रजनीश गर्ग प्रगति मौर्य एसपी कंडेरा सुरेंद्र शर्मा अंश मौर्य गोविंद गुप्ता सिद्धार्थ मौर्य विजय सक्सेना राहुल आदि लोग उपस्थित रहे।

# ट्रिपल राइडिंग वालों के पुलिस ने काटे चालान



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** नियमित चेकिंग से छूट मिलने पर युवाओं ने ट्रिपल और फॉर राइडिंग की इंतहा कर दी है आज पुलिस के उप निरीक्षक ने इस और संज्ञान लिया तो कई ट्रिपल राइडर पुलिस की जद में आकर कार्रवाई का शिकार हो गए। बतादे की ट्रैफिक पुलिस द्वारा कांठ में नियमित चेकिंग की जा रही थी जिसकी वजह से बाइक सवार हेलमेट लगाकर चलने लगे और तीन या चार सवारी बैठा कर चलने से भी परहेज करने लगे थे लेकिन लोगों की परेशानी को देखते हुए कुछ समय से ट्रैफिक पुलिस की हलचल कांठ में बंद हो गई जिसका नतीजा यह हुआ की बाइक सवारो के सरों से हेलमेट दूर हो गया और तीन, चार या पांच युवाओं तक ने बाइकों पर बैठकर सड़कों पर बेखौफ फर्राटे भरने शुरू कर दिए। आज इसी तरह से दो बाईकों पर जा रहे सात लोगों को पुलिस के उप निरीक्षक ने रोक लिया और उनका चालान काटा, पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई से कुछ देर के लिए हड़कम्प मच गया लेकिन उसके बाद फिर हालत वही पुराने हो गए।

# आईएफटीएम में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' विषय पर आयोजित हुई कार्यशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए 'ट्रेनिंग इंडियाज वर्कफोर्स टु बि एआई-रेडी' शीर्षक के तहत "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस" विषय पर हाइब्रिड माध्यम से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाला समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है, जिसके माध्यम से कंप्यूटर द्वारा जटिल से जटिल कार्यों को आसानी से किया जा सकेगा। कार्यशाला में लखनऊ स्थित बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान (बीएसआईपी), विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार,



डॉ. निमिष कपूर

नई दिल्ली के वरिष्ठ वैज्ञानिक व एडीआईआरए के ट्रेनर डॉ. निमिष कपूर ने पत्रकारिता के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों व अन्य प्रतिभागियों को मीडिया और शोध कार्यों में एआई की उपयोगिता और महत्व पर विस्तार के साथ प्रकाश डाला।

डॉ. कपूर ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, चौट जीपीटी और मशीन लर्निंग के माध्यम से अनेक जटिल कार्य आसानी हो जाते हैं तथा एआई विविध भाषाओं में टेस्ट मैटर को अनुवाद करके कार्य को आसान बना सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को जटिल से जटिल कैलकुलेशन आसानी से कर सकने के साथ ही कंटेंट्स को सर्च करने के बारे में कई अभ्यास कराए।

डॉ. कपूर ने यह भी बताया कि एआई ऑडियो, वीडियो और डेटा का मनचाहे तरीके से पुर्ननिर्माण कर सकता है। कार्यशाला का शुभारंभ स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह एवं स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज की वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. राजकुमारी सिंह और पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग विभाग के विभागाध्यक्ष व कार्यशाला के संयोजक डॉ. राजेश कुमार शुक्ल ने भगवान श्री गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ. राजकुमारी सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व कार्यशाला के संयोजक डॉ. शुक्ल ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल के निदेशक डॉ. मोहन लाल आर्य ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि भविष्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में स्किल्ड युवाओं को रोजगार के ज्यादा अवसर प्राप्त होंगे, इसलिए विद्यार्थियों को अभी से ही क्षमतावान बनाना अति आवश्यक है।

इस कार्यशाला में ऑफलाइन तथा ऑनलाइन माध्यम से 50 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला के सफल आयोजन में आयोजन सचिव श्री पुलकित शर्मा एवं सुश्री रश्मि पाण्डेय एवं श्री राहुल शर्मा समेत कई अन्य शिक्षकों की विशेष भूमिका रही। कार्यशाला का संचालन हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मोहित मिश्रा ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन ने मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी आज तहसील पहुंचे और उन्होंने एसडीएम से किसानों की समस्याओं को लेकर बार्ता की। कहा गया कि कांठ में मिट्टी परीक्षण केंद्र स्थापित होना चाहिए कांठ टाउन के पानी की निकासी न होने के कारण खेती बर्बाद हो रही है उसका नाला बनवाया जाए खराब मीटर और गलत मीटर रीडिंग की समस्या बढ़ रही है उसको ठीक कराया जाए बिजली घरों पर रोस्टिंग का समय चश्पा किया जाए और चीनी मील अपने लिखित दिए हुए वादे के मुताबिक गन्ना सीजन शुरू होने से पहले गन्ना क्रय केंद्रों को बड़ा करें।

उन्होंने इन सभी समस्याओं का निस्तारण समय से कराए जाने की उप जिलाधिकारी से उम्मीद जताई और कहा कि निस्तारण न होने पर भारतीय किसान यूनियन को आंदोलन करना पड़ेगा।

इस मौके पर चौधरी ऋषिपाल सिंह देवेंद्र सिंह दर्शन सिंह हरदीप सिंह मनोज कुमार शिवराम बिश्नोई यशपाल सिंह राम अवतार सिंह नौबत सिंह सैंपल सिंह मेहर सिंह राहुल चौधरी प्रिंस चौधरी रामपाल सिंह धर्मपाल सैनी रामकला गुर्जर रणजीत सिंह अभय कुमार ओमराज बिश्नोई पियूष चौधरी आदि भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बारात से लौटते समय सड़क हादसे में एक की मौत

## बिलारी रोड ईंट भट्ट के पास गाड़ी से उतरते समय हुआ हादसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** गुरुवार की देर रात बारात से लौटते समय एक व्यक्ति की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई, मौत की सूचना मिलते ही बारातियों की खुशियां पल भर में गम में बदल गई,मूंढापांडे के गांव रौंडा से चिंपू की बारात बिलारी के गांव बिचौला गई थी, बारात के अधिकांश लोग लौटकर अपने घर पहुंच चुके थे,तेज सिंह अपने साथियों संग बोलेरो गाड़ी से बारात से अपने घर वापस लौट रहा था,इसी बीच बिलारी रोड पर ईंट भट्टे के पास तेज सिंह गाड़ी से नीचे उतरा तो एक ट्रैक ने तेज सिंह को रौंद दिया, जिससे तेज सिंह 40 वर्ष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, मृतक के परिजन के साथ पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था,शुक्रवार शाम चार बजे तेज सिंह का शव एम्बुलेंस से गांव पहुंचा तो शव को देख परिजन बिलख पड़े और तेज सिंह के शव को देखने वाले ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई,तेज सिंह मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था, मृतक के परिवार में पत्नी सीमा बेटियां रौशनी ,पल्लवी ,नैना और अमित ,अनिकेत दो बेटे है, बड़ी बेटी रोशनी की दो वर्ष पहले ही शादी की थी, तेज सिंह की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है,वहीं गांव में भी मातम पसरा हुआ है।

**प्रधानाध्यापक/इंचार्ज प्रधानाध्यापकः- निम्नांकित प्राथमिक / उच्च प्राथमिक / कम्पोजिट विद्यालय विकास खण्ड बिलारी, जनपद मुरादाबाद**

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुरादाबाद के पत्र संख्या एस0एस0ए0/ज0भ0/ 9095-98/ 2025-26 दिनांक 20.08.2025, एवं एस0एस0ए0/ज0भ0/ 5568-74/ 2025-26 दिनांक 22.09.2025 के द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुपालन में उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद नियंत्रणाधीन परिषदीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालयों के निम्नांकित जर्जर भवनों की नीलामी समिति द्वारा निम्न विवरणानुसार की जानी है।

| क्र० स० | विद्यालय का नाम | जर्जर भवन की न्यूनतम बोली की धनराशि | धरोहर की धनराशि | नीलामी हेतु तिथि | नीलामी का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PS CHANGERII | 64000 | 6400 | 08.10.2025 | पूर्वान्ह: 09.00 बजे |
| 2 | PS PALIA | 47000 | 4700 | 08.10.2025 | पूर्वान्ह: 10.00 बजे |
| 3 | PS SAID NAGAR URF NAYAGAON | 47000 | 4700 | 08.10.2025 | पूर्वान्ह: 11.00 बजे |
| 4 | PS SAMATHAL | 47000 | 4700 | 08.10.2025 | अपराहन : 12.00 बजे |
| 5 | JHS KHATA | 84000 | 8400 | 09.10.2025 | पूर्वान्ह: 09.00 बजे |
| 6 | PS BAGPURA | 46000 | 4600 | 09.10.2025 | पूर्वान्ह: 10.00 बजे |
| 7 | PS CHODHARPUR | 26000 | 2600 | 09.10.2025 | पूर्वान्ह: 11.00 बजे |
| 8 | JHS RAJA KA SEASHPUR | 139000 | 13900 | 11.10.2025 | पूर्वान्ह: 09.00 बजे |
| 9 | JHS SAFILPUR COMPOSITE | 65000 | 6500 | 11.10.2025 | पूर्वान्ह: 10.00 बजे |
| 10 | JHS BHOOR MARESI | 52000 | 5200 | 11.10.2025 | पूर्वान्ह: 11.00 बजे |
| 11 | PS NAGALIYA SHAHPUR | 29000 | 2900 | 11.10.2025 | अपराहन: 12.30 बजे |

नीलामी हेतु नियम व शतें सम्बंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं इंचार्ज प्रधानाध्यापक से प्राप्त कर सकते है।

**प्रधानाध्यापक/इंचार्ज प्रधानाध्यापक**
**उपरोक्त प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालय, विकास खण्ड बिलारी, जनपद मुरादाबाद।**

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं की अनोखी पहल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** ब्लॉक सभागार में मिशन शक्ति के तहत शुक्रवार को महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर, आपातकालीन सेवा आदि के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिप्टी कमिश्नर राजनाथ प्रसाद भगत सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति महिलाओं को मजबूत करने की दिशा में एक अनोखी पहल है। इसके माध्यम से उन्हें जागरूक करके आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। एडीओ आईएसबी अमरीश यादव ने कहा कि कभी भी किसी भी हाल में जब आपको अनहोनी की आशंका हो तो हेल्पलाइन नंबरों पर फोन जरूर करें, इससे पुलिस आपकी मदद करेगी और मनचलों पर कार्यवाही होगी, उन्होंने कहा कि गांव में जाकर के जितने महिला उप निरीक्षक हैं वह लोगों को मिशन शक्ति के बारे में जरूर जानकारी दें।

स्कूल की छात्र-छात्राओं को बारे में बात करके उन्हें जरूर जागरूक करें, स्कूल से आने जाने वाली छात्राओं से छेड़छाड़ करने वालों पर पुलिस कठोर कार्यवाही करेगी, जिससे अन्य लोग भयभीत हो और फिर पुन: भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति न करें,इस दौरान विरेंद्र कुमार, कोर्डिनेटर राजेश कुमार,वरखा रानी, स्वाति चौहान,एन आर .एल .एम. राजेश कुमार, कंचन, मंचला देवी, उर्मिला देवी, रामरती आदि मौजूद रहीं।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया गया जागरूक

**बिलारी।** आर पी वी एम इं कालेज स्योंडारा में प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति-5.0 अभियान संचालित किया गया। कार्यक्रम केअन्तर्गत विद्यालयों में विभिन्न सामाजिक मुद्दे जैसे जेन्डर स्टेरियो टाइप बाल विवाह पर जागरूकता उत्पन्न करने हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ अनुपम गुप्ता के निर्देशन में विभिन्न छात्र एवं छात्राओं को बाल विवाह जैसे सामाजिक कुरीतियों से जागरूक किया गया। जिसमें कक्षा बारहवीं की छात्राओं में इल्मा, पूजा यादव, नंदनी, खुशबू, लल्तेश, स्वाति, रजनी आदि अनेक छात्राओं ने भी कार्यक्रम में सहयोग किया।

एच० सी० जे० पी० 6 नं0 33
हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी/ए0 सी0 एम0 प्रथम महोदय, मुरादाबाद।**
**वाद संख्याः**-23094/2024
**कम्पयूटर वाद सं०**- टी20241354
**तारीख पेशीः** 6.10.2025
**अंतर्गत धारा**-38 (2)
उ0 प्र0 रा0 सं0 2006
**अन्जू बनाम सरकार आदि।**

सुमित पुत्र दानवीर सिंह निवासी ग्राम मडपुरा मझरा महेशपुर खेम तहसील व जिला मुरादाबाद।

चूंकि उपर्रिनामांकित के इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 06.10.2025 के दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बन्धक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रुप से सुना जायेगा मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 03.10. 2025 दिवस को निकाली गयी।

**न्यायालय**
**सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी/अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम मुरादाबाद।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बरवारा मजरा वि० ख० मुरादाबाद ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो/ग्रा.पं. बरवारा मजरा/ग्राम निधि एवं केन्द्रीय वित्त/2025-26 दिनांक: 03.10.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खंड मुरादाबाद की ग्राम पंचायत बरवारा मजरा में पंचायती राज अधिनियम एवं नियमावली 1947 ( यथा संसोधित 1994 ) के नियम संख्या 157 सहपठीत नियम संख्या 152 (क) एवं शासनादेश संख्या 58/2021/2350/33-3-2021-2257/2020-21 के क्रम में ग्राम निधि एवं केंद्रीय वित्त, आयोग के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म से निविदा आमंत्रित की जाती है, कार्य निम्नलिखित है।

| क्र० सं० | कार्य का प्रकार | प्राक्कलन लागत जीएसटी सहित | निविदा का प्रकार | सामग्री/पूर्ण कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि (रू० में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम में विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण/पुलिया निर्माण/सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | 354587 | सामग्री आपूर्ति | 292395 | 5848 | 250 | 3 माह |
| 2 | प्ले स्कूल से एमडीए नाला तक नाला और स्लैब निर्माण कार्य। | 458894 | सामग्री आपूर्ति | 370735 | 7415 | 250 | 3 माह |
| 3 | जाकिर के घर से हसीना के घर तक सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | 181779 | सामग्री आपूर्ति | 152003 | 250 | 250 | 3 माह |

**निविदा से संबंधित विवरण-**

| क्र. सं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रारम्भ | 04.10.2025 | प्रातः 10.00 बजे |
| 2 | निविदा समाप्त | 09.10.2025 | दोपहर 12.00 बजे |
| 3 | निविदा खोलने जाने का दिनांक | 09.10.2025 | दोपहर 03.00 बजे |

1. कार्य से सबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. आयकर व्यापार कर नियामानुसार देय होगा।
3. कार्यो का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृती प्राप्त हाने के उपरान्त किया जायेगा।
4. कार्यदेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढाने या घटाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा।

**सचिव/ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत बरवारा मजरा विकास खण्ड**
**मुरादाबाद, जिला मुरादाबाद**

# सड़क के चौड़ीकरण का नगर में काम पूरा कराने को लेकर एसडीएम ने लिखी विभाग को चिट्ठी



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** नगर में चल रहे मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण की धीमी चाल लोगों की मुसीबत बनती जा रही है इसमें आए दिन दोपहिया वाहन चालक चोट खा रहे हैं और चार पहिया वाहनों में भी प्रतिदिन नुकसान हो रहा है लापरवाही का नतीजा यह है की रेलवे फाटक के मोड पर खोदे गए गड्ढे को भी आज तक विभाग ने बंद करना जरूरी नहीं समझा है। बतादे की सहसपुर बॉर्डर से छजलैट तक सड़क का चौड़ीकरण होना है जिसमें सहसपुर से लेकर कांठ तक का कार्य लगभग पूरा हो गया है अब दो माह बाद नगर में चौड़ीकरण का काम शुरू हुआ लेकिन उसकी रफ्तार इतनी कम है कि लगभग दो सप्ताह बीच जाने के बाद भी नगर स्थित दो किलोमीटर का टुकड़ा अभी संबंधित ठेकेदार द्वारा नहीं बनाया जा सका लापरवाही के चलते गैस पाइप लाइन बंद करने को खोदे गए गड्ढे को भी आज तक ठेकेदार ने बंद नहीं कराया इससे किसी भी तरह की बड़ी दुर्घटना होने की आशंका निरंतर बढ़ती जा रही है। आज नगर के लोगों ने एसडीएम से सड़क के चौड़ीकरण के कारण खराब हुए किनारो को ठीक कराने की मांग उठाई कहा कि इसमें दो पहिया वाहन चालक रोज चोटिल हो रहे हैं और चार पहिया वाहनों में भी कुछ ना कुछ नुकसान होना आम बात हो गई है। उन्होंने कहा की धूल के गुब्बर उड़ने के कारण लोगों का सांस लेना दूभर हो गया है। और संबंधित ठेकेदार द्वारा कछुआ चाल से कार्य कराया जा रहा है।

उन्होंने नगर में चल रहे सड़क के चौड़ीकरण का काम शीघ्र पूरा कराने की मांग उठाई। एसडीएम ने संबंधित विभाग को इस बारे में चिट्ठी लिखी है।

**बेदखली सूचना**

हमने अपनी पुत्री फात्मा निशा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में फात्मा निशा के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **बाबर खां पुत्र श्री मुन्ना खां व श्रीमती नईम जहां पत्नी बाबर खां निवासीगण मंसूरी कॉलोनी जयंतीपुर रोड अली मस्जिद, तह. व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र अमित व पुत्रवधू श्रीमती पम्मी को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। आज के बाद रोहित व पम्मी के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। मेरा व मेरे पुत्र रोहित व पुत्री कुमारी रश्मि, कुमारी खुशबू, कुमारी सोनिया एवं पत्नी दुलारी देवी की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सत्यपाल पुत्र धन सिंह निवासी ग्राम सिरसखेड़ा थाना मूंढापांडे जिला मुरादाबाद।
मोबाईल नम्बर- 9520630937

# फूलवती हत्याकांड का खुलासा न होने पर कोतवाली में हंगामा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम माधोवाला निवासी 65 वर्षीय फूलवती पत्नी राजपाल सिंह चौहान की हत्या व लूटकांड का 11 दिन बाद भी खुलासा न होने से ग्रामीणों और व्यापारियों का गुस्सा फूट पड़ा। बुधवार को मृतका के परिजन, ग्रामीण व व्यापारी कोतवाली पहुंचे और पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आशीष प्रताप सिंह व कोतवाली प्रभारी संजय पांचाल का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। उन्होंने दो दिन में हत्याकांड का खुलासा न होने पर बाजार बंद कर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी।बताते चलें कि ग्राम माधोवाला निवासी फूलवती 23 सितंबर की दोपहर करीब 3 बजे घर से ठाकुरद्वारा के लिए निकली थीं, लेकिन शाम तक न तो घर लौटीं और न हीं उनके बेटे मनोज की बुध बाजार स्थित दुकान पर पहुंचीं। परि. जनों ने उनकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। 27 सितंबर की शाम गांव के एक किसान ने खेत के पास से दुर्गंध आने पर झाड़ियों में महिला का शव देखा और ग्रामीणों को सूचना दी। पहचान होने पर परिजनों व ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। शव को कब्जे में लेने पहुंची पुलिस का ग्रामीणों ने विरोध किया और शव को ठाकुरद्वारा-मुरादाबाद हाईवे पर रामू वाला गणेश चौराहे पर रखकर कई घंटों तक जाम लगाया। मौके पर पहुंचे एसपी देहात कुमार आकाश, सीओ आशीष प्रताप सिंह और कोतवाल संजय पांचाल ने समझा-बुझाकर जाम खुलवाया और वादा किया था कि रविवार तक हत्याकांड का खुलासा कर दिया जाएगा। 11 दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। इस पर बुधवार को ग्रामीणों व व्यापारियों का गुस्सा भड़क गया। वे कोतवाली पहुंचे और सीओ व कोतवाल का घेराव किया।

व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि दो दिन में हत्याकांड का खुलासा नहीं हुआ तो ठाकुरद्वारा का बाजार बंद कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। वही सीओ आशीष प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की जांच के लिए दस टीमें गठित की गई हैं। खुफिया तंत्र भी लगाया गया है। महिला के लापता होने से लेकर शव मिलने तक के रास्तों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए हैं। 800 से अधिक संदिग्धों के मोबाइल लोक. ेशन की जांच की गई। कमलापुरी व आसपास के नशेड़ियों से पूछताछ की गई है, लेकिन अभी तक कोई ठोस सुराग नहीं मिला। पुलिस एक दर्जन से अधिक बिंदुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा। इस दौरान मृतका के पुत्र मनोज सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल, नरेंद्र पाल सिंह, पवन अरोड़ा, पंकज गुप्ता, कामरेड करन सिंह, दलजीत सिंह, तुषार अग्रवाल, नरपाल सिंह, अंकुर चौहान उर्फ गोलू, गुरदीप सिंह, पवन कुमार, सतपाल सिंह, नवनीत कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व व्यापारी मौजूद रहे।

# महिला सुरक्षा टीम ने मेले में छात्रों को दी साइबर क्राइम व हेल्पलाइन की जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के में लगे मेले में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध से जागरूक करने एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से महिला सुरक्षा टीम 13 ने शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शरीफ नगर में मेले में गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी के दौरान उपनिरीक्षक ललित कुमार ने छात्र-छात्राओं को विस्तार से साइबर क्राइम की रोकथाम व उससे बचाव के उपाय बताए। इसके साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसेकृवृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, मातृ वंदना योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना आदि की जानकारी दी गई। टीम ने विद्यार्थियों को आपातकालीन सेवाओं की हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी अवगत कराया, जिनमें 108 एम्बुलेंस, 112 पुलिस हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 वूमेन पॉवर लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तथा 1930 साइबर हेल्पलाइन शामिल हैं। इस अवसर पर महिला हैड कांस्टेबल पूनम नीशू कॉन्स्टेबल गौरव कुमार ,योगेश कुमार आदि मौजूद रहे। उपनिरीक्षक ललित

# क्षेत्राधिकारी सहित महिला टीम को शरीफ नगर रामलीला कमेटी ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** पुलिस क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा , प्रभारी निरीक्षक संजय पांचाल ठाकुरद्वारा के निर्देशन व नेतृत्व में महिला सुरक्षा टीम 13 ठाकुरद्वारा मय अन्य पुलिस बल द्वारा ग्राम शरीफनगर रामलीला मंचन के दौरान महिलाओं को साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे-वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, मात्र वंदना योजना, पीएम आवास योजना आदि तथा आपातकालीन हेल्पलाइन 108 एम्बुलेंस, 112 पुलिस आपातक. ालीन हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 वुमन पॉवर हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई व पंपलेट वितरित किये गए। रामलीला कमेटी की ओर से क्षेत्राधिकारी आशिष प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक संजय पांचाल व मिशन शक्ति टीम को मंच पर आमंत्रित कर स्मृति भेंट कर सम्मानित किया गया व मेले में पैदल गस्त की गई। टीम में सीओ आशीष प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक संजय पांचाल , उपनिरीक्षक विजय देशवाल, उपनिरीक्षक ललित कुमार, उपनिरीक्षक विनीत कुमार, उपनिरीक्षक बलराम दीक्षित, महिला मुख्य आरक्षी पूनम काम्बोज, महिला मुख्य आरक्षी निशु तोमर ,मुख्य आरक्षी दीपक, गौरव कुमार, दिनेश कुमार, योगेश कुमार, अतुल कुमार, महिला कांस्टेबल आरती, महिला कॉन्स्टेबल शिवानी शामिल रहे।

# वाहन की टक्कर से विद्युत पोल टूटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजन नगर।** सुरजननगर में गुरुवार की रात्रि को सुरजन नगर में पुरानी हटटी के सामने ठाकुरद्वारा स्योहारा मार्ग पर सड़क किनारे खड़े एचटी लाइन के विद्युत पोल को पिक अप ने टक्कर मार कर तोड़ दिया। विद्युत पोल टूटने से एचटी लाइन क्षतिग्रस्त हो गई और विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। शुक्रवार को टूटे पोल के स्थान पर नया पोल लगाकर विद्युत लाइन ठीक कर लगभग 14 घंटे बाद विद्युत आपूर्ति सुचारू की गई। गुरुवार की रात्रिको ठाकुरद्वारा दिशा से एक पिकअप स्योहारा की साइड जा रही थी रात्रि में सुरजन नगर में सड़क किनारे खड़े विद्युत पोल में टक्कर मार दी जिससे विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने पिकअपक व पिकअप चालक को सुरजन नगर चौकी ले आई। बिजली घर सुरजन नगर के जेई प्रेमप्रकाश पटेल का कहना है की पिकअप चालक रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।लेकिन समाचार लिखे जाने तक पिकअप और पिकअप चलाक चौकी में थे।

# पदम नारायण मिश्र को न्यायमूर्ति बनाए जाने पर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दि बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी मुरादाबाद के एसपी गुप्ता सभा भवन स्थित सभागार में न्यायमूर्ति पदम नारायण मिश्र का जनपद न्यायाधीश मुरादाबाद से उन्नयन होकर उच्च न्यायालय इलाहाबाद (प्रयागराज) में न्यायमूर्ति बनाए जाने पर मुरादाबाद में दि बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी द्वारा माननीय न्यायमूर्ति पदम नारायण मिश्र स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दि बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता एडवोकेट ने की कार्यक्रम कीद्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति पदम नारायण मिश्रा रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रभारी जनपद न्यायाधीश श्रीमती अंजना रही। कार्यक्रम का संचालन बार के महासचिव कपिल गुप्ता एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं के द्वारा न्यायमूर्ति पदम नारायण मिश्र को फूल माला एवं पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में अपने विचार रखते हुए प्रभारी जनपद न्यायधीश अंजना ने कहा की न्यायमूर्ति का जनपद न्यायधीश के रूप में मुरादाबाद में जो कार्यकाल रहा वह एक अल्प अवधि का भले ही रहा हो लेकिन उनका कार्यकाल न्याय के साथ-साथ प्रशासनिक स्तर पर भी कई सुधारों के लिये हमेशा मुरादाबाद में याद किया जायेगा। इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति पदम नारायण मिश्र ने कहा कि उनका मुरादाबाद में जनपद न्यायाधीश के रूप में कार्यकाल उनके जीवन में अविस्मरणीय कार्यकाल के रूप में रहेगा। उन्होंने कहा मुरादाबाद के अधिवक्ताओं में जो न्यायालय और न्याय के प्रति निष्ठा है वह सदैव अनुक्रणीय रहेगी। इस अवसर पर पर के बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता ने कहा कि जनपद न्यायाधीश का जनपद में आना और स्थानांतरण होना यह एक नियमित प्रक्रिया है। तथा बार एसोसिएशन और न्यायिक अधिकारियों के द्वारा इस अवसर पर केक काटकर माननीय न्यायमूर्ति पदम नारायण मिश्र का जन्मदिवस मनाया गया और उनके स्वस्थ्य जीवन और दीर्घायु की कामना करते हुए सभी ने उन्हें बधाई दी।

# बसपा ने समीक्षा बैठक में रैली की बनाई रणनीति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** बहुजन समाज पार्टी की समीक्षा बैठक शुक्रवार को विधानसभा 26 के ठाकुरद्वारा नगर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष निर्मल सिंह सागर ने की। बैठक में आगामी 9 अक्टूबर को लखनऊ में बहुजन समाज पार्टी की रैली को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा कर रणनीति बनाई गई।

बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष ने कहां यह रैली बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक बहुजन नायक काशीराम जी की पुण्यतिथि पर आयोजित की जा रही है, जिसमें मुरादाबाद जिले से भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे, उन्होंने कहा कि पार्टी का हर एक कार्यकर्ता पदाधिकारी रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी मजबूती के साथ जुड़ा हुआ है। वही उन्होंने बताया ठाकुरद्वारा विधानसभा 26 से समर्थको को रैली में लखनऊ ले जाने के लिए 15 बसों के पॉइंट बनाए गए हैं जिसमें कार्यकर्ता 8 अक्टूबर को 12रू बजे तक बताएं पॉइंट पहुंचकर बस में बैठकर रैली के लिए रवाना होंगे, बस पॉइंट बताने के लिए बैठक में विभिन्न सेक्टर बूथ स्तर के पदाधिकारी को जिम्मेदारी सौंप गई, जिला अध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यकर्ता गांव गांव जाकर लोगों को रैली में शामिल होने के लिए प्रेरित करें उन्होंने कहा कि रैली पार्टी की एक जूटता और भविष्य की राजनीति को दिशा देने का काम करेगी, वही बैठक में मौजूद पदाधिकारी ने एक स्वर में कहा कि वह अपने-अपने क्षेत्र से अधिक से अधिक लोगों को लेकर लखनऊ पहुंचेंगे बैठक में कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया की 9 अक्टूबर की रैली को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत झोकी जाएगी।

## प्रतीक्षा यादव का अंडर-17 टीम कानपुर में चयन

**चन्दौसी।** 13 वर्षीय प्रतीक्षा यादव को अंडर-17 क्रिकेट टीम में चयनित किए जाने के बाद 05 अक्टूबर 2025 को नई यात्रा के लिए टीम कानपुर के लिए रवाना किया जाएगा। सुबह 08 बजे वह मुरादाबाद से कानपुर के लिए राज रानी एक्सप्रेस से यात्रा करेंगी। टीम मैनेजर सगीता सक्सेना उनके साथ रहेंगी। प्रतीक्षा यादव पिछले एक वर्ष से एम.सी.सी. एकेडमी पंडित हनुमान सिंह ग्राउंड में कोच अनिल कपूर से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। इस मौके पर एम.सी.सी. एकेडमी के कोच अनिल कपूर, फील्डिंग कोच कुश रावत, विकास माथुर, पुनीत शर्मा, वंश, लक्ष्य, सानिब, ऋतिक, अंश, हिमांशु, मनीष, आरव, फजल, शान, कासिम और मोहित ने प्रतीक्षा को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

**उत्तर रेलवे**

**अनुबंध आधार पर चिकित्सा**

**चिकित्सकों के लिए साक्षात्कार**

मुरादाबाद मंडल में 03 (01-ST, 01-EWS और 01-OBC) संविदा चिकित्सा चिकित्सकों (जी.डी.एम.ओ) की नियुक्ति हेतु साक्षात्कार दि० 29.10.2025 को प्रातः 10:00 बजे मंडल रेलवे अस्पताल, मुरादाबाद में आयोजित किया जाना है। संबंधित जानकारी रेलवे की वेबसाइट www.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है।

कृते मंडल रेल प्रबंधक (का०)
उत्तर रेलवे/मुरादाबाद मंडल
3057/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की धरोहर राशी का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल **IREPS** पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नही होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 203-DRM-MB-25-26 Dt. : 01.10.2025 | 204-DRM-MB-25-26 Dt. : 01.10.2025 | 205-DRM-MB-25-26 Dt. : 01.10.2025 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Miscellaneous Track activities in connection with track maintenance of Haridwar yard from Km 25.00 to 29.00 in the section under ADEN/HW. | Heavy repair to level crossing roads surface at various location in the section of ADEN/HW. | Miscellaneous bridge work in the section of SSE/W/RK under ADEN/RK. |
| निविदा का प्रकार | Works | Works | Works |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक समय | 28.10.2025 16:00 | 28.10.2025 16:00 | 28.10.2025 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 14.10.2025 | 14.10.2025 | 14.10.2025 |
| अनुमानित लागत | 54,98,720.31 | 99,99,386.71 | 99,97,322.55 |
| धरोहर रशि | 1,10,000.00 | 2,00,000.00 | 2,00,000.00 |
| निविदा की कीमत | शून्य | शून्य | शून्य |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह | 12 माह | 12 माह |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन |

टेन्डर नं. 75-W/2/3/WA/Sr. DEN 1/T.Notice दिनांक : 03.10.2025 3066/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैने अपने पुत्र नजाकत अली व उसकी पत्नी नसरीन और दूसरे पुत्र सदाकत व उसकी पत्नी नरगिस से आए दिन मारपीट पर उतारू होने व गलत व्यवहार के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिये है। उनके किसी भी कृत्य के लिए मेरे व मेरे परिवार के किसी भी अन्य सदस्य की कोई जिम्मेदारी नही होंगी। वह अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होगें। **रियासत अली पुत्र अफसर अली निवासी ग्राम गुलड़िया माफी तहसील ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैं अपने पुत्र सुल्तान व पुत्रवधू श्रीमती शहनम को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद करती हूं। भविष्य में सुल्तान व शहनम के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **श्रीमती जुबैदा खातून पत्नी स्वर्गीय नवीजान निवासी ग्राम चक कचनाल तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**न्यायालय अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट नं०-6 महोदय मुरादाबाद**

सिविल विविध वाद सं0- 172 सन् 2025

तारीख पेशी:- 10-10-2025

1- श्रीमती रिचा अग्रवाल आयु 44 वर्ष पत्नी स्व० श्री हिमांशु अग्रवाल माता सगी व प्राकृतिक संरक्षिका अपनी दोनों नाबालिगान पुत्रियां नं०-2 व 3 की ओर से निवासी कांठ रोड धर्मकांटा, हरथला, थाना सिविल लाइंस, मुरादाबाद तहसील व जिला मुरादाबाद प्राकृतिक संरक्षिका अपनी नाबालिग पुत्रीगण, 2- कु० हंसावनी अग्रवाल आयु 15 वर्ष पुत्री स्व० हिमांशु अग्रवाल, 3- कु० तनुषी अग्रवाल आयु 13 वर्ष पुत्री स्व० हिमांशु अग्रवाल निवासीगण- कांठ रोड, धर्म कांटा, हरथला, थाना सिविल लाइंस, मुरादाबाद तहसील व जिला मुरादाबाद।

बनाम

1- श्रीमती हिमानी गुप्ता आयु 42 वर्ष पुत्री स्व० बलदेव कुमार अग्रवाल पत्नी श्री आशीष गुप्ता निवासी - 430 प्रकाश एनक्लेव कांठ रोड थाना सिविल लाइंस, जिला मुरादाबाद, 2- जनता आम, मुरादाबाद, 3- उ०प्र० सरकार द्वारा उसके कलैक्टर महोदय, मुरादाबाद।

चूंकि उपर्रिनामांकित आवेदिका ने इस न्यायालय में यह आवेदन अपने नाबालिग पुत्रियां कु० हंसावनी अग्रवाल एवं कु० तनुषी अग्रवाल पुत्रीगण स्व० हिमांशु अग्रवाल के उच्च शिक्षा एवं उज्जवल भविष्य के लिये वादपत्र में वर्णित एक किता भवन रकबई 135 वर्ग मीटर स्थित देव विहार आवासीय योजना कांठ रोड, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण जिसका विक्रय अभिलेख दिनांक 30-04-1998 को पुस्तक संख्या-1 खण्ड सं०- 1996 के पृष्ठ सं०- 247/266 क्रमांक सं०- 3205 को सब रजिस्ट्रार द्वितीय, मुरादाबाद को कार्यालय में रजिस्ट्रीकृत हुआ है, को विक्रय किये जाने की अनुमति हेतु गार्जियन एण्ड वार्ड्स एक्ट की धारा- 07, 9, 8 के अन्तर्गत आवेदन किया है। अत: जनता आम उपरोक्त विविध वाद प्रार्थना पत्र में जवाब देही प्रस्तुत करने के लिये दिनांक 10-10-2025 को प्रात: 11:00 बजे स्वंय या अपने अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में उपस्थित हो।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के 09 माह 27 दिवस को निकाली गई।

**अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष सं०- 06, मुरादाबाद**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०) महोदय ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद**

**तारीख पेशी:** 06.10.2025

**इजरा वाद संख्या :** 02/2024

**कृष्णा बनाम गेन्दा सिंह**

निवासी ग्राम निर्मल पुर तहसील ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद।

**बनाम**

**जनता आम बाके ग्राम निर्मलपुर तहसील ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद।**

इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) महोदय मुकाम ठाकुरद्वारा दरख्वास्त मुसम्मा कृष्णा हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा कृष्णा मुसबफा गेन्दा अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू. हरगाह मुसम्मा कृष्णा ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 06 मास 10 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू. डि.) मुकाम ठाकुरद्वारा में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।

दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (जू०डि०) ठाकुरद्वारा जनपद-मुरादाबाद।**

## एक नजर

### वन्यजीव एवं जल संरक्षण पर टिमिट में हुआ अतिथि व्याख्यान का आयोजन

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के टिमिट कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा आज वन्यजीव एवं जल संरक्षण विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के अंतर्गत बीबीए तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए किया गया।इस अवसर पर संसाधन व्यक्ति श्री उमेश चन्द्र, वरिष्ठ प्रोजेक्ट ऑफिसर, इंडिया (वर्ल्डवाइड फंड फॉर नेचर इंडिया) से रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को जल और वन्यजीव संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। श्री चन्द्र ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग का कर्तव्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए बताया कि छोटी-छोटी आदतें, जैसे पानी की बचत करना, प्लास्टिक का उपयोग कम करना और पर्यावरण मित्रवत जीवनशैली अपनाना, बड़े बदलाव ला सकती हैं।कार्यक्रम का संचालन शिक्षकों द्वारा द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से गहन रुचि दिखाई।अंत में, टिमिट के डीन प्रो. (डॉ.) विपिन जैन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि "आज के समय में पर्यावरण और संसाधनों का संरक्षण हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी बन चुकी है।

यह विषय केवल वैज्ञानिक या शोध का नहीं बल्कि हमारी जीवनशैली और अस्तित्व से जुड़ा हुआ है। ऐसे व्याख्यान विद्यार्थियों में जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना का संचार करते हैं।"

### आदेश के बाद भी जनपद के काफी विद्यालयों की दीवारों पर चस्पा नहीं टोल फ्री नंबर

**कांठ (शाह टाइम्स संवाददाता)।** शासन के निर्देश के बाद भी काफी परिषदीय विद्यालयों की दीवारों पर टोल फ्री नंबर चस्पा नहीं है। जिले के 1401 परिषदीय विद्यालयों में से एक हजार से ऊपर स्कूलों में टोल फ्री नंबर 18008893277 चस्पा है। शासन ने परिषदीय विद्यालयों में टोल फ्री नंबर 18008893277 चस्पा करने के निर्देश दिए थे। ताकि अभिभावक और ग्रामीण विद्यालय संबंधी शिकायतें सीधे दर्ज करा सकें। सैकड़ो विद्यालयों में यह नंबर चस्पा नहीं किया गया है, जिससे शिकायतें दर्ज कराने में परेशानी हो रही है। महा. निदेशक स्कूल शिक्षा ने इस बावत सभी बीएसए को आदेश भी जारी किए हैं। इसमें कहा है कि स्कूल की दीवारों पर टोल फ्री नंबर 18008893277 जरूर पेंट कराया जाए। बतादें कि विद्यालय की दीवारों पर डीएम, एसएसपी, फायर ब्रिगेड व आपातकालीन सेवाओं के साथ ही शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 18008893277 लिखा होना जरूरी है। विद्यालयों में लोकल स्तर पर डीएम व एसएसपी के नंबर चस्पा हैं, लेकिन टोल फ्री नंबर नहीं हैं।

### राम के अयोध्या लौटने पर हुआ राज तिलक, प्रजा में खुशी का माहौल



**कांठ( शाह टाइम्स )** राम के अयोध्या लौटने पर आज उनका राज. तिलक किया गया रावण दहन के उपरांत राम अयोध्या लौटे तो भरत राम की खड़ाऊं लेकर उनका स्वागत करने के लिए अयोध्या से बाहर पहुंच गए इधर रामचंद्र जी मेंन बाजार मंदिर पर पहुंचे उधर रामलीला ग्राउंड से भरत जी खड़ाऊ लेकर रविदास मंदिर पुराना डाकखाना न्यादर चौराहा मेंन बाजार होकर शिव मंदिर पर पहुंचे और रामचंद्र जी को खड़ाऊं पहनाकर सम्मान सहित उसी मार्ग से लेकर रामलीला मंच पर पहुंचे रात को राजा राम का राजतिलक किया गया। जिसे देखकर प्रजा में खुशी का माहौल छाया रहा। इस अवसर का धर्म लाभ उठाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामलीला मंच पर पहुंचे।

### पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के मिलक रौंडा में एक विवाहिता की दहेज हत्या में पति अनिल कुमार को गिरफ्तार किया, रामपुर के शहजाद नगर थाना क्षेत्र मेघा नगला करीम निवासी सूरजपाल ने अपनी बेटी रीना राजपूत की शादी डेढ साल पहले मूंढापांडे थाना क्षेत्र के मिलक घौंडा निवासी अनिल के साथ की थी,सुबह 11बजे पंखे पर दुपट्टे से लटक कर जान दे दी है, ससुराल वालों ने दहेज में क्रेटा कार तथा एक प्लाट मांग को लेकर रीना को प्रताड़ित कर रहे थे। उनका आरोप है फांसी लगाकर रीना की हत्या की गई है। एसएचओ मोहित चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार दहेज हत्या रिपोर्ट दर्ज कर पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### मझोली खास में दो पक्षों में विवाद, मारपीट में लोग घायल, दी तहरीर



**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के ग्राम मझौली खास में शुक्रवार को मामूली कहासुनी ने बड़ा रूप ले लिया, किसी छोटी सी बात को लेकर दो पक्ष आपस में उलझ गए और देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया, इस दौरान दोनों ओर से विवाद ज्यादा बढ़ गया, जिससे लोगों को चोटें आईं, घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। परिजनों ने घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया, पीड़ित पक्ष ने कुंदरकी थाने में तहरीर देकर दूसरे पक्ष पर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी, साथ ही पुलिस ने गांव में एहतियातन निगरानी भी बढ़ा दी है, ताकि दोबारा कोई अप्रिय घटना न हो सके।

**कार्यालय ग्राम पंचायत पैगम्बरपुर सुखवासीलाल विकास खण्ड-छजलैट (मुरादाबाद)।**

पत्रांक मीमो/केन्द्रीय वित्त/राज्य वित्त आयोग/निविदा/2025-26 दिनांक: 03.10.2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्म/पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पैगम्बर सुखवासीलाल वि.ख. छजलैट, जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम सभा के द्वारा अनुमोदित (GPDP) के अनुसार केन्द्रीय वित्त/राज्य वित्त की धनराशि से निम्न विवरणानुसार निर्माण कार्य प्रस्तावित है। निम्न कार्य हेतु इच्छुक फर्म पंजीकृत विक्रेताओं से सामग्री की आपूर्ति हेतु सीलबंद निविदा/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म/पंजीकृत विक्रेता दिनांक 04.10.2025 से 11.10.2025 अपराहन 12 बजे तक निविदा पत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है एवं दिनांक 11.10.2025 तक अपराहन दोपहर 02.00 टेण्डर बॉक्स में डाली जा सकती है। उक्त निविदा दिनांक 11.10.2025 को अपराहन 03.00 बजे उक्त कार्यालय पर खोली जायेगी। अवकाश की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्य संबंधित बिल ऑफ क्वांटिटी निविदा पत्र किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। सामग्री की मात्रा आवश्कता अनुसार घटाई व बढ़ाई जा सकती है। नियमानुसार धरोहर की राशि एनएससी/बैंक ड्राफ्ट/एफडीआर के रूप में जमा करनी होगी। जोकि ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति को होगा। अपूर्ण निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद का नाम | सामग्री की अनुमानित लागत लाख रू० में | जमानत की 2% धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | इस्तेकार के होटल से शाहरूख के घर तक मिट्टी, नाली, सीसी टाईल्स सड़क नि. कार्य। | - | 1221131/- | 2443/- | 500/- |
| 2 | वीर सिंह के घर से उमेश के घर तक नाली, मिट्टी, सीसी टाईल्स सड़क निर्माण कार्य। | - | 170185/- | 3403/- | 500/- |
| 3 | मुन्ने के घर से संजय के घर तक नाली, मिट्टी, सीसी टाईल्स सड़क निर्माण कार्य। | - | 383793/- | 7676/- | 500/- |

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत पैगम्बरपुर सुखवासीलाल विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद**

## ● भारत तीसरे दिन ही अहमदाबाद टेस्ट जीत जाएगा!

# राहुल, जुरेल और जडेजा की सेंचुरी

**● पहली पारी में वेस्टइंडीज पर 286 रनों की बढ़त ली**

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच पर पकड़ मजबूत कर ली है। मुकाबले के पहले दिन वेस्टइंडीज की पहली पारी 162 रन पर समेटने के बाद भारत ने दूसरे दिन अपनी पहली पारी में 5 विकेट पर 448 रन बना लिए हैं। आलराउंडर रवींद्र जडेजा 104 और वाशिंगटन सुंदर 9 रन पर नाबाद लौटे। जडेजा से पहले ध्रुव जुरेल (125 रन) और केएल राहुल (100 रन) ने भी सेंचुरी लगाई। पहली पारी के आधार पर भारत की बढ़त 286 रन की हो गई है। अब इस बात की संभावना काफी बढ़ गई है कि यह मुक.ाबला तीसरे दिन ही समाप्त हो जाए। वेस्टइंडीज अगर दूसरी पारी में संघर्ष करता है, तब भी मैच का चौथे दिन से आगे जा पाना काफी मुश्किल है। भारतीय टीम ने दूसरे दिन 121/2 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान शुभमन गिल ने पहले दिन के अपने स्कोर में 32 रन और जोड़े। वे पूरे 50 रन बनाकर रोस्टन चेज की गेंद पर जस्टिन ग्रीव्स को कैच थमा बैठे। गिल ने 48 गेंदों का सामना किया और 4 चौके जमाए। गिल और केएल राहुल ने तीसरे विकेट की साझेदारी में 98 रन जोड़े। केएल राहुल ने करियर की 11वीं सेंचुरी जमाई भारतीय ओपनर केएल राहुल ने करियर की 11वीं सेंचुरी जमाई। वे पूरे 100 रन बनाकर आउट हुए।उन्होंने 197 गेंदों का सामना किया और 12 चौके जमाए। उनका विकेट लेफ्ट आर्म स्पिनर जोमेल वारिकैन को मिला। यह राहुल की वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में दूसरी सेंचुरी है। उन्होंने सबसे ज्यादा पांच सेंचुरी इंग्लैंड के खिलाफ जमाई है। साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ उनके नाम दो-दो सेंचुरी है। आस्ट्रेलिया और श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने एक-एक शतक लगाया है। जुरेल और जडेजा के बीच 206 रन की पार्टनरशिप जिस समय राहुल आउट हुए थे भारत का स्कोर 218 रन था। इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल और आलराउंडर रवींद्र जडेजा ने पांचवें विकेट के लिए 206 रन की पार्टनरशिप कर भारत को बेहद मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। जुरेल ने 190 गेंदों पर 12 चौके और 2 छक्के की मदद से शतक पूरा किया। यह जुरेल के टेस्ट करियर का पहला शतक है। इससे पहले उनका बेस्ट स्कोर 90 रन था। वहीं, जडेजा ने 168 गेंदों पर 6 चौके और 5 छक्के जमाते हुए सेंचुरी बनाई। वे अपनी अब तक 176 गेंद खेलकर 104 रन बना लिए हैं। तीसरे दिन कैसे खत्म हो सकता है मुकाबला भारतीय टीम की बढ़त आलरेडी 286 रन की हो गई है। चौथे दिन टीम इंडिया 400 के आस-पास की लीड लेकर पारी घोषित कर सकती है। वेस्टइंडीज की टीम पहली पारी में 44 ओवर ही टिक पाई थी। दूसरी पारी में भी ऐसा होता है तो यह मैच तीसरे दिन ही अपने अंजाम पर पहुंच सकता है। 126वें ओवर की तीसरी बाल पर रवींद्र जडेजा ने शतक पूरा कर लिया है। उन्होंने जोमेल वारिकन की तीसरी बाल पर एक रन लेकर शतक पूरा किया। उसके बाद अपने ट्रेडमार्क स्टाइल में सेलिब्रेट किया। जडेजा ने बल्ले को तलवार की तरह हवा में लहराया। 123वें ओवर में भारत ने 5वां विकेट गंवाया। यहां पर ध्रुव जुरेल 125 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें खारी पियर को शाई होप के हाथों कैच कराया। पियर ने 206 रन की पार्टनरशिप ब्रेक की। भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में अपनी पहली पारी में 400 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। जुरेल ने 120वां ओवर डाल रहे जोमेल वारिकन की दूसरी गेंद पर चौका लगाया। इसी चौके ने टीम का स्कोर 400 पार पहुंचा दिया। 116वें ओवर में ध्रुव जुरेल ने पहली टेस्ट संेचुरी पूरी की। उन्होंने रोस्टन चेज के ओवर की आखिरी बाल पर चौका लगाया और शतक पूरा किया।



केएल राहुल

## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारत 'ए' महिला हॉकी टीम चीन दौरे पर पांच मैच खेलेगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** अनुभवी डिफेंडर मनीषा चौहान की अगुवाई में भारत ए महिला हॉकी टीम चीन दौरे पर 13 से 21 अक्टूबर तक लियाओलनग के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। ये सभी मैच डालियान के लियाओनिंग स्पोर्ट्स संेटर में खेले जाएंगे और यह भारतीय महिला हॉकी प्रतिभाओं की अगली पीढ़ी के लिए बहुमूल्य अंतर्राष्ट्रीय अनुभव और प्रतिस्पर्धी मैचों का अनुभव प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। भारतीय महिला हॉकी का यह कार्यक्रम उभरते हुए एथलीटों को अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों में अपनी क्षमता का परीक्षण करने और रैंक में आगे बढ़ने से पहले नई चुनौतियों के अनुकूल होने का एक मंच प्रदान करता है। भारतीय महिला हॉकी टीम के विश्लेषणात्मक कोच डेव स्मोलेनर्स ने इस अवसर के बारे में कहा कि हमने अपार संभावनाओं वाली एक मजबूत, युवा टीम तैयार की है।

### यश की अगुवाई में गेंदबाजों ने दिलाई विदर्भ को बड़ी बढ़त

**नागपुर, वार्ता।** ठाकुर (चार विकेट), पार्थ रेखड़े और हर्ष दुबे (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर विदर्भ ने शुक्रवार को ईरानी ट्रॉफी के तीसरे दिन शेष भारत को 214 के स्कोर पर ढ़ेर करने के बाद दूसरी पारी में स्टंप के समय दो विकेट पर 96 रन बना लिए है और उसकी बढ़त 224 रनों की हो गई है। शेष भारत ने कल के पांच विकेट पर 142 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में शेष भारत का पहला विकेट मानव सुथार (एक) के रूप में गिरा। उन्हें आदित्य ठाकरे ने आउट किया। इसके बाद सारांश जैन (10), आकाश दीप (14) रन को यश ठाकुर ने आउट किया। शेष भारत का नौवां विकेट रजत पाटीदार के रूप में गिरा।

# शतकवीरों के अलग-अलग सेलिब्रेशन

**अहमदाबाद, वार्ता।** वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में शुक्रवार को तीन भारतीय बल्लेबाजों केएल राहुल,

ध्रुव जुरेल और रवींद्र जडेजा ने शतक लगाए। तीनों बैटर्स ने अपने शतक को अलग अंदाज में सेलिब्रेट किया। राहुल ने सीटी बजाई, जडेजा ने बैट को तलवार की तरह घुमाया तो वहीं ध्रुव जुरेल ने आर्मी में रहे अपने पिता को आर्मी स्टाइल में सैल्यूट किया। बतौर कप्तान शुभमन गिल भारत में पहला मैच खेल रहे हैं। गिल ने भारत की पहली पारी में 50 रन बनाए। यह कप्तान के रूप में गिल की देश में पहली फिफ्टी है। उन्होंने 56वें ओवर में खारी पियर की आखिरी बाल पर एक रन लेकर फिफ्टी पूरी की। यह वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट में भी उनकी पहली हाफ सेंचुरी रही। केएल राहुल ने भारतीय पारी के 65वें ओवर में अपना शतक पूरा किया। ये उनके टेस्ट करियर का 11वां और भारत में दूसरा शतक है। उन्होंने 2016 के बाद से घर पर एक भी सेंचुरी नहीं लगाई थी।

**● केएल राहुल ने सीटी बजाई रवींद्र जडेजा ने बैट को तलवार की तरह लहराया, ध्रुव जुरेल ने आर्मी सैल्यूट किया**

राहुल ने शतक पूरा करने के बाद पहले हेलमेट पर लगे तिरंगे को चूमा और फिर सीटी बजाई। सोशल मीडिया पर फैंस का कहना है कि केएल राहुल ने ये जश्न अपनी बेटी को समर्पित किया है।

राहुल के बेटी इवारा इसी साल 24 मार्च को पैदा हुई थी। ध्रुव जुरेल ने 71वें ओवर में भारतीय पारी का पहला छक्का लगाया। रोस्टन चेज की बैक आफ लेंथ बाल पर ध्रुव जुरेल बैकफुट पर गए और मिडविकेट के ऊपर शानदार छक्का लगाया रवींद्र जडेजा ने जोमेल वारिकन की बाल पर सिंगल लेने के साथ 168 बाल पर अपनी संेचुरी पूरी की। इसके बाद उन्होंने अपने बैट को तलवार की तरह लहराया और सोर्ड सेलिब्रेशन किया।



रवींद्र जडेजा

जडेजा अक्सर फिफ्टी या संेचुरी पूरी करने पर इसी तरह सोर्ड सेलिब्रेशन करते हैं। भारतीय पारी के 116वें ओवर में ध्रुव जुरेल ने पहली टेस्ट संेचुरी पूरी की। उन्होंने रोस्टन चेज के ओवर की आखिरी बाल पर चौका लगाया और शतक पूरा किया। संेचुरी लगाने के बाद जुरेल ने आर्मी स्टाइल में पिता को संेचुरी डिडकेट की। ध्रुव ने अपने बल्ले को आर्मी जवान की राइफल बना दिया और फिर सैल्यूट भी किया।

ध्रुव जुरेल के पिता नेम चंद भारतीय सेना से रिटायर हवलदार हैं। जुरेल 125 रन बनाकर आउट हुए।



ध्रुव जुरेल

# चानू ने वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग में जीता रजत




**नॉर्वे, वार्ता।** भारतीय महिला भारोत्तलक मीराबाई चानू ने गुरुवार को आयोजित वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता।

यहां वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में चानू ने कुल 199 किग्रा (84 किग्रा स्नैच प्लस 115 किग्रा क्लीन एंड जर्क) वजन उठाकर ओवऑल रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया। चानू ने स्नैच में 84 किग्रा उठाकर मजबूत शुरुआत की। हालांकि, वह 87 किग्रा के दोनों प्रयासों में असफल रहीं।

इसके बावजूद 84 किग्रा का प्रयास उन्हें स्नैच में कांस्य पदक दिलाने के लिए पर्याप्त रहा। क्लीन एंड जर्क में उन्होंने 109 किग्रा से शुरुआत की, फिर 112 किग्रा उठाया और अंत में 115 किग्रा सफलतापूर्वक पूरा किया। इस प्रयास ने उन्हें क्लीन एंड

**● मीराबाई चानू ने 109 किग्रा से शुरूआत की, फिर 112 किग्रा उठाया और अंत में 115 किग्रा सफलतापूर्वक पूरा किया**

जर्क और कुल मिलाकर रजत पदक दिलाया। उन्होंने 2022 के बाद यह पदक जीता हैं। पेरिस 2024 ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद यह उनकी दूसरी बड़ी प्रतियोगिता थी।

मौजूदा विश्व चैंपियन दक्षिण कोरिया की री सॉन्ग-गुम ने 213 किग्रा (91 किग्रा प्लस 122 किग्रा) के साथ स्वर्ण पदक जीता। क्लीन एंड जर्क में 122 किग्रा नया विश्व रिकॉर्ड है। थाईलैंड की थान्याथॉन सुकच.ारोएन ने 198 किग्रा (88 किग्रा प्लस 110 किग्रा) उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। चानू का वर्ल्ड चैंपियनशिप इतिहास शानदार रहा है। उन्होंने 2017 में एनाहाइम में 48 किग्रा वर्ग में 194 किग्रा (85 किग्रा स्नैच प्लस 109 किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाकर स्वर्ण जीता था। वह कर्णम मल्लेश्वरी के 1994 और 1995 में लगातार दो खिताबों के बाद भारत की पहली विश्व चैंपियन बनीं।

2022 की बोगोटा चैंपियनशिप में उन्होंने 49 किग्रा वर्ग में 200 किग्रा (87 किग्रा स्नैच प्लस 113 किग्रा क्लीन एंड जर्क) उठाकर रजत पदक हासिल किया था। 2023 में उन्होंने 49 किग्रा वर्ग में वजन मापा लेकिन चोट से बचाव के लिए प्रतियोगिता में लिफ्ट नहीं किया। यह भारत का वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 18वां पदक है। अब तक भारत के खाते में कुल तीन स्वर्ण, 10 रजत और पांच कांस्य पदक आए हैं, जो सभी महिला खिलाड़ियों के नाम हैं। पिछले महीने, मीराबाई चानू ने अहमदाबाद में आयोजित कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार वापसी की थी।

# एरेल मिडलटन ने 10 बार की चैंपियन अनुभव चीनी स्टार को हराया

**दोनों एथलीटों के बीच प्रतिस्पर्धा बहुत जोरदार थी और एरेल ने बिना समय गंवाए चुनौती पेश की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अमे.रिका की किशोरी एरेल मिडलटन ने शुक्रवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में जारी इंडियनऑयल नई दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की शॉटपुट एफ64 स्पर्धा में अनुभवी चीनी स्टार याओ जुआन को हराकर स्वर्ण पदक जीता। यहां दोनों एथलीटों के बीच प्रतिस्पर्धा बहुत जोरदार थी और एरेल मिडलटन ने बिना समय गंवाए चुनौती पेश की।

12.38 मीटर के प्रयास से उन्होंने शुरुआती राउंड के बाद पोल पोजिशन बरकरार रखी। चीनी दिग्गज ने सर्कल में अपनी दूसरी बार 12.42 मीटर थ्रो के साथ जवाब दिया और 12.82 मीटर के प्रयास के साथ बढ़त बढ़ा दी। 17 वर्षीय लंबी कद-काठी वाली एरेल मिडलटन हार मानने को तैयार नहीं थीं और उन्होंने अपनी चौथी बार 12-.95 मीटर थ्रो करके स्वयं को पूरी तरह से तैयार कर लिया। उन्होंने 12.93 मीटर से अधिक की एक और बड़ी थ्रो फेंकी जिससे पता चला कि उनका पिछला प्रयास कोई क्षणिक सफलता नहीं थी। लगभग 25 साल पहले प्रतिस्पर्धा शुरू करने वाली और छह पैरालंपिक खेलों के स्वर्ण और 10 विश्व चैंपियनशिप खिताबों के साथ दबाव से निपटने में माहिर 44 वर्षीय याओ हुआन ने अपने अंतिम प्रयास में अपना सब कुछ झोंक देने से पहले दो प्रयास फाउल किए। इसका परिणाम सुबह का उनका दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो, 12.52 मीटर, रहा, जिससे अमेरिकी खिलाड़ी को स्वर्ण पदक मिला। एरेल मिडलटन की जीत ने अमे.रिका को अधिक रजत पदकों के साथ तालिका में भारत से आगे निकलने में मदद की। वह चार स्वर्ण, छह रजत और छह कांस्य पदकों के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गया, जबकि भारत के चार स्वर्ण, पांच रजत और दो कांस्य पदक हैं और वह आठवें स्थान पर खिसक गया है। भारत की पांचवें स्वर्ण पदक की उम्मीदें सिमरन पर टिकी हैं, जिन्होंने सेमीफ़ाइनल में 12:08 सेकंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ महिलाओं की 100 मीटर टी12 फाइनल में आसानी से प्रवेश किया। उमर सैफी को अपना मार्गदर्शक बनाकर दौड़ते हुए, उन्होंने अपनी ऊर्जा को सही दिशा में निर्देशित किया और स्पेन की नागोर फोल्गाडो गार्सिया की कड़ी चुनौती को हराकर शुक्रवार शाम के फाइनल में जगह बनाई।

# फीफा विश्व कप-2026 की आधिकारिक मैच बॉल का अनावरण



**मास्को, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने विश्वकप 2026 के लिए 'अगले साल के मेजबान देशों की एकता और जुनून' दर्शाने वाले मैच बॉल का आधिकारिक अनावरण किया।

इस अवसर फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि फीफा विश्व कप 2026 के लिए आधिकारिक मैच बॉल आ गई है

**● फीफा ने अगले साल के मेजबान देशों की एकता और जुनून दर्शाने वाले मैच बॉल का आधिकारिक अनावरण किया**

और यह बेहद खूबसूरत है। मुझे ट्रायोंडा को प्रस्तुत करते हुए खुशी और गर्व हो रहा है। एडिडास ने एक और प्रतिष्ठित फीफा विश्व कप बॉल बनाई है, जिसका डिजाइन अगले साल के मेजबान देशों कनाडा, मेक्सिको और अमेरिका की एकता और जुनून को दर्शाता है। इन्फेंटिनो ने कहा कि आगामी टूर्नामेंट 'अब तक का सबसे शानदार फीफा विश्व कप' होगा। इस बॉल के डिजाइन में लाल, हरे और नीले रंग का इस्तेमाल किया गया है, जो तीनों मेजबान देशों को सम्मान देता है। इस पर प्रत्येक मेजबान देश के प्रतीक चिन्ह अंकित हैं। कनाडा के लिए मेपल का पत्ता, मेक्सिको के लिए चील और अमेरिका के लिए तारा। ट्रायोंडा नाम का स्पेनिश में अर्थ 'तीन लहरें' है, जो मेजबानों की तिकड़ी का प्रतीक है। गेंद में एक अत्याधुनिक मोशन संेसर चिप लगी है, जो गेंद की गति की जानकारी देती है। यह तकनीक वीडियो असिस्टेंट रेफरी सिस्टम को वास्तविक समय में डेटा भेजती है।

# इंग्लैंड ने द. अफ्रीका को 69 रन पर ढ़ेर किया




**● इंग्लैंड के लिए लिंसी स्मिथ ने चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट लिए, सोफी नेट और डीन ने दो-दो विकेट लिए**

**गुवाहाटी, वार्ता।** लिंसी स्मिथ (तीन विकेट) तथा सोफी एकल्सटन, नेट साइवर-ब्रंट और शार्लेट डीन (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड की टीम ने शुक्रवार को महिला विश्वकप के चौथे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 69 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया। यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे जूझती नजर आयी। दक्षिण अफ्रीका ने नियमित अंतराल पर अपने विकेट गंवाए और वह अच्छा स्कोर भी नहीं कर सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए सिनालो जाफ्टा ने 36 गेंदों में तीन चौकों की मदद से सर्वाधिक 22 रन बनाये। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। इंग्लैंड ने सधी हुई गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम को 20.4 ओवर में 69 रन के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया।

इंग्लैंड के लिए लिंसी स्मिथ ने चार ओवर में सात रन देकर तीन विकेट विकेट लिए। तथा सोफी एकल्सटन, नेट साइवर-ब्रंट और शार्लेट डीन को दो-दो विकेट मिले। लॉरेन बेल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। यह महिला विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका दूसरा सबसे कम स्कोर है। महिला विश्व कप में उनका पिछला दूसरा सबसे कम स्कोर भी इंग्लैंड के खिलाफ था जोकि उन्होंने कटक में 2013 में बनाया था। महिला क्रिकेट विश्व कप में सबसे कम ओवरों में आउट होने वाली एकमात्र टीम पाकिस्तान थी, जिसने 1997 में हैदराबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 13.4 ओवरों में केवल 27 रन बनाए थे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जुमे की नमाज के दौरान जामा मस्जिद पर रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

## शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई जुमे की नमाज, ड्रोन से की गई निगरानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शुक्रवार को जनपदभर में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। बरेली की घटना के बाद से जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह से अलर्ट पर रहे। सुबह से ही अधिकारियों ने जामा मस्जिद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुख्ता इंतजाम किए।जामा मस्जिद समेत शहर की सभी प्रमुख मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाजी पहुंचे। मुगलपुरा थाना क्षेत्र स्थित जामा मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए भीड़ उमड़ी, लेकिन पुलिस की चौकसी और व्यवस्थित प्रबंधन के चलते पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्वक माहौल में संपन्न हुई। जामा मस्जिद चौराहे पर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती पुलिस प्रशासन के द्वारा की गई थी।इस दौरान अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने लगातार गश्त कर स्थिति पर नजर बनाए रखी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरों का भी इस्तेमाल किया गया। मस्जिद के आसपास सुरक्षा घेरे में हर आने–जाने वाले की गतिविधियों पर नजर रखी गई। अधिकारियों का कहना है कि त्योहारों और विशेष अवसरों पर इस तरह की कड़ी सुरक्षा आगे भी जारी रहेगी।



### चन्दौसी में कड़ी सुरक्षा के बीच जुमे की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** प्रदेश के विभिन्न जिलों विशेषकर बरेली में 'आई लव मुहम्मद' प्रकरण को लेकर बिगड़े हालातों के बीच शुक्रवार को चन्दौसी में जुमे की नमाज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांति से संपन्न हुई। शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से ही सभी प्रमुख मस्जिदों पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई थी। चन्दौसी की बड़ी मस्जिद, सुनहरी मस्जिद समेत अन्य मस्जिदों पर सीओ मनोज कुमार, इंस्पेक्टर क्राइम विनीत कुमार तथा पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहा। नमाज के बाद अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क पर भीड़ एकत्र न करें और शांति बनाए रखें। पुलिस की सतर्कता और प्रशासन की अपील के चलते सभी नमाजी शांतिपूर्वक अपने घर लौट गए।



# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त को 10 वर्ष का कारावास

■ अदालत का कड़ा रुख, 11500 का जुर्माना भी लगाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अपराधी कितना भी चालाक क्यों न हो, वह कहीं न कहीं सबूत अवश्य छोड़ देता है। महिलाओं और बालिकाओं से जुड़े अपराधों पर उत्तर प्रदेश सरकार सख्त रुख अपनाए हुए है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ न्यायालयों द्वारा तेजी से कार्रवाई की जा रही है।

विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट में अल्प अवधि में ही मुकदमों का निस्तारण किया जा रहा है, जिससे पीडिघ्तों को शीघ्र न्याय मिल रहा है और अपराधियों में भय व्याप्त है। अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार ने साक्ष्यों के आधार पर कई मामलों में कठोर सजा सुनाई है। लंबे समय से लंबित कई मुकदमों का भी निस्तारण किया गया। नाबालिग बच्चियों से दुष्कर्म और अपहरण के मामलों में अपराधियों को कड़ी सजा मिलने से अपराध जगत में हड़कंप मचा हुआ है।

इसी क्रम में शुक्रवार को विशेष न्यायालय ने अभियुक्त हाशिम पुत्र बदरुल निवासी मियांसराय संभल को दोषी करार देते हुए विभिन्न धाराओं में सजा सुनाई। न्यायालय ने उसे धारा 376 के तहत 10 वर्ष का कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माना, धारा 452 के तहत 3 वर्ष का कारावास एवं 1 हजार रुपये जुर्माना तथा धारा 324 के तहत 2 वर्ष का कारावास एवं 500 रुपये अर्थदंड की सजा दी। गंभीर मामले में अभियुक्त हाशिम ने अपने पड़ोसी के घर में घुसकर नाबालिग बच्ची को पहले ब्लेड से घायल कर भयभीत किया और फिर उसके साथ दुष्कर्म किया।

मामले की प्रभावी पैरवी विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) नरेन्द्र कुमार यादव ने की। अदालत के इस फैसले से पीडिघ्ता को न्याय मिला और समाज में अपराधियों के लिए कड़ा संदेश गया।

# 'चन्दौसी पेड़ वाला ट्रस्ट' का शुभारंभ, हर घर तुलसी पहुंचाने का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** रामबाग धाम परिसर में विधि–विधान पूर्वक अशोक का पौधा लगाते हुए 'चन्दौसी पेड़ वाला ट्रस्ट' का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि डॉ टी.एस. पाल ने कहा कि पौधरोपण के अनेक लाभ होते हैं। जैसे पेड़ हवा से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं, जिससे हवा शुद्ध होती है और वायुमंडलीय संतुलन बना रहता है। पेड़ वाष्पोत्सर्जन से वातावरण को ठंडा रखते हैं और छाया प्रदान करते हैं, जिससे शहरी क्षेत्रों का तापमान कम होता है। पेड़ों की जड़ें मिट्टी को बांधे रखती हैं, जिससे मृदा अपरदन रुकता है और मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है। पेड़ वर्षा को बढ़ावा देते हैं और वर्षा जल को सोखते हैं, जिससे भूजल स्तर बना रहता है और बाढ़ का खतरा कम होता है। हमें अपने यादगार पलों से जोड़कर पौधों की देखभाल करें। अपने पूर्वजों की स्मृति में और अपने जन्मदिवस पर पौधे लगाने का संकल्प लें तथा मांगलिक कार्यक्रम पर अथितियों को उपहार के रूप में पौधे भेंट करने की परंपरा डालें। चन्दौसी पेड़ वाला ट्रस्ट के संस्थापक शिवम अग्रवाल ने कहा कि हमारा लक्ष्य नगर एवं आसपास के क्षेत्र को हरा–भरा करने का है तथा हर घर तुलसी का पौधा पहुंचाने का प्रयास ट्रस्ट की टीम का रहेगा। सभी का आभार व्यक्त करते हुए आगे सहयोग आशा व्यक्त की।



इस दौरान अरविंद कुमार, मनोज वार्ष्णेय, अनमोल अग्रवाल, कुणाल, अभिनव, साक्षी, प्राची, पायल, कुसुम, लक्ष्य, कशिश, अनुराधा, लकी, मुदित, अक्षित, निशांत, आराध्या, आरव आदि उपस्थित रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक संपन्न

■ स्थानीय निकायों से लेकर ग्राम पंचायतों तक वृहद सफाई कार्य कराने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान (05 अक्टूबर से 31 अक्टूबर) तथा दस्तक अभियान (11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर) की तैयारियों के संबंध में जनपद स्तरीय अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों में मलेरिया, डेंगू सहित अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए व्यापक स्तर पर साफ सफाई एवं एंटी लारवा दवाओं के छिड़काव में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। विशेष तौर पर जिन ग्राम पंचायतों में मलेरिया सहित अन्य संक्रामक बीमारियों के अधिक मामले आ रहे हैं उनमें प्राथमिकता के साथ साफ सफाई एवं अन्य जरूरी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में गठित समितियों की बैठक भी खंड विकास अधिकारी अनिवार्य रूप से कराएं ताकि ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, लेखपाल, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा, एएनएम आदि सभी कर्मचारियों को स्वास्थ्य और स्वच्छता से संबंधित जिम्मेदारियां पता रहें। नगर पालिका और नगर पंचायतों में भी उन्होंने साफ–सफाई को लेकर विशेष गंभीरता बरतने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय क्षेत्रों में प्रमुख चौराहे एवं महत्वपूर्ण स्थलों पर कूड़े के ढेर नहीं दिखने चाहिए तथा नालियों की सफाई और एंटी लारवा दवाइयों का छिड़काव भी गंभीरता पूर्वक कराया जाए ताकि संचारी रोगों पर प्रभावी ढंग से नियंत्रण हो सके। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारी और अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए की निरीक्षण के दौरान यदि लापरवाही की पुष्टि होती है तो जिम्मेदारी तय करते हुए सख्त कार्रवाई होगी। प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को सभी स्वास्थ्य सेवाएं दुरुस्त बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मरीजों को अनावश्यक किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए साथ ही स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद सभी संसाधनों का भरपूर उपयोग करते हुए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करने में किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहे।



# उप्र में महिला सुरक्षा का नया अध्याय: मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज–5.0) के अंतर्गत जनपद सम्भल में व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार और अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा के निर्देशन में जनपद के सभी थानों पर महिला पुलिस कर्मियों ने अपने–अपने क्षेत्र में चौपाल और संवाद कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी अधिकारों और सुविधाओं की जानकारी दी गई। उन्हें आश्वस्त किया गया कि पुलिस विभाग सदैव उनके साथ है और उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। कार्यक्रमों में प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूल–कॉलेजों, धार्मिक स्थलों और अन्य भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर पंपलेट वितरित कर विभिन्न योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया। अभियान के अंतर्गत कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण योजना, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, वन स्टॉप सेंटर, आयुष्मान भारत योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन योजना आदि योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं को 1090 वीमेन पावर लाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 181 महिला हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन सहित अन्य महत्वपूर्ण नंबरों के उपयोग के बारे में जागरूक किया गया।



महिला पुलिस कर्मियों ने मोबाइल पर पैनिक बटन और इमरजेंसी कॉल की डेमो भी दिखाकर सुरक्षा के आधुनिक साधनों के उपयोग की जानकारी दी।

इस पहल से महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर, सुरक्षित और सशक्त वातावरण प्रदान करने का संदेश जनपद भर में प्रभावी रूप से पहुंचा।

# हबीब मियां के कुलशरीफ में उमड़े जायरीन, कव्वाली में झूमे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** क्षेत्र के चमरौआ गांव में लगे हबीब मियां के मजार पर 33 वें उर्स में कुल शरीफ के दूसरे दिन अदीकतमंदों की भीड़ उमड पड़ी क्षेत्र के साथ–साथ आस–पास के गांवों से दरगाह शरीफ पर हाजिरी लगाने वालों का क्रम चलता रहा, कुलशरीफ की रस्म सैय्यद इमरान मियां मुरादाबाद ने अदा की, इसके बाद लंगर का वितरण का क्रम चला, रात में कव्वाली शमां पर अकीदतमंद झूमते रहे,दरगाह पर आयोजित उर्स के दूसरे दिन महफिले शमां हुई। इसमें कव्वालों ने अपने–अपने कलाम पेश किए। मेला कमेटी के अध्यक्ष यूनुस अली ,हाजी बकील अहमद कुंदरकी, मोहम्मद असलम मुरादाबाद,हाजी सहादत अली अगवानपुर,अनीस चौधरी, कासिम अली,अनवर अली ने महफिले शमां का शुभारंभ किया, शुक्रवार की शाम को दूसरे कुलशरीफ की रस्म अदा कराई,उर्स में लगे मेले में बच्चों के लिए खेल खिलौनों की भी दुकानें लगी हुई हैं, इसके साथ ही लंगर का वितरण प्रारंभ हुआ, दरगाह शरीफ पर हाजिरी लगाने वालों का क्रम शाम तक चलता रहा, अकीदतमंदों ने हबीब मियां की दरगाह पर चादर चढ़ाकर मिन्नतों का क्रम पूरे दिन चलता रहा,दूर दराज क्षेत्रों से आए अकीदतमंदों ने चादरपोशी की।



# मिशन शक्ति अभियान के तहत दी गई कानूनी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुपालन में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग नरायन सिंह के आदेशानुसार व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संभल स्थित चंदौसी विभांशु सुधीर के निर्देशन में शुक्रवार को महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति विशेष अभियान के तहत बाबूराम सरस्वती इण्टर कॉलेज चंदौसी जनपद संभल में महिलाओं एवं बालिकाओं से संबंधित विभिन्न प्राविधानों का प्रचार–प्रसार किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संभल द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने एसिड अटैक, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, बाल विवाह निषेध, महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही नि:शुल्क विधिक सेवा हेल्पलाइन 15100 की जानकारी भी दी गई। तथा अन्य अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर महिलाओं व बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहनें व किसी भी प्रकार की समस्या होने पर नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने हेतु जागरूक किया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल संभल चंद्रपाल सिंह, असिस्टेंट मयंक गोयल, पैनल लॉयर प्रदीप मिश्रा, मध्यस्थ अधिवक्ता नीलम वार्ष्णेय, पीएलवी अतुल कुमार, अध्यापिका . शीतल रानी, सोनम आदि उपस्थित रहे।



# जिला कांग्रेस कमेटी ने किया मासिक बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा की अध्यक्षता में मासिक बैठक आयोजन किया गया। जिसमें बहुत अधिक संख्या में कांग्रेस जन व अन्य राजनीतिक पार्टियों से आऐ सदस्य शामिल हुए अव वह समय दूर नहीं जब 2027 में कांग्रेस का प्रचम लहराएगा हर दिन कांग्रेस का करवा आगे बढ़ता जा रहा है और कांग्रेस में अन्य पार्टियों से राहुल गांधी की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी का दमन थम रहे है।

वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान जो राहुल गांधी जी के द्वारा चलाया गया उसमे सच्चाई नजर आने के कारण अन्य पार्टियों से बहुत से लोग कांग्रेस पार्टी में अपनी निष्ठा जाता रहे हैं। उसी के तहत आज जिला कांग्रेस में विभिन्न पार्टियों को छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया है।

कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की है महिला जिला अध्यक्ष पुष्प लता जो आम आदमी पार्टी में थी अजय कुमार, जो बी एस पी में थे आर बी श्रीवास्तव जो बीजेपी में थे, सुनील कुमार जो पुर्वांचल प्रकोष्ठ एवं आरएसएस से जुड़े रहे थे शबनम सैफी मुस्तकीम आदि सभी ने अन्य पार्टियों पर से भरोसा छोड़कर कांग्रेस पार्टी पर भरोसा किया है जिनका कांग्रेस मे पका पहनकर स्वागत किया गया और सभी ने अपना हृदय परिवर्तन करण के बारे में सभी कांग्रेस जन को बताया सभी ने तालियां बजाकर कांग्रेस पार्टी के परिवार में शामिल होने पर स्वागत किया।



मासिक बैठक में सभी विधानसभाओं के प्रभारी मौजूद रहे और सभी ने जिला अध्यक्ष की कार्यशाली की प्रशंसा की जिसमें कोऑर्डिनेटर राजकुमार शर्मा भी मौजूद रहे। राजकुमार शर्मा ने बताया की गाजियाबाद ए प्लस श्रेणी में पीसीसी कार्यालय में चल रहा है अब हमारा यह कार्यक्रम अंतिम पणाव है सिर्फ कुछ बूथ की लिस्ट तैयार हो रही है जिसको 6 अक्टूबर को जिला अध्यक्ष की तैयार करवा कर लखनऊ में गाजियाबाद जिले की संगठन सजन से लेकर पूरे कार्यक्रम की कॉमेटिया प्रदेश कांग्रेस कमेटी लखनऊ को सौंपेंगे कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष द्वारा सभी से गाजियाबाद में हाउस टैक्स वृद्धि के ऊपर ज्ञापन तैयार किया गया जिला मुख्यालय पर डीएम कार्यालय में सौंपा गया।

सभी ने जिला मुख्यालय अधिकारी को ज्ञापन देने के लिए पहुंचे जिसमें उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रस्तावित हाउस टैक्स प्रति के खिलाफ ज्ञापन दिया जिसमें जनपद गाजियाबाद की सभी स्थानीय निकाय खोड़ा, लोनी मुरादनगर, मोदीनगर, डासना फरीदनगर, पतला, निवाड़ी ,तथा नगर निगम गाजियाबाद द्वारा हाउस टैक्स टैक्स को चार गुना किया जाने संबंधित प्रस्ताव से जनपद के निवासियों में गहरा रोष है जैसा कि ज्ञात होगा कि कोरोना काल में लाखों लोग बेरोजगार कर दिया।

इसके बाद आसमान छुट्टी महंगाई ने जनता की कमर तोड़ दी। कार्यक्रम में उपस्थित रहे सतीश शर्मा जी जिला अध्यक्ष पूर्व महानगर अध्यक्ष पूर्व पार्षद सुनील चौधरी जयवीर सिंह सुरेंद्र शर्मा जी चौधरी वीरेंद्र सिंह आशुतोष गुप्ता जिला मीडिया प्रभारी आशीष शर्मा नीरज प्रजापति रफीक कुरैशी राजेश गुप्ता यादव सुशील शर्मा सविता गौतम राजकुमार शर्मा बबलू मंडल अध्यक्ष डॉक्टर शोएब अमित ठेकेदार इस्लाम बंजारा अजय शर्मा सलीम इदरीसी महिला अध्यक्ष डॉली आदि ज्ञापन में उपस्थित रहे।

# गन्ना किसानों के हित में समिति सदस्यता व उपज बढ़ोतरी के लिए 10 दिन बढ़ाई गई अंतिम तिथि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उप गन्ना आयुक्त, हरपाल सिंह ने बताया कि जिला गन्ना अधिकारियों और किसानों की मांग के दृष्टिगत पेराई सत्र 2025–26 के लिए समिति सदस्यता की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर, 2025 तक बढ़ा दी गई है। यह निर्णय उन किसानों के लिए एक बड़ा अवसर है जो अभी तक समिति सदस्य नहीं बन पाए हैं।समिति सदस्यता के लिए ऑनलाइन पंजीकरण उप गन्ना आयुक्त ने बताया कि आयुक्त गन्ना एवं चीनी उ.प्र. ने किसानों से अपील की है कि वे समिति सदस्य बनकर गन्ना आपूर्ति का लाभ उठाएं और राज्य सरकार द्वारा घोषित गन्ना मूल्य दर पर गन्ना आपूर्ति कर लाभ प्राप्त करें।

इच्छुक किसान 10 अक्टूबर तक अपनी सहकारी गन्ना विकास समिति की सदस्यता के लिए ऑनलाइन पंजीकरण/आवेदन कर सकते हैं। आवेदन/पंजीकरण के उपरांत किसान को अपने भू अभिलेख, खतौनी, आधार कार्ड, बैंक पास बुक आदि की छाया प्रतियां, कृषक घोषणा–पत्र एवं दो फोटो, एवं मोबाइल नंबर आदि गन्ना समिति में जमा कराते हुए निर्धारित समय में सदस्यता शुल्क अंकन 221.00 रुपये गन्ना समिति में सदस्यता शुल्क के रूप में जमा करा सकते हैं। उप गन्ना आयुक्त ने बताया कि जिन किसानों के पास गन्ने की उपज जिले के औसत उपज से अधिक है, वे कृषक उपज बढ़ोत्तरी हेतु अपना आवेदन पत्र 10 अक्टूबर, 2025 तक जमा कर सकते हैं। उपज बढ़ोत्तरी की व्यवस्था का लाभ प्रदान किया जाएगा। गन्ना किसानों के हित में समिति सदस्यता एवं उपज बढ़ोत्तरी हेतु 10 दिन बढ़ाई गई अंतिम तिथि एक बड़ा अवसर है। किसान इसका लाभ उठाकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं और गन्ना उत्पादन में वृद्धि कर सकते हैं।

# अशासकीय शिक्षकों का 10 दिन से अनशन जारी

**चन्दौसी।** नगर में अशासकीय प्राप्त शिक्षकों द्वारा पिछले 10 दिनों से अनशन जारी है। शिक्षक ऑफलाइन स्थानांतरण सूची का इंतजार कर रहे हैं और जैसे ही सूची जारी होगी, वह इच्छित कॉलेज में पदभार ग्रहण कर शिक्षण कार्य शुरू करेंगे। माध्यमिक शिक्षा में स्थानांतरण को लेकर शिक्षक लगातार प्रयासरत हैं, लेकिन लंबित कार्यवाही और विलंब के कारण उन्हें आंदोलन पर उतरना पड़ा। शिक्षकों का कहना है कि अशासकीय कॉलेजों में स्थानांतरण के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, लेकिन बड़ी राशि से जुड़े मामलों के बावजूद कुछ अधिकारियों द्वारा सूची जारी नहीं करवाई जा रही। बताया जा रहा है कि मामला 10 करोड़ रुपये से ऊपर का है, और अब शिक्षकों को अपने कार्य के लिए सीधे शिक्षामंत्री के सामने अनशन करना पड़ा। इस स्थिति ने शिक्षा क्षेत्र में प्रशासनिक प्रक्रिया और पारदर्शिता पर सवाल उठाए हैं और शिक्षकों का धैर्य अब जवाबदेही की मांग में बदल गया है।

## सम्पादकीय

शनिवार, 4 अक्टूबर 2025

# सेना प्रमुख की दोटूक

राजस्थान के श्री गंगानगर जिले के अनूपगढ़ में भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने आतंकवाद को लेकर पाक को कड़ा संदेश दिया। सैनिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि पाकिस्तान विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है, तो उसे अपनी धरती पर आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अब भारत ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाए गए संयम को दोहराएगा नहीं और सबसे बड़ी बात जो उन्होंने कही वह यह है कि सैनिक अपने आपको पूरी तरह तैयार रखें भगवान ने चाहा तो मौका जल्द आएगा। जाहिर है उनके कहने का आशय यही था कि ऑपरेशन सिंदूर के समय भारत ने संयम बरता और केवल चुनिंदा टारगेट को ही अपना निशाने पर लिया। अब की बार ऐसा नहीं होगा। पाकिस्तान को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी। वहीं वायु सेना प्रमुख मार्शल एपी सिंह ने भी शुक्रवार को पाक की तरफ से भारत के जेट गिराने के दावे को सिर्फ कहानियां जैसा बताया। उनके अनुसार सच्चाई यह है कि भारत ने ही पाकिस्तान के पांच फाइटर जेट तबाह किए, जिसमें एफ 16 और जे 17 भी शामिल हैं। वायु सेना प्रमुख ने यह भी कहा कि भारतीय सेना ने पाक में 300 किमी अंदर घुसकर हमला किया। यह दूसरी बार है जब उन्होंने इस तरह का दावा किया। अब से पहले वह नौ अगस्त को यह दावा कर चुके हैं, जब उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक के पांच विमान गिराए गए थे। उन्होंने पाकिस्तान को ललकारते हुए कहा कि जिस तरह के दावे करते रहे हैं, उनको लेकर अगर उनके पास एक भी सबूत है तो वह सार्वजनिक रूप से दिखाएं। जबकि हमने उन्हें उनकी जगहों की सारी तस्वीरें दिखाई हैं। एमपी सिंह के अनुसार यह एक उच्च तकनीक वाला युद्ध था, जिसमें हमने 80 से 90 घंटों के अंदर इतना नुकसान किया कि पाकिस्तान घुटनों पर आ गया और उन्हें पता चल गया कि अगर वह इस युद्ध को जारी रखते हैं तो इसकी उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इसलिए उन्होंने भारतीय डीजीएमओ को संदेश भेजा कि वह बात करना चाहते हैं, जिसे हमने स्वीकार कर लिया। इस युद्ध की सफलता का श्रेय उन्होंने राजनीतिक इच्छाशक्ति को दिया। उनका कहना था कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का प्रमुख कारण राजनीतिक इच्छाशक्ति का होना था। हमें स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। सेना को खुली छूट थी कि जैसे चाहें आगे बढ़ें। तीनों सेनाओं के बीच कॉर्डिनेशन भी बेहद कारगर साबित हुआ। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सीडीएस के पद ने वास्तव में अंतर पैदा किया। मतलब साफ है कि अब हमारी सेना आधुनिक युद्ध लड़ने में पूरी तरह तैयार है और निरंतर बेहतर होने का प्रयास कर रही है। सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी का अपने सैनिकों से यह कहना कि उन्हें हर समय तैयार रहना चाहिए और मौका जल्द मिलेगा, यह इस तरफ इशारा करता है कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पाक के खेबर पख्तूनवा में आतंकियों के नए अड्डे बनने की बात बराबर सामने आ रही है। इस बात को द्विवेदी ने भी स्वीकार किया है। मतलब साफ है कि पाक आतंकवाद को छोड़ने के लिए तैयार नहीं दिखाई दे रहा।

### आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करे पाक



यदि पाकिस्तान विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाए रखना चाहता है, तो उसे अपनी धरती पर आतंकवाद को प्रायोजित करना बंद करना होगा, भारत अब ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिखाए गए संयम को दो. हराएगा नहीं, सेनिक अब अपने आप को पूरी तरह तैयार रखें, यदि भगवान ने चाहा, तो मौका जल्द आएगा, भारत इस बार पहले जैसा संयम नहीं दिखाएगा और ऐसी कार्रवाई करेगा, जो पाकिस्तान को अपनी स्थिति पर विचार करने के लिए मजबूर कर दे, सीमा के पास रहने वाले लोगों को भारत आम नागरिकों के बजाय सैनिकों के रूप में देखता है, वे हमारे साथ कंधे से कंधा मिलाकर युद्ध में खड़े हैं, यह महत्वपूर्ण है, क्योंकि आने वाला संघर्ष सिर्फ सेना का नहीं, बल्कि पूरे देश का है, 1965 और 1971 के युद्धों के समय भी आम नागरिकों ने सैनिकों का साथ दिया था।

**जनरल उपेंद्र द्विवेदी, सेना प्रमुख**

# उसूल और इरादे के पक्के थे स्व. हर्षवर्धन

## पुण्यतिथि पर विशेष




**यशोदा श्रीवास्तव**

पूर्वांचल के कद्दावर नेता पूर्व सांसद स्व. हर्षवर्धन भ्रष्टाचार और सरकारी जुल्म के खिलाफ बुलंद आवाज थे। महराजगंज जिले का जोगिया बारी गांव भ्रष्टाचार, सरकारी जुल्म और पुलिसिया उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष की रणनीति का केंद्र था। मुलायम सिंह के बाद यदि कोई दूसरा नेता जी नामधारी था तो वह हर्षवर्धन थे। लखनऊ और पूर्वांचल में वे इसी नाम से मशहूर थे। 1977 से लेकर 2016 के कुछ महीनों तक यह नाम भ्रष्टाचार, पुलिस या प्रशासनिक जुल्म को बढ़ावा देने वालों के लिए भय का पर्याय था।

लखनऊ छात्र राजनीति से निकलकर 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर फरेंदा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने आए हर्षवर्धन यहीं के होकर रह गए। 1975 के आपातकाल के बाद 1977 का यह आम चुनाव जनता पार्टी के नाम रहा।लखनऊ से दिल्ली तक इंदरा गांधी की सरकार बदल चुकी थी। हर्षवर्धन परिवर्तन के इस लहर में भी चुनाव हार गए थे। उनके हारने का सिलसिला 1985 तक जारी रहा, लेकिन न तो वे हताश हुए और न ही भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग की उनकी धार कमजोर हुई। देखा जाए तो स्व. हर्षवर्धन के राजनीतिक सफर में जीत कम हार ज्यादे रही। वे 1985 में विधायक, 1989 में एमपी और कई चुनाव हारने के बाद 2009 में फिर एमपी चुने गए। विधायक जनता पार्टी से हुए, 1989 में एमपी जनतादल से हुए और 2009 में दूसरी बार कांग्रेस के टिकट पर संसद पंहुचे हर्षवर्धन की खासियत यह रही कि वे जिस दल में रहे, आला कमान के सर्वाधिक प्रिय रहे। जनता पार्टी में चंद्रशेखर के करीब, जनता दल में वीपी सिंह के, बसपा में मायावती के भी करीब रहे और जब कांग्रेस में आए तो सोनिया और राहुल के भी बेहद करीब हो गए। कह सकते हैं कि स्व. हर्षवर्धन का दल बदलने का भी रिकॉर्ड रहा, लेकिन वे कभी कुर्सी और सत्ता के लिए दल नहीं बदले। वे वसूलों के पक्के थे, स्वाभिमानी और जमीर वाले नेता थे। उन्होंने जार्ज फर्नांडिस के करीबी होने का भी फायदा हासिल करने का मौका ठुकरा दिया था तब जब वे एनडीए का हिस्सा बने थे। हर्षवर्धन एनडीए को सांप्रदायिक दलों का गठबंधन मानते थे। चंद्रशेखर जब प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने मंत्री पद ठुकरा कर वीपी सिंह के साथ जाना कबूल किया। सिद्धांत ऐसा था कि राजनितिक फायदे के लिए सांप्रदायिक शक्तियों से कभी समझौता नहीं किया।

चार अक्टूबर को स्व।हर्षवर्धन की पुण्यतिथि पर उनके गांव जोगियाबारी में आयोजित कार्यक्रम उनकी स्मृति में एक पर्व जैसा होता है जहां यूपी और पूर्वांचल भर से उनके चाहने वालों का जमावड़ा होता है। यहां सभी नम आंखों से उन्हें याद करते हैं। यह आयोजन उनकी राजनीतिक उत्तराधिकारी और कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया नेत और चाचा आनंदवर्धन करते हैं। इस अवसर पर पूर्वांचल के कई जिलों से उनके चाहने वाले उपस्थिति होकर उन्हें नम: आंखों से श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। हर्षवर्धन किसी एक क्षेत्र से सांसद या विधायक भले रहे हों, जुल्म और ज्यादती के खिलाफ वे कहीं भी उठ खड़े होते थे। सिद्धार्थनगर जिले के बहुचर्चित करहना कांड के खिलाफ दिल्ली तक की उनकी लड़ाई देश भर में चर्चा के केंद्र में रही। दरअसल वे पूर्वांचल के जिलों में संघर्ष शील राजनीति के प्रेरणा पुरुष थे। हर्षवर्धन कभी लाभ के लिए दल नहीं बदले। सच यह है कि वे जिस दल में गए, वह दल ही शक्तिशाली हुआ। दल छोड़ा तो अपने लिए नहीं, जनसरोकार के लिए। उन्होंने बसपा को भी तब छोड़ा जब मायावती ने महराजगंज जिले का नाम बदलना चाहा। हर्षवर्धन का सुझाव था कि यदि जिले का नाम बदलना ही है तो शिब्बन लाल सक्सेना के नाम से किया जाए। वे नहीं मानीं तो उन्होंने बसपा छोड़ दी। हर्षवर्धन कांग्रेस में आने से पहले भी कांग्रेस के हिमायती रहे। कहा करते थे की यह वसूलों वाली पार्टी है। कांग्रेस में आकर जिले में कांग्रेस को ऊंचाई तक पहुंचाया। आज उनकी बेटी सुप्रिया नेत कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। बताने की जरूरत नहीं कि सांसदों को क्षेत्र भ्रमण के लिए मिली सरकारी गाणी का खूब दुरुपयोग हो रहा है। उन गाणियों से सांसद के लग्गू भग्गू घूमते हैं और जहां चाहते हैं वहां ले जाते हैं। जबकि हर्षवर्धन उस सरकारी गाणी का इस्तेमाल केवल क्षेत्र में भ्रमण के लिए करते थे। एक बार का वाकया यूं है कि हर्षवर्धन को बनारस किसी जरूरी काम से जाना था। संयोग से कोई गाणी नहीं

**हर्षवर्धन का सुझाव था कि यदि जिले का नाम बदलना ही है तो शिब्बन लाल सक्सेना के नाम से किया जाए। वे नहीं मानीं तो उन्होंने बसपा छोड़ दी। हर्षवर्धन कांग्रेस में आने से पहले भी कांग्रेस के हिमायती रहे। कहा करते थे की यह वसूलों वाली पार्टी है। कांग्रेस में आकर जिले में कांग्रेस को ऊंचाई तक पहुंचाया। आज उनकी बेटी सुप्रिया नेत कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। बताने की जरूरत नहीं कि सांसदों को क्षेत्र भ्रमण के लिए मिली सरकारी गाणी का खूब दुरुपयोग हो रहा है।उन गाणियों से सांसद के लग्गू भग्गू घूमते हैं और जहां चाहते हैं वहां ले जाते हैं।**



थी। एक साथी ने उसी सरकारी गाणी से बनारस चलने का सुझाव दिया। यह सुनकर वे आग बबूला हो गए। बोले जिस गलत काम के लिए वे लड़ते हैं, वहीं करने की सलाह दे रहे हो। उसे इस हिदायत के साथ अपने पास से हटा दिया कि दुबारा दिखना मत। स्व. वीर बहादुर सिंह यूपी के मुख्यमंत्री थे। हर्षवर्धन विधायक थे। किसी बात को लेकर उनकी मुख्यमंत्री से ठन गई। काफी मान-मनौव्वल हुआ। हर्षवर्धन तभी माने जब मुख्यमंत्री ने उनकी यह मानी कि जितने सरकारी ट्यूबवैल मुख्यमंत्री के क्षेत्र पनियरा में लगेंगे उतने ही हर्षवर्धन के विधानसभा क्षेत्र फरेंदा में लगेंगे। फरेंदा विधानसभा क्षेत्र में उस वक्त सर्वाधिक 57 ट्यूबवैल लगे थे जो क्षेत्र के प्रति उनके समर्पण भाव की याद दिलाते रहते हैं। हर्षवर्धन समाजवादी विचारधारा के थे। उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि स्वतंत्रता संग्राम की थी। हर्षवर्धन के पिता स्व. योगेन्द्र पाल सिंह स्वतंत्रता सेनानी थे। वे जीवन पर्यन्त गरीबों मजदूरों के लिए लड़ते रहे। स्वतंत्रता आंदोलन के समय अंग्रेजों के तमाम प्रलोभनों को लात मारकर अंग्रेजों के खिलाफ किसी भी आंदोलन में जान को जोखिम में डालकर अग्रणी भूमिका में रहे। गरीबों और मजदूरों के प्रति दया भाव ऐसी थी कि वे खेतों में खुद ही हल संभाल लेते ताकि मजदूर कुछ पल विश्राम कर सके। स्व. हर्षवर्धन जीवन पर्यन्त अपने पिता के कदमों पर ही चलते रहे। ईश्वर ने उन्हें असीम पीड़ाएं भी दी। पत्नी विष्णु सिंह का असमय ही कैंसर से निधन हो गया। इसके कुछ साल बाद ही इकलौता बेटा भी काल के गाल में समा गया। उत्तराधिकारी के रूप में उनकी इकलौती बेटी सुप्रिया नेता ही हैं। इतनी असीम पीड़ाओं को सीने में दफन किए हर्षवर्धन को स्वास्थ्य संकट से गुजरना पड़ा। 2014 का चुनाव वे हार गए और गंभीर बीमारी के चलते ही चार अक्टूबर 2016 में उनका निधन हो गया। हर्षवर्धन के निधन के बाद कांग्रेस ने उनकी बेटी सुप्रिया नेत में कांग्रेस का भविष्य तलाश ली। सुप्रिया एक मशहूर टीवी चैनल में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति की पत्रकार थीं। वे पत्रकारिता छोड़ कर अपने पिता की विरासत संभालने महराजगंज आ गईं और अपने स्व. पिता हर्षवर्धन की राजनीतिक विरासत को निरंतर आगे बढ़ा रहीं हैं। पिता की तरह वे भी गांधी परिवार के सर्वाधिक निकट हैं। उनमें भी पिता की तरह खुद्दारी कूट कूट कर भरा है। जूझारू पन और संघर्ष शीलता वैसी ही है जैसे हर्षवर्धन की थी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# धोखाधड़ी के दौर में नागालैंड का गांव है मिसाल

**भारत देश में एक ऐसा गांव है, जहां पर दुकान तो हैं, लेकिन इन दुकानों पर कोई दुकानदार नहीं है और न ही दुकानों पर ताला लगता है। इसके बाद भी लोग ईमानदारी के साथ दुकान से जरूरत का सामान लेकर पैसा रखकर चले जाते हैं। वैसे तो इस जमाने में ऐसा गांव या शहर मिलना काफी मुश्किल है।**

आजकल के समय में चोरी और धोखाधड़ी इतनी ज्यादा बढ़ गई है, जिसके कारण ज्यादातर लोग किसी पर आसानी से भरोसा नहीं कर पाते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि भारत में एक ऐसा गांव है, जहां पर दुकान या कोई भी चीज सिर्फ ईमानदारी के भरोसे पर चलती है। अगर आपको भी इस बात पर यकीन नहीं हो रहा है, तो यह आर्टिकल आपके लिए खास हो सकता है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर दुकानों में ताले नहीं लगाए जाते हैं और इसके बाद भी यहां पर कभी चोरी नहीं होती है।



**दुकानों पर नहीं लगते हैं ताले**

भारत देश में एक ऐसा गांव है, जहां पर दुकान तो हैं, लेकिन इन दुकानों पर कोई दुकानदार नहीं है और न ही दुकानों पर ताला लगता है। इसके बाद भी लोग ईमानदारी के साथ दुकान से जरूरत का सामान लेकर पैसा रखकर चले जाते हैं। वैसे तो इस जमाने में ऐसा गांव या शहर मिलना काफी मुश्किल है। जहां पर दुकान तो हैं, लेकिन दुकानदार नहीं हैं और दुकानों पर ताले भी नहीं हैं। भारत के नागालैंड के खोनोमा गांव अपने भरोसे और विश्वास के लिए पूरे भारत में फेमस है।

**नागालैंड का खोनोमा गांव**

नागालैंड के खोनोमा गांव पूरे भारत में ईमानदारी के लिए फेमस है। इस गांव में बिना दुकानदार के सालों से दुकानें लगी हुई हैं। जहां पर आप अपनी जरूरत के हिसाब से सामान खरीद सकते हैं। हालांकि यह फ्री नहीं है आपने जितने का सामान लिया है, उतने पैसे दुकान पर रखकर जा सकते हैं। गांव का कोई भी दूसरा व्यक्ति उन पैसों को नहीं छुएगा और न ही कोई धोखा देकर ज्यादा सामान लेकर जाएगा।


**जानिए भारत का पहला ग्रीन विलेज**

इस गांव के बारे में जानकर हैरान रह गए होंगे। कई रिपोर्ट्स की मानें, तो इस गांव में सालों से ईमानदारी के भरोसे पर रह रहे हैं। नागालैंड के इस अनोखे गांव यानी की खोनोमा गांव को भारत का पहला ग्रीन विलेज भी कहा जाता है। जोकि ईमानदारी के लिए फेमस है। यह गांव अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए पूरे भारत में फेमस है।

**नहीं हुई चोरी और न कोई गुनाह**

बता दें कि इस गांव की ईमानदारी पूरे भारत में जानी जाती है। यहां पर इतने सालों से दुकानों में ताला नहीं लगता है। लेकिन इसके बाद भी यहां पर न तो आज तक चोरी हुई और न कोई गुनाह हुआ है। इस गांव के लोगों में आज भी इतनी ईमानदारी है कि लोग जितने का सामान खरीदते हैं, उतने पैसे दुकान में जमा कर देते हैं।

# पशुओं के साथ सुसंस्कृत बने जीवन की सभ्यता



**योगेश कुमार गोयल**

पशुओं के कल्याण मानकों में सुधार को लेकर लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 4 अक्तूबर को विश्व पशु कल्याण दिवस मनाया जाता है। विश्व पशु दिवस पहली बार बर्लिन में 24 मार्च 1925 को पशु कल्याण के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया गया था।

पशुओं की लुप्तप्राय प्रजातियों की दुर्दशा को उजागर करने के लिए इटली के फ्लोरेंस में 1931 में आयोजित पारिस्थितिकीविदों के एक सम्मेलन में विश्व पशु दिवस की शुरुआत की गई और तब असीसी के सेंट फ्रांसिस के पर्व के कारण यह दिवस मनाने के लिए प्रतिवर्ष 4 अक्तूबर को ही चुना गया। 2003 में पहली विश्व पशु दिवस वेबसाइट यूके स्थित पशु कल्याण चौरिटी 'नेचर वॉच फाउंडेशन' द्वारा लांच की गई थी। इस दिन पशु अधिकारों को बढ़ावा देने वाले व्यक्तियों एवं संगठनों का समर्थन करके जानवरों के प्रति प्यार, देखभाल, स्नेह और सुरक्षा को प्रोत्साहित करता है। पशुओं के अधिकारों के लिए यह एक ऐसी वैश्विक पहल है, जिसका प्रमुख उद्देश्य पशु कल्याण के लिए बेहतर मानक सुनिश्चित करना है।

पशु प्रेम के बारे में महात्मा गांधी कहते थे कि किसी राष्ट्र की महानता और उसकी नैतिक प्रगति का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि वहां जानवरों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है। पशु मानव जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जो न केवल हमारे जीवन को समृद्ध बनाते हैं बल्कि हमें बेहतर इंसान भी बनाते हैं। पारिस्थितिकी तंत्र में सभी जानवर प्रकृति की पारिस्थितिकी को संतुलित रखते हुए हमारे पर्यावरण की रक्षा करने और मानव स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में भी समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मनुष्य और पशु न केवल एक-दूसरे पर निर्भर हैं बल्कि एक-दूसरे के पूरक भी हैं। सही मायनों में दोनों का अस्तित्व ही खुशहाली का प्रतीक है और यदि जंगल से किसी एक जीव की प्रजाति भी लुप्त होती है तो उसका असर सम्पूर्ण पर्यावरण पर पड़ता है।

विश्व पशु दिवस विश्वभर में कल्याण मानकों के मिशन के साथ जानवरों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक ऐसा सामाजिक आन्दोलन है, जो प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष 'विश्व पशु कल्याण दिवस' की थीम है 'जानवरों को बचाओ, ग्रह को बचाओ!'। भारत में करीब 70 फीसद आबादी



लिए क इ

कृषि तथा कृषि संबंधी व्यवसायों पर निर्भर है। प्राचीन काल से ही पशुपालन और कृषि व्यवसायों का आपस में गहरा संबंध रहा है। गरीबी से त्रस्त परिवारों के लिए तो पशुधन ग्रामीण मुद्राएं हैं, जो खासकर गरीब परिवारों के लिए बीमा विकल्प के रूप में भी कार्य करता है क्योंकि यह उनके लिए ऐसी सम्पत्ति है, जिसे संकट के समय बेचा जा सकता है। यही कारण है पालतू पशुओं को 'पशुधन' कहा जाता है। भारत के सकल घरेलू उत्पाद में भी पशुधन की बड़ी भागीदारी रही है। मानव और पशुओं के आपसी संबंध मानव जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं क्योंकि पशुओं का मानवीय समाज में विभिन्न रूपों में योगदान होता है। पशुओं के साथ रहने से हमें स्वभाविक संवेदनशीलता, प्यार, सहयोग और उन्नति का अनुभव होता है। बहुत से पशु-पक्षी तो ऐसे हैं, जो यदि धरती पर नहीं हों तो पृथ्वी पर मनुष्य का जीना ही मुश्किल हो जाएगा। अनेक मामलों में देखा जाता है कि मानवीय स्वार्थ के जानवरों की निर्मम हत्या कर दी जाती है। दरअसल इन पशुओं के विभिन्न अंग तथा उनके मल-मूत्र इत्यादि दवाईयां बनाने से लेकर खेतीबाड़ी तक में काम आते हैं और इनके कंकाल उर्वरक का काम करते हैं। हाथियों को हाथी दांत और गैंडे को उसके सींगों के लिए बेदर्दी से मौत के घाट उतार दिया जाता है जबकि उनकी प्राकृतिक मौत होने पर ये चीजें वैसे ही मिल जानी होती हैं। हाथी और गैंडे कीचड़ में रहकर दूसरे जानवरों के पीने के लिए किनारे पर पानी का इंतजाम करते हैं और सूखा नहीं पड़ने देते। हाथी जमीन को उपजाऊ बना सकता है जबकि गैंडा कीचड़ में रहकर मिट्टी की अदला-बदली का काम करता है और प्रतिदिन करीब पचास किलो वनस्पति की खुराक होने से जंगल में कूड़ा-कर्कट नहीं होने देता। उसके शरीर पर फसल के लिए हानिकारक कीड़े जमा हो जाते हैं, जो पक्षियों का भोजन बनते हैं। इस प्रकार गैंडे प्राकृतिक संतुलन बनाए रखते हैं। वैसे तो सभी पशु-पक्षी मनुष्य के सहायक होते हैं लेकिन उनके व्यवहार को समझे बगैर यदि उनके रहने की जगहों को उजाड़ने के प्रयास किए जाते हैं तो वे हिंसक होकर विनाश कर सकते हैं। तुर्की के विख्यात नाटककार, उपन्यासकार और विचारक मेहमत मूरत इल्डन का कहना था कि दुनिया में वन्यजीवों की रक्षा केवल दयालु दिलों के प्यार से ही की जा सकती है। वाइल्ड हार्ट वाइल्ड लाइफ फाउंडेशन के संस्थापक पॉल ऑक्सटन कहते थे कि जब तक आपके भीतर प्रकृति के बीच रह रहे जंगली जीवों के प्रति ढ़ेर सारा प्यार, दया और लगाव नहीं रहेगा, तब तक आप सच्चा सुख हासिल नहीं कर पाएंगे। मानव जाति को यह समझना होगा कि पशुओं का जीवन किसी भी तरह से हमारे जीवन से कम कीमती नहीं है। 'जैव विविधता के जनक' के नाम से विख्यात आधुनिक काल के डार्विन कहे जाने वाले हार्वर्ड विश्वविद्यालय के पूर्व जीवविज्ञानी और पुलित्जर पुरस्कार विजेता ईओ विल्सन के अनुसार पृथ्वी पर प्रत्येक प्रजाति अत्यधिक देखभाल एवं प्रतिभा के साथ बनाई गई रचना और एक उत्कृष्ट कृति है। वन्यजीव फोटोग्राफर, प्रकृतिवादी और 'जॉय ऑफ बीयर्स' सहित कुछ पुस्तकों की लेखिका सिल्विया डोल्सन कहती हैं कि हमारी ही तरह जानवर भी प्यार, खुशी, डर और दर्द महसूस करते हैं लेकिन वे बोले गए शब्द को समझ नहीं पाते।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### अफगान सीमा पर तालिबान और पाक सैनिकों में फायरिंग

**इस्लामाबाद।** अफगान और पाकिस्तान की सीमा पर एक बार फिर तालिबान लड़ाकों और पाकिस्तानी सैनिकों के बीच फायरिंग हुई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गुरुवार सुबह करीब 7 बजे अफगानिस्तान के कुनार प्रांत के नरई जिले में डोकलाम इलाके में दोनों तरफ से फायरिंग हुई। यह गोलीबारी कई घंटों तक रुक-रुक कर जारी रही। दरअसल, पाकिस्तानी सैनिक बार्डर पर बाड़ लगा रहे थे। तालिबान ने इसका विरोध किया और देखते ही देखते विवाद हिंसक झड़प में बदल गया।

### लॉस एंजिल्स के शेवरॉन रिफाइनरी में लगी भीषण आग

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स काउंटी के एल सेगुंडो स्थित शेवरॉन रिफाइनरी में गुरुवार रात भीषण आग लग गई। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। रिपोर्टों के अनुसार, विस्फोट की कई सूचनाएं प्राप्त होने के बाद अग्निशमन विभाग और अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। 324 वेस्ट एल सेगुंडो बुलेवार्ड स्थित इस रिफाइनरी का अपना अग्निशमन विभाग है, जो आग बुझाने के कार्य में लगा हुआ है और अब तक आग को अन्य क्षेत्रों में फैलने से रोक लिया गया है।

### पहली बार डिजिटल दुनिया में भरोसे और सुरक्षा पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली।** डिजिटलीकरण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल के बीच देश में पहली बार डिजिटल दुनिया में भरोसे और सुरक्षा पर चर्चा होगा जिसमें सरकार, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, ओटीटी और नियामकों समेत सभी संबद्ध पक्षों के दिग्गज स्थानीय जरूरतों के अनुरूप कानूनों और सुरक्षा उपायों पर विचार-विमर्श करेंगे। गैर-लाभकारी संगठन काउंसिल फॉर सोशल रिसर्च (सीएसआर) दिल्ली में सात और आठ अक्टूबर को ट्रस्ट एंड सेफ्टी फेस्टिवल के साथ मिलकर एआई इम्पैक्ट समिट का आयोजन कर रहा है।

### यूक्रेन ने किया नाटो महासचिव मार्क रूटे का आभार व्यक्त

**नई दिल्ली।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने नाटो के महासचिव मार्क रूटे से मुलाकात की और यूक्रेन के प्रति समर्थन जाहिर करने के लिए उनका और नाटो के सदस्य देशों का आभार व्यक्त किया। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमने रूसी उकसावे का मुकाबला करने और पर्ल इनिशिएटिव में नए योगदान पर चर्चा की। हम यूक्रेन-नाटो सहयोग के ढांचे में अपने अगले कदमों पर सहमत हुए और आगामी रामस्टीन बैठक पर चर्चा की, जो रक्षा मंत्रियों के स्तर पर आयोजित की जाएगी। मैं यूक्रेन के प्रति उनके समर्थन के लिए मार्क और नाटो सदस्य देशों का व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद करता हूं।

# अमेरिकी दबाव के आगे भारत नहीं झुकेगा: पुतिन

## रूस के राष्ट्रपति का दावा: मैं मोदी को जानता हूं, भारतीय अपमान बर्दाश्त नहीं करते



■ भारत जैसे देश में लोग अपने नेताओं के फैसलों पर नजर रखते हैं
■ वहां के लोग कभी नहीं चाहेंगे कि उनका देश किसी के सामने झुके: पुतिन

**सोची।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने तेल खरीद के मुद्दे पर अमेरिकी दबाव की आलोचना की और कहा कि भारत झुकने वाला नहीं है। उन्होंने सोची शहर में आयोजित वाल्दाई पालिसी फोरम को संबोधित करते हुए यह कहा कि पीएम मोदी कभी भी ऐसा फैसला नहीं करेंगे, जो भारत की संप्रभुता के खिलाफ हो।

पुतिन ने कहा कि अगर रूस के ट्रेड पार्टनर्स पर ऊंचे टैरिफ लगाए गए, तो इसका असर पूरी दुनिया की ऊर्जा कीमतों पर पड़ेगा। कीमतें बढ़ेंगी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व को मजबूरी में ब्याज दरें ऊंची रखनी होंगी, जिससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था धीमी पड़ जाएगी। पुतिन ने चेतावनी दी कि अगर भारत रूसी तेल खरीदना बंद करता है, तो उसे 9 से 10 अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ेगा। पुतिन ने कहा कि भारत जैसे देश में लोग अपने नेताओं के फैसलों पर नजर रखते हैं और वे कभी नहीं चाहेंगे कि उनका देश किसी के सामने झुके। पुतिन ने यह भी कहा कि रूसी तेल के बिना दुनिया की भी अर्थव्यवस्था को नुकसान होगा और यदि इसकी आपूर्ति बंद हो जाती है तो तेल की कीमतें प्रति बैरल 100 डॉलर से भी ऊपर बढ़ सकती हैं। पुतिन ने मोदी का दोस्त बताते हुए कहा कि वह उनके साथ भरोसे के साथ बातचीत कर सकते हैं। रूसी राष्ट्रपति ने दिसम्बर की शुरुआत में होने वाली अपनी भारत यात्रा को लेकर खुशी जताई। उन्होंने अपनी सरकार को यह भी निर्देश दिया कि भारत के बड़े पैमाने पर कच्चे तेल खरीदने की वजह से जो व्यापार असंतुलन बना है, उसे दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। पुतिन ने कहा कि भारत चाहे तो व्यापार असंतुलन को ठीक करने के लिए रूस से और ज्यादा कृषि उत्पाद और दवाइयां खरीद सकता है। अपने भाषण में पुतिन ने अमेरिका पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि भारत जैसे देशों पर रूसी ऊर्जा न खरीदने का दबाव डालता है, जबकि खुद यूरेनियम के लिए रूस पर निर्भर है। पुतिन ने कहा कि रूस, अमेरिका को यूरेनियम देना जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका हमसे यह इसलिए खरीदता है क्योंकि इसमें उसका फायदा है। पुतिन ने कहा कि यूरोपीय संघ के नेता अपने देश की समस्याएं ठीक करने के बजाय लोगों में दहशत फैला रहे हैं और युद्ध का डर दिखा रहे हैं। वे बार-बार अपने लोगों से कहते रहते हैं कि रूस नाटो देशों पर हमला करने वाला है।

### दिसम्बर में चार साल बाद पुतिन भारत आएंगे

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिसम्बर की शुरुआत में शिखर वार्ता के लिए भारत आएंगे। पुतिन के इस दौरे में कुछ महत्वपूर्ण समझौतों के होने की उम्मीद है। उनका भारत का यह दौरा करीब चार साल बाद हो रहा है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने गुरुवार को संवाददाताओं को बताया कि पुतिन की भारत यात्रा की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। उन्होंने कहा कि वह भारत में होंगे। सचमुच, हम तैयारी कर रहे हैं। यह नए साल से पहले होगा। पेस्कोव ने भारत के साथ रूस के रिश्ते पर कहा कि भारत के रूस के साथ विशेष संबंध हैं और रूस इन्हें बहुत महत्व देता है। उल्लेखनीय है कि भारत और रूस के बीच दिसम्बर में होने वाली यह 23वीं द्विपक्षीय शिखर वार्ता होगी। इ



बोगो। फिलीपींस के सेबू प्रांत में आए भूकंप के बाद प्रभावित हुए इलाकों में डर की वजह से लोग अपनों घरों के बाहर ही रह रहे हैं।

# फिलीपींस भूकंप से मरने वालों की संख्या 68 हुई

■ भूकंप के झटकों से डोलने से 80595 परिवार यानि की 366360 लोग प्रभावित हुए

**मनिला।** फिलीपींस में आए शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों की संख्या 68 तक पहुंच गई और घायलों की संख्या बढ़कर 559 पहुंच गई है।

राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन परिषद (एनडीआरआरएमसी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एनडीआरआरएमसी की कार्यान्वयन शाखा, नागरिक सुरक्षा कार्यालय (ओसीडी) ने कहा कि ये मरने वालों की संख्या आंतरिक और स्थानीय सरकार विभाग के मृत और लापता (एमडीएम) क्लस्टर के प्रबंधन पर आधारित थी। नागरिक सुरक्षा संचार एवं वकालत प्रभाग के प्रभारी अधिकारी डिएगो मारियानो ने कहा कि एमडीएम वह स्थान है जहां मृतकों की संख्या पर विशेष नजर रखी जाती है। मारियानो ने कहा कि कृपया यह ध्यान रखें कि एमडीएम का सत्यापन होने के बाद ही आंकड़े जारी करें हैं। एनडीआरआरएमसी ने कहा कि सेबू प्रांत के भूकंप के झटकों से डोलने से 80595 परिवार यानि की 366360 लोग प्रभावित हुए हैं।

इस भूकंप का केंद्र बोगो शहर में था। एनडीआरआरएमसी ने बताया कि इस भूकंप से 5013 घरों और 335 बुनियादी ढांचों को नुकसान पहुंचा है। फिलीपींस ज्वालामुखी एवं भूकंप विज्ञान संस्थान ने बताया कि मंगलवार को रिक्टर पैमाने पर 6.9 तीव्रता का भूकंप आने के बाद शुक्रवार सुबह आठ बजे तक एक से पांच तीव्रता तक के अभी तक 3952 झटके महसूस किए गए हैं।

# वियतनाम में चक्रवाती तूफान के चलते 51 लोगों की मौत

■ इसके अलावा 14 लोग लापता हो गए तथा 164 लोग घायल हुए

**हनोई।** वियतनाम में चक्रवाती तूफान बुआलोई और उसके बाद आई बाढ़ और भूस्खलन से उत्तरी और मध्य वियतनाम में 51 लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य लापता हो गए तथा 164 घायल हुए हैं। वियतनाम आपदा एवं डाइक प्रबंधन प्राधिकरण ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

प्राधिकरण के मुताबिक शुरूआती तौर पर आर्थिक नुकसान लगभग 15.9 ट्रिलियन वियतनामी डोंग (लगभग 60.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर) होने का अनुमान है। तूफान के कारण 238,000 से अधिक घर क्षतिग्रस्त या जलमग्न हुए हैं, लगभग 89000 हेक्टेयर में फैसरा धान और अन्य फसलें जलमग्न हो गई हैं और 17000 हेक्टेयर से अधिक जलीय कृषि और लगभग 50300 हेक्टेयर जंगलों को नुकसान पहुंचाया। रिपोर्ट के अनुसार, तूफान के कारण बुनियादी ढांचे को भी काफी नुकसान पहुंचा है। देश में 8800 से अधिक बिजली के खंभे गिर गए और लगभग 468500 घरों में अभी भी बिजली नहीं है, जबकि लगभग 1500 स्कूल क्षतिग्रस्त हुए हैं। स्थानीय अधिकारी राहत कार्य जारी रखे हुए हैं, अवरुद्ध सड़कों को साफ करने, आवश्यक सेवाओं को बहाल करने और प्रभावित समुदायों की सहायता के लिए उपकरण जुटा रहे हैं।

### शराब के कारण प्रतिवर्ष लगभग 22000 श्रीलंकाई लोगों की होती है मौत

**कोलम्बो।** राष्ट्रीय तम्बाकू एवं मद्य निषेध प्राधिकरण ने बताया कि शराब का सेवन से प्रतिवर्ष लगभग 22000 श्रीलंकाई लोगों मौत होती है। श्रीलंका में विश्व संयम दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय तम्बाकू एवं मद्द निषेध प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. आनंद रत्नायके ने मीडिया से बात करते हुए चेतावनी जारी की कि देश में शराब का सेवन लोगों के लिए एक बड़ा खतरा बनता जा रहा है। देश की 21 प्रतिशत आबादी शराब का सेवन करती है। शराब के सेवन के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से देशभर में कई राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों के साथ विश्व संयम दिवस मनाया जा रहा है।

# अब मोरक्को में जेन-जी का गुस्सा भड़का

## कहा: हॉस्पिटल नहीं और वर्ल्ड कप पर 10 अरब डॉलर फूंक रहे, तीन की मौत, 1000 गिरफ्तार



1000 से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए व 354 लोग घायल हुए

**रबात।** उत्तरी अफ्रीकी देश मोरक्को में स्वास्थ्य और शिक्षा सुधारों की मांग को लेकर भड़का जेन-जी आंदोलन हिंसक हो गया। राजधानी रबात में प्रदर्शनकारियों ने बैंक फूंक दी। कई दुकानों-गाड़ियों में तोड़फोड़ की। आगादिर शहर में पुलिस की गोली से 3 युवाओं की मौत हो गई।

वहीं एक हजार से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए। 354 लोग घायल हुए हैं, जिनमें अधिकतर सुरक्षाकर्मी हैं। मंत्रालय के मुताबिक, लगभग 70 प्रतिशत प्रदर्शनकारी नाबालिग थे। मोरक्को की सरकार 2030 फीफा वर्ल्ड कप और अफ्रीका कप ऑफ नेशंस के लिए 10 अरब डालर (करीब 8.8 लाख करोड़ रुपये) खर्च कर रही है। जबकि देश में सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं की भारी कमी है। मोरक्को के कासाब्लांका में युवा बेहतर स्कूल और हॉस्पिटल जैसी सुविधाओं की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने नारा लगाया- स्टेडियम तो हैं, लेकिन अस्पताल कहां हैं? युवाओं के नेतृत्व वाले इस विरोध आंदोलन को जेन-जी 212 कहा जा रहा है। 212 मोरक्को के इंटरनेशनल टेलीफोन डायलिंग कोड है। विदेश से मोरक्को में किसी को काल करने पर नंबर के पहले +212 लगाते हैं। नेपाल की तरह भी मोरक्को में भी विरोध प्रदर्शन करने वाले युवाओं का कोई लीडर नहीं है। लोग सोशल मीडिया के जरिए से रैली कर रहे हैं। मोरक्को में बेरोजगारी दर 12.8 प्रतिशत है, जिसमें युवा बेरोज़गारी 35.8 प्रतिशत और स्नातकों में 19 प्रतिशत तक पहुंच गई है। मोरक्को में 1430 लोगों पर एक डाक्टर है, जो दुनिया के औसत (590) से ढाई गुना कम है। आगादिर के हसन-2 हॉस्पिटल में 8 महिलाओं मौत हो गई। इसे 'डेथ हॉस्पिटल' कहा जा रहा है। यह आंदोलन सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे टिकटाक और डिस्कार्ड पर शुरू हुआ था। पिछले रविवार को प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी के बाद इसे और समर्थन मिलने लगा। गिरफ्तार हुए लोगों में मोरक्को के स्टार गोलकीपर यासीन बौनू और प्रसिद्ध रैपर एल ग्रांडे टोटो भी शामिल हैं।

## POK में पाक सेना की बर्बरता पर बोले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल

# पाक को मानवाधिकार उल्लंघनों का जिम्मेदार ठहराया जाए



■ पाकिस्तान को उसके भयावह मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में कई दिनों से जारी विरोध प्रदर्शनों पर भारत ने प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में कहा कि हमने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में विरोध प्रदर्शनों की खबरें देखी हैं, जिनमें पाकिस्तानी सेना की तरफ से निर्दोष नागरिकों पर की गई बर्बरता भी शामिल है।

हमारा मानना है कि यह पाकिस्तान के दमनकारी रवैये और इन इलाकों से संसाधनों की व्यवस्थित लूट का स्वाभाविक परिणाम है, जो उसके जबरन और अवैध कब्जे में हैं। पाकिस्तान को उसके भयावह मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। वहीं कनाडा के साथ सुरक्षा सहयोग को लेकर किए गए सवाल पर उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने 18 दिसम्बर को कनाडा की नेशनल सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस एडवाइजर नथाली डूइन से मुलाकात की। दोनों पक्षों ने आतंकवाद, अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध और खुफिया सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा की। यह बैठक काफी सकारात्मक रही और सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति बनी। इस दौरान रणधीर जायसवाल ने बांग्लादेश के गृह सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी के भारत पर लगाए आरोपों पर कहा कि ये पूरी तरह झूठे और बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार कानून-व्यवस्था संभालने में नाकाम रही है और अपनी नाकामी छिपाने के लिए दूसरों पर दोष मढ़ रही है। बेहतर होगा कि वे आत्मचिंतन करें और चिटगांव हिल ट्रैक्ट्स में अल्पसंख्यकों पर हमलों व कब्जों की जांच कराएं। अपने साप्ताहिक प्रेस वार्ता में रणधीर जायसवाल ने बताया कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी को 9 से 16 अक्टूबर तक नई दिल्ली आने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की ओर से यात्रा की अनुमति मिली है। इस पर मंत्रालय आगे भी जानकारी साझा करेगा। रणधीर जायसवाल ने इस दौरान कहा कि भारत और चीन के बीच सीधी हवाई सेवाएं फिर से शुरू करने पर वाणिज्यिक गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं।

### इजरायल ने ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला के आखिरी जहाज को भी रोका

**यरूशलम।** इजरायल ने गाजा पट्टी की ओर जा रहे 'ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला' के आखिरी समुद्री जहाज को भी रोक लिया है। अल जजीरा ने बताया कि पोलैंड का मैरिनेट जहाज सुमुद फ्लोटिला का आखिरी जहाज था, जिसे शुक्रवार सुबह इजरायली नौसेना ने गाजा से 43 समुद्री मील दूर रोक लिया। उल्लेखनीय है कि ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला 44 जहाजों का काफिला है, जो लगभग 40 देशों के 500 से अधिक नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं को लेकर गाजा पट्टी की ओर बढ़ रहा था। इनका उद्देश्य इजरायल द्वारा गाजा की नाकेबंदी को तोड़ना था और गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाना था।

# मेक्सिको के नागरिकों को तत्काल रिहा करे इजरायल: शीनबाम

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने गुरुवार को इजरायल के अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिए गए छह मैक्सिकन नागरिकों की तत्काल रिहा करने की अपील की। इन अधिकारियों को गाजा में सहायता पहुंचाने की कोशिश कर रहे एक बेड़े को रोकने के बाद इजरायल के अधिकारियों ने हिरासत में ले लिया था।

सुशीनबाम ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान छह मैक्सिकन नागरिकों को इजरायल के अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिए जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्हें अशदोद बंदरगाह में रखा गया है। ग्लोबल सुमुद फ्लोटिला पर सवार हिरासत में लिए गए कार्यकर्ताओं को अभी तक राजनयिक सहायता नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि इज़रायली अधिकारियों ने कहा है कि वे उन्हें एक हिरासत केंद्र में ले जा रहे हैं। मैक्सिकन वाणिज्य दूतावास ज़रूरत पड़ने पर हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए वहां तैयार है। उन्होंने कहा कि फलस्तीनियों तक मानवीय सहायता पहुंचे और गाजा के खिलाफ इस आक्रमण को रोका जाए। मेक्सिको के विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेश मंत्रालय इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर तुरंत कार्रवाई जारी रखेगा। हिरासत में लिए गए हमवतन लोगों के अधिकारों को सुनिश्चित करेगा और सभी संभव कानूनी और राजनयिक तरीकों से उनकी शीघ्र वापसी की मांग करेगा।

# POJK में गुस्साई भीड़ ने पुलिस की गाड़ियों में लगाई आग

■ इस मामले में स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है

**मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों की कार्रवाई से गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की गाड़ियों और बुलडोज़र को आग के हवाले कर दिया है।

इलाके में तनाव घटाने को लेकर पाकिस्तान सरकार और जम्मू-कश्मीर अवामी एक्शन कमेटी (जेकेएएसी) के बीच बातचीत के कल शुरू होने के बावजूद, पीओजेके में भारी अशांति देखी गई। यह तनाव सुरक्षा बलों की गोलीबारी में स्थानीय नागरिकों के मारे जाने के बाद और बढ़ गया था। पीओजेके के सेहंसा इलाके में प्रदर्शनकारियों ने हाल ही में हुई नागरिकों की मौतों के प्रतिशोध में सरकारी संपत्ति को निशाना बनाया और पुलिस वाहनों और बुलडोज़रों में आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों ने अरजा पुल पर नाकाबंदी कर दी है, जिससे आवाजाही में खासी परेशानी हुई है। इसके अलावा कोटली शहर में पूर्ण बंद रहा और राज्य सरकार की कार्रवाई के कड़े विरोध में व्यवसाय और परिवहन ठप रहे। बातचीत की पहल होने के बाद भी आज़ाद पट्टन और पलंदरी सहित प्रमुख क्षेत्रों में प्रदर्शनों का सिलसिला नहीं रुका। इस मामले में स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है।

# लानत: पाक पुलिस ने प्रेस क्लब में पत्रकारों को पीटा


## POK में हिंसा को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे, गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने दिए जांच के आदेश



■ इस घटना से जुड़े कई वीडियो वायरल हुए जिनमें पुलिस पत्रकारों पर लाठियां चला रही है

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में इस्लामाबाद के प्रेस क्लब पर पुलिस ने अचानक छापा मारा और वहां प्रदर्शन कर रहे पत्रकारों और लोगों पर हमला किया।

यह प्रदर्शन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में अत्याचारों और इंटरनेट ब्लैकआउट के खिलाफ हो रहा था। इस घटना के बाद पूरे पाकिस्तान में नाराजगी जाहिर की गई। गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं। इस घटना से जुड़े कई वीडियो वायरल हैं जिनमें पुलिस पत्रकारों पर लाठियां चला रहे हैं। इस बीच पुलिस का कहना है कि उन्होंने पत्रकारों को गलती से निशाना बनाया। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह तब हुआ जब पीओके की स्थिति को लेकर प्रेस क्लब के बाहर विरोध प्रदर्शन को खत्म कराने के लिए पुलिस पहुंची। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प शुरू हो गई। कुछ प्रदर्शनकारी भाग कर प्रेस क्लब में घुस गए। पुलिस उनका पीछा करती हुई प्रेस क्लब के अंदर चली गई। अंदर पुलिस ने लाठीचार्ज शुरू किया और पत्रकारों ने जब मोबाइल और कैमरे से रिकार्ड करने की कोशिश की, तो उन्हें भी पीटा गया। प्रेस क्लब के कम से कम दो फोटोग्राफर और तीन कर्मचारी घायल हुए। कई पत्रकारों के कैमरे और मोबाइल तोड़ दिए गए। पुलिस हमले के वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद व्यापक आक्रोश फैल गया। वरिष्ठ पत्रकारों ने इसे प्रेस की स्वतंत्रता पर सीधा हमला करार दिया। गृह मंत्री ने घटना की जांच का आदेश दिया। नकवी ने यह भी कहा कि पत्रकारों पर हिंसा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं होगी और इसमें शामिल पुलिसकर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। गृह राज्य मंत्री तलाल चौधरी प्रेस क्लब पहुंचे और पत्रकारों से माफी मांगी। चौधरी ने कहा कि कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस से बदसलूकी की थी और पुलिस उन्हें पकड़ने के लिए क्लब के भीतर चली गई, लेकिन वहां पत्रकारों के साथ झड़प हो गई। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि आपकी आवाजें ही हमें जनता तक पहुंचाती हैं, हम बोलने की आजादी के समर्थक हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108